राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 122
लखनऊ, गुरुवार 19 दिसंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार सहित सात आईएएस बनेंगे प्रमुख सचिव 03

उत्तराखंड में जनवरी से लागू होगी समान नागरिक संहिता : धामी 12


## महाकुंभ के दौरान ट्रेनों में मुफ्त यात्रा का प्रावधान नहीं : रेलवे

एजेंसी



**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने अगले साल जनवरी माह में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं को ट्रेनों में मुफ्त यात्रा संबंधी खबरों का खंडन किया है। रेलवे ने कहा है कि महाकुंभ या किसी अन्य अवसर के दौरान मुफ्त यात्रा का कोई प्रावधान नहीं है।

रेल मंत्रालय ने महाकुंभ मेले के दौरान मुफ्त यात्रा के बारे में भ्रामक रिपोर्टों पर स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि भारतीय रेलवे के संज्ञान में आया है कि कुछ मीडिया आउटलेट ऐसी रिपोर्ट प्रसारित कर रहे हैं, जिनमें दावा किया जा रहा है कि महाकुंभ मेले के दौरान यात्रियों को मुफ्त यात्रा की अनुमति दी जाएगी। रेल मंत्रालय ने बयान में ऐसी खबरों को पूरी तरह गलत बताते हुए कहा, भारतीय रेलवे इन रिपोर्टों का स्पष्ट रूप से खंडन करता है, क्योंकि ये पूरी तरह से निराधार और भ्रामक हैं।

## नौसेना को मिला आईएनएस निर्देशक, हिंद महासागर क्षेत्र में भारत होगा मजबूत

### पोत के निर्माण में 80 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल, अत्याधुनिक हाइड्रोग्राफिक तथा समुद्र विज्ञान सर्वेक्षण उपकरणों से लैस है पोत

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना को आज सर्वेक्षण पोत निर्देशक मिल गया, जो हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की सामरिक उपस्थिति को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

जीआरएसई कोलकाता में निर्मित इस पोत में 80 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री इस्तेमाल की गयी है, जिससे जहाज के डिजाइन और निर्माण में भारत के आत्मनिर्भर होने की पुष्टि होती है। लगभग 3800 टन भार वाला 110 मीटर लंबा यह जहाज दो डीजल इंजनों से संचालित है और अत्याधुनिक हाइड्रोग्राफिक तथा समुद्र विज्ञान सर्वेक्षण उपकरणों से लैस है। विशाखापत्तनम स्थित नौसेना डॉकयार्ड में बुधवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की मौजूदगी में नौसेना में शामिल किये गए सर्वेक्षण पोत निर्देशक का यह एक तरह पुनर्जन्म है, क्योंकि पूर्ववर्ती निर्देशक की 32 वर्षों तक भारतीय नौसेना में विशिष्ट सेवाएं देने के बाद 19 दिसंबर, 2014 को विदाई दे दी गई थी। अब सर्वेक्षण पोत (वृहद) परियोजना का दूसरा जहाज निर्देशक जल सर्वेक्षण करने, नौवहन में सहायता करने और समुद्री परिचालन में सहायता करने के लिए तैयार किया गया है।

### इको साउंडर्स, सोनार जैसी प्रणालियों से लैस पोत भारत की समुद्री क्षमताओं को देगा बढ़ावा

प्रोजेक्ट का पहला जहाज संध्याक 05 दिसंबर, 21 को कोलकाता में लॉन्च किया गया था। एसवीएल के चार जहाजों में से तीन का निर्माण गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) के सहयोग से लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के कट्टुपल्ली कारखाने में किया जा रहा है। यह उन्नत पोत मल्टी-बीम इको साउंडर्स, साइड स्कैन सोनार और आरओवी जैसी अत्याधुनिक हाइड्रोग्राफिक प्रणालियों से लैस है। यह हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण, नेविगेशन, गहरे समुद्र में संचालन और पर्यावरण अध्ययन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे भारत की समुद्री क्षमताओं को बढ़ावा मिलेगा। विशाखापत्तनम स्थित नौसेना डॉकयार्ड में आज हुए कमीशनिंग समारोह का आयोजन पूर्वी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ ने किया। आईएनएस निर्देशक समुद्र में 25 दिनों से अधिक समय तक टिके रहने और 18 नॉटिकल मील प्रति घंटा की अधिकतम गति के साथ भारत की समुद्री क्षमताओं को बढ़ाने के लिए तैयार है। यह देश के जलक्षेत्र का मानचित्रण करने और विदेशी सहयोग सर्वेक्षणों के माध्यम से हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की सामरिक उपस्थिति को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस सर्वेक्षण पोत को नौसेना में शामिल किया जाना भारत के हाइड्रोग्राफिक बेड़े के आधुनिकीकरण में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## संक्षिप्त समाचार

### चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर संग्रह 20.32 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में 17 दिसंबर 2024 तक प्रत्यक्ष कर संग्रह 1921508 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में संग्रहित 1596932 करोड़ रुपये की तुलना में 20.32 प्रतिशत अधिक है। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा आज यहां जारी आंकड़ों के अनुसार 17 दिसंबर तक कुल 338924 करोड़ रुपये का रिफंड किया गया है और इस तरह शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह इस अवधि में 1582584 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में संग्रहित शुद्ध प्रत्यक्ष कर 1359067 करोड़ रुपये की तुलना में 16.45 प्रतिशत अधिक है।

### देश में 10 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें निर्माणाधीन : अश्विनी वैष्णव

नई दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा को बताया कि वर्तमान में देश में लंबी और मध्यम दूरी की यात्रा के लिए 10 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों का निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि पहला प्रोटोटाइप निर्मित हो चुका है और इसका फील्ड ट्रायल किया जाएगा। रेल मंत्री ने लोकसभा में एक वक्तव्य में कहा कि इसके अलावा 200 वंदे भारत स्लीपर रेक के निर्माण का काम भी प्रौद्योगिकी भागीदारों को सौंपा गया है। ट्रेन के रोलआउट की समय-सीमा परीक्षणों के सफल समापन पर निर्भर है। 2 दिसंबर तक, देश भर में छोटी और मध्यम दूरी की यात्रा के लिए भारतीय रेलवे के ब्रॉड गेज विद्युतीकृत नेटवर्क पर 136 वंदे भारत ट्रेन सेवाएं चालू हैं। वैष्णव ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि भारतीय रेलवे की उत्पादन इकाइयां अप्रैल 2018 से केवल एलएचबी कोच का उत्पादन कर रही हैं।

### वन नेशन-वन इलेक्शन : जेपीसी में प्रियंका, पात्रा, सुले, बनर्जी शामिल

नई दिल्ली। एक देश, एक चुनाव के लिए संसद में मंगलवार को पेश हुए 129 वें संविधान (संशोधन) बिल की समीक्षा के लिए बनने वाली जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी में शामिल सभी लोकसभा सांसदों के नामों का ऐलान हो गया है। लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 सांसदों को इस जेपीसी के लिए चुना गया है। कांग्रेस की तरफ से प्रियंका गांधी वाड्रा, मनीष तिवारी और सुखदेव भगत सिंह को शामिल किया गया है। भाजपा की तरफ से बांसुरी स्वराज, संबित पात्रा और अनुराग सिंह ठाकुर समेत 10 सांसद हैं जबकि तृणमूल कांग्रेस से कल्याण बनर्जी। इस समिति को अगले सत्र के आखिरी हफ्ते के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट पेश करनी होगी। हालांकि राज्यसभा की तरफ से इस जेपीसी के लिए 10 सांसदों के नामों की घोषणा जल्द की जाएगी।

### 60 साल से अधिक के बुजुर्गों का होगा मुफ्त इलाज : केजरीवाल

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में एक और योजना का ऐलान करते हुए दिल्ली के बुजुर्गों को संजीवनी दी है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि संजीवनी योजना के तहत दिल्ली के 60 साल उम्र से अधिक के सभी बुजुर्गों का दिल्ली के किसी भी अस्पताल में मुफ्त इलाज किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि दिल्ली के हमारे सभी बुजुर्गों के लिए खुशखबरी है। दिल्ली में 60 साल से ज्यादा उम्र के सभी नागरिकों का इलाज मुफ्त होगा। ये केजरीवाल की गारंटी है। केजरीवाल ने कहा कि बुजुर्गों ने ही परिवार को अच्छी शिक्षा दीक्षा देकर इस काबिल बनाया है।

## यूपी में खुलेंगे विदेशी विश्वविद्यालय

### ऐतिहासिक कदम : उत्तर प्रदेश विधानसभा ने उच्च शिक्षा क्षेत्र में बड़े बदलाव लाने वाले चार विधेयकों को किया पारित

**विदेशी विश्वविद्यालय आने से प्रदेश के छात्रों को सस्ती मिलेगी उच्च स्तरीय शिक्षा**

समृद्धि न्यूज



**किसी भी अन्य राज्य में रजिस्टर्ड संस्थाएं कंपनियां, ट्रस्ट यूपी में निजी विवि खोलने के लिए होंगे अर्ह**

**लखनऊ ।** उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधानसभा ने उच्च शिक्षा क्षेत्र में बड़े बदलाव लाने वाले चार विधेयकों को पारित कर दिया है। इन विधेयकों के तहत राज्य में तीन नए निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना और विदेशी विश्वविद्यालय परिसरों के लिए मार्ग प्रशस्त किया गया है। यह पहल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश को शैक्षिक हब बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उच्च शिक्षा क्षेत्र में यह सुधार राज्य की छवि को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करेगा। नए विश्वविद्यालयों और विदेशी परिसरों के माध्यम से छात्रों को उनके गृह राज्य में ही विश्व स्तरीय शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। विदेशी विश्वविद्यालय के आने से प्रदेश के छात्रों को अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा, उन्हें उच्च स्तरीय शिक्षा अपने प्रदेश में ही अब सस्ती और सहज मिलेगी।

अभी तक उत्तर प्रदेश में ही रजिस्टर्ड संस्थायें विश्वविद्यालय स्थापित कर सकती थी परन्तु अब इस नये संशोधन विधेयक द्वारा किसी भी अन्य राज्य में रजिस्टर्ड संस्थायें, कम्पनियाँ, ट्रस्ट जिनका ट्रैक रिकार्ड भी अच्छा हो, उत्तर प्रदेश में निजी विश्वविद्यालय खोलने के लिए अर्ह होगें। यदि यूजीसी द्वारा विदेशी विश्वविद्यालय जिनको उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता दी जाती है तो ऐसी संस्थाये भी उत्तर प्रदेश में विश्वविद्यालय स्थापित कर सकेगी।यह विधेयक प्रदेश के छात्रों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेंगे। योगी सरकार की यह पहल उत्तर प्रदेश को शैक्षिक उत्कृष्टता का केंद्र बनाने के साथ-साथ स्थानीय और वैश्विक स्तर पर रोजगार और शोध के अवसरों को भी बढ़ावा देगी। उन्होंने कहा कि यह बदलाव केवल नए विश्वविद्यालयों तक सीमित नहीं है, बल्कि राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और इसे अंतरराष्ट्रीय मानकों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में उच्च शिक्षा को सुलभ और उन्नत बनाने के लिए उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 12 सन् 2019 में संशोधन किया गया है। इसके तहत विद्या विश्वविद्यालय मेरठ, विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर तथा चंडीगढ़ विश्वविद्यालय उन्नाव नए विश्वविद्यालयों की स्थापना का निर्णय लिया गया है। इन विश्वविद्यालयों की स्थापना से न केवल छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, बल्कि क्षेत्रीय विकास और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।प्रदेश में वैश्विक स्तर की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019, जिसे आगे मूल अधिनियम कहा गया है, में, धारा 2 के खण्ड (क) में उप खण्ड (तीन) के पश्चात उप खण्ड बढ़ा दिया जायेगा अर्थात (चार) अन्य राज्यों के अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत किसी सोसाइटी अथवा सार्वजनिक न्यास अथवा किसी कम्पनी से है। अधिनियम की धारा 2 और धारा 7 (क) में संशोधन किया गया है। यह संशोधन विदेशी विश्वविद्यालयों को उत्तर प्रदेश में अपने परिसर स्थापित करने की अनुमति प्रदान करता है। इस प्रावधान को लागू करने के लिए राज्यपाल द्वारा 14 नवंबर को उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय नौवां संशोधन अध्यादेश जारी किया गया था, जिसे अब विधानसभा ने स्वीकृति दे दी है।

### यूपी के विधायकों को जल्द मिलेगी टोल टैक्स से मुक्ति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विधायकों को राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करते समय टोल टैक्स के झंझट से मुक्ति मिलने जा रही है। उन्हें टोल से छूट के लिए न तो पहचान बतानी होगी और न ही उन्हें अपना आईकार्ड, पहचान पत्र या कोई पास दिखाना नहीं पड़ेगा। उनकी गाड़ियों पर अब मुफ्त फास्ट टैग लगाया जाएगा, जिसके बाद वो नेशनल हाईवे पर फर्राटा भरते हुए निकल सकेंगे। यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने यूपी विधान परिषद में सरकार की ओर विधायकों को ये आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा प्रदेश में जितने विधायक है उनकी गाड़ियों पर जल्द ही फ्री फास्ट टैग लगाया जाएगा, जिससे वो टोल टैक्स पर बिना पास दिखाए ही सफर कर सकेंगे। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को पत्र लिखेंगे और यूपी के विधायकों को ये सुविधा दिलाएंगे।

## एलिफेंटा जा रही बोट डूबी, चार नौसेना कर्मियों समेत 14 की मौत

एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया से एलिफेंटा जा रही नीलकमल बोट बीच समुद्र में डूब गई। 80 लोगों की क्षमता वाली बोट में 100 से ज्यादा यात्री सवार थे, जिसमें से 14 लोगों की मौत हो गई है। 101 लोगों का रेस्क्यू किया जा चुका है। हादसा उरण के पास बुधवार शाम करीब 3.55 बजे हुआ। मुंबई से एलिफेंटा गुफाओं की ओर जाते समय अरब सागर में बुचर द्वीप के पास नौसेना की गश्ती स्पीड बोट ने नाव को टक्कर मार दी। इससे नाव में पानी भर गया और वह डूब गई।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 8.25 बजे विधानसभा में जानकारी दी कि मरने वाले 13 लोगों में से 10 आम लोग हैं जबकि 4 नेवी के कर्मचारी हैं। रेस्क्यू किए गए लोगों को छह अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। दो लोगों की हालत गंभीर है। राज्य सरकार सभी मृतकों के परिजन को 5 लाख रुपए की सहायता राशि देगी। पुलिस और नेवी मिलकर हादसे की जांच करेगी।

### कैप्टन स्पीडबोट पर नियंत्रण खो बैठा : नेवी

नौसेना ने एक्स पोस्ट कर बताया कि नौसेना का जहाज इंजन ट्रायल पर था। कैप्टन उस पर से नियंत्रण खो बैठा और जहाज नीलकमल बोट से टकरा गया। चार नेवी हेलीकॉप्टर, 11 नेवी जहाज, एक कोस्ट गार्ड बोट और तीन समुद्री पुलिस बोट रेस्क्यू में जुटे। नेवी और सिविल जहाजों ने 99 लोगों का रेस्क्यू करके अस्पतालों में पहुंचाया। हादसे में 13 लोगों की जान गई है। इनमें एक नेवी कर्मी और दो ओईएम (ऑरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर) के लोग शामिल हैं।

जानकारी के मुताबिक, नौसेना, जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट, तटरक्षक बल, यलोगेट पुलिस स्टेशन 3 और स्थानीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं की मदद से राहत और बचाव कार्य को अंजाम दिया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन में नौसेना की 11 बोट, मरीन पुलिस की 3 बोट और कोस्ट गार्ड की 1 बोट लगी। 4 हेलीकॉप्टर भी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे। यात्रियों को गेटवे ऑफ इंडिया वापस लाया गया। जहां से उन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

### श्री माता वैष्णो देवी ट्रैक की दुकानें व कटरा पूरी तरह से रहा बंद

**कटरा।** ताराकोट से सांझीशत तक लगने वाले रोपवे के विरोध में 15 दिसंबर को श्री माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति द्वारा 18 दिसंबर को कटरा बंद की घोषणा की गई थी जिसको लेकर बुधवार को श्री माता वैष्णो देवी मार्ग पर घोड़े, पिट्ठू तथा पालकी का काम करने वाले मजदूरों ने श्री माता वैष्णो देवी पुराना दरूड़ के दुकानदारों के साथ ही कटरा के होटल, गेस्ट हाउस व दुकानदारों ने व्यापार बंद रख कर हड़ताल का समर्थन किया। सभी व्यापारी वर्ग के लोग कटरा के शालीमार पार्क में सुबह एकत्रित हुए और हजारों की तादाद में लोग जुलूस के रूप में कटरा के मुख्य बाजार से होते हुए मुख्य बस अड्डे से होते हुए जम्मू कटरा मार्ग एशिया चौक पर मार्ग में बैठकर रोपवे का विरोध करते हुए श्राइन बोर्ड के खिलाफ काफी समय तक प्रदर्शन करते रहे।

## कोहरे के कारण एनएच-91 पर आपस में टकराए 12 वाहन, कई लोग घायल

समृद्धि न्यूज

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में नेशनल हाईवे 91 पर घने कोहरे के कारण बड़ा सड़क हादसा हो गया। दिल्ली-बदायूं हाईवे पर खुर्जा के पास मधुसूदन डेरी के पास यह हादसा हुआ जिसमें 10 से अधिक वाहन आपस में टकरा गए। इस घटना में करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए।

घटना आज सुबह घने कोहरे के कारण हुई। हाईवे पर सबसे पहले रोडवेज बस और सिलेंडर से भरे एक ट्रक की टक्कर हुई। इसके बाद पीछे से आ रही अन्य गाड़ियां भी आपस में टकरा गईं। देखते ही देखते 10 से अधिक वाहन एक के बाद एक भिड़ गए। इस हादसे में करीब दो दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल रेस्क्यू अभियान शुरू किया और घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया। कुछ लोग मामूली चोटों के साथ घटनास्थल से ही अपने घर चले गए। हादसे के कारण हाईवे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाया और जाम को खुलवाया। अब हाईवे पर यातायात सामान्य हो चुका है। स्थानीय निवासी राकेश ने बताया कि घने कोहरे के कारण ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगाया जिसके चलते यह हादसा हुआ। कोहरा इतना घना था कि सामने कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था और वाहन चालक अपना संतुलन खो बैठे। खुर्जा थाना प्रभारी ने जानकारी दी कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायलों को तुरंत अस्पताल भिजवाया गया और ट्रैफिक को सुचारु करने के लिए तेजी से काम किया गया।

### जम्मू-कश्मीर में दम घुटने से सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक समेत छह की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में एक घर में रहस्यमयी परिस्थितियों में आग लगने से पूर्व पुलिस उपाधीक्षक समेत छह लोगों की दम घुटने से मौत हो गयी और चार अन्य बेहोश हो गये। पुलिस ने बुधवार को यहां बताया कि कठुआ के शिव नगर इलाके में सेवानिवृत्त डीएसपी अवतार कृष्ण (81) के घर में कल रात रहस्यमयी परिस्थितियों में आग लग गई। पुलिस ने कहा, दम घुटने से छह लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य बेहोश हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। कठुआ के सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि मौत का कारण प्रत्यक्ष तौर पर दम घुटना है। मृतकों में चार नाबालिग भी शामिल हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कांग्रेस नेता के घर ईडी को 4.5 करोड़ कैश मिला

एजेंसी

**इंदौर।** स्थानीय कांग्रेस नेता गोलू (विशाल) अग्निहोत्री के घर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई तीसरे दिन बुधवार को भी जारी रही है। कांग्रेस नेता अग्निहोत्री के अलावा इंदौर के विपुल अग्रवाल और तरुण श्रीवास्तव सहित 24 स्थानों पर भी ईडी की टीमें कार्रवाई कर रही हैं। अब तक लगभग 4.5 करोड़ रुपये नकद और सोने-चांदी और अन्य मूल्यवान वस्तुएं जब्त की हैं जिनकी कीमत का आकलन किया जा रहा है।

दरअसल, कांग्रेस नेता गोलू अग्निहोत्री क्रिकेट सट्टा और डब्बा कारोबार के साथ मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जांच के घेरे में हैं। वह रविवार की रात ही दुबई से लौटे थे। ईडी के अधिकारियों ने मुंबई एयरपोर्ट पर गोलू को हिरासत में लिया था। इसके बाद सोमवार सुबह गोलू के घर पर ईडी की टीम ओ छापा मारा। ईडी ने इस कार्रवाई की स्थानीय पुलिस को भनक तक नहीं लगने दी। गोलू अग्निहोत्री के घर पर लगातार तीसरे दिन भी कार्रवाई चल रही है। कांग्रेस नेता के घर पर सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ के जवान भी तैनात किए गए हैं। फिलहाल अग्निहोत्री ईडी की हिरासत में हैं। ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर प्रियांकुश की टीम गोलू अग्निहोत्री से जुड़े तरुण राजेंद्र श्रीवास्तव के घर सिंगापुर टाउनशिप में भी सर्चिंग कर रही है। तरुण के विरुद्ध फेमा, क्रॉस बार्डर इंटरनेशनल कनेक्शन, हवाला, बैटिंग और डिब्बा कारोबार की जांच चल रही है।

### बिहार के तीन जिलों में एनआईए की छापेमारी




**पटना।** बिहार के मुजफ्फरपुर में लगभग आठ महीने पहले एके-47 हथियार की बरामदगी मामले में आज सुबह से करीब दस घंटे तक राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने छपरा, वैशाली और मुजफ्फरपुर में छापेमारी की। मुजफ्फरपुर के कुढ़नी प्रखंड के मनकौली में मुखिया नंदकिशोर यादव उर्फ भोला राय के घर एनआईए की टीम ने छापेमारी की। एनआईए की टीम सुबह पांच बजे कुढ़नी के मुखिया नन्द किशोर यादव उर्फ भोला राय के आवास पर पहुंची। हाल ही में मनकौली गांव के श्मशान से एक एके-47 बरामद हुई थी, जिसमें मुखिया भोला राय के बेटे देवमुनी की गिरफ़्तारी हुई थी। एनआईए की दूसरी टीम ने सारण जिले के परसा नगर पंचायत की मुख्य पार्षद आयासा खातून के दो घरों पर तालाशी ली। उनके बेटे व वार्ड पार्षद मोहम्मद करमुल्लाह अंसारी के घर से बांग्लादेशी हथियार मिलने की बात स्थानीय लोगों द्वारा बतायी जा रही है।

## आने वाली पीढ़ियों को बताने के लिए निकोबार द्वीप का नाम नायकों पर

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को कहा कि अंडमान एवं निकोबार के द्वीपों का नाम हमारे नायकों के नाम पर रखना यह सुनिश्चित करने का एक तरीका है कि आने वाली पीढ़ियां राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा को याद रखें क्योंकि जो राष्ट्र अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं, वे विकास एवं राष्ट्र निर्माण में आगे बढ़ते हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने बुधवार को बताया कि श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट के जवाब में लिखा, अंडमान और निकोबार के द्वीपों का नाम हमारे नायकों के नाम पर रखना यह सुनिश्चित करने का एक तरीका है कि आने वाली पीढ़ियां राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा को याद रखें। यह हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और उन प्रतिष्ठित हस्तियों की स्मृति को संरक्षित करने और बनाए रखने के हमारे बड़े प्रयास का भी हिस्सा है जिन्होंने हमारे देश पर एक अमिट छाप छोड़ी है।आखिरकार, जो राष्ट्र अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं, वे ही विकास और राष्ट्र-निर्माण में आगे बढ़ते हैं। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और वहां सेलुलर जेल देखने का भी आह्वान किया।

घोषणा

**अश्विन ने ब्रिस्बेन में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के तीसरे टेस्ट के समापन के बाद किया ऐलान**

## स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी

**ब्रिसबेन।** भारतीय अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने ब्रिस्बेन में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के तीसरे टेस्ट के समापन के बाद तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है।

ब्रिसबेन टेस्ट के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में अश्विन ने कहा, यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सभी प्रारूपों में भारतीय क्रिकेटर के रूप में मेरा आखिरी साल होगा। मुझे लगता है कि एक क्रिकेटर के रूप में मुझमें अभी भी कुछ दमखम बाकी है, लेकिन मैं इसे व्यक्त करना चाहता हूं, क्लब स्तर के क्रिकेट में इसका प्रदर्शन करना चाहता हूं। उन्होंने कहा, मैंने खूब मौज-मस्ती की। मैंने रोहित [शर्मा] और अपने कई साथियों के साथ बहुत सारी यादें बनाई हैं, भले ही हमने पिछले कुछ सालों में उनमें से कुछ को [रिटायरमेंट के कारण] खो दिया हो। हम ओ.जी. के आखिरी समूह हैं, हम ऐसा कह सकते हैं। मैं इसे इस स्तर पर खेलने की अपनी तारीख के रूप में चिह्नित करूंगा। जाहिर है कि बहुत से लोगों को धन्यवाद देना है, लेकिन अगर मैं बीसीसीआई और साथी टीम के साथियों को धन्यवाद नहीं देता तो मैं अपने कर्तव्यों में विफल हो जाऊंगा।

### भारत के लिए खेले 116 वनडे और 65 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच

अपने विकेटों के अलावा, अश्विन ने छह शतकों और 14 अर्द्धशतकों के साथ 3503 टेस्ट रन भी बनाए, जिसमें छह शतक और 14 अर्द्धशतक शामिल हैं। वह एक ही टेस्ट में सबसे अधिक बार (4) शतक और पांच विकेट लेने का भारतीय रिकॉर्ड रखते हैं, जो केवल इयान बॉथम (5) से पीछे है। वह 3000 से ज़्यादा रन और 300 विकेट लेने वाले 11 ऑलराउंडरों में से एक बन गए। उन्होंने मुथैया मुरलीधरन के बराबर रिकॉर्ड 11 प्लेयर-ऑफ़-द-सीरीज़ पुरस्कार भी जीते। अश्विन ने भारत के लिए 116 वनडे और 65 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भी हिस्सा लिया, जिसमें उन्होंने क्रमशः 156 और 72 विकेट लिए, इसके अलावा वनडे में एक अर्धशतक सहित उन्होंने 707 रन बनाए हैं, जिसमें 65 उनका सर्वाधिक स्कोर है।

अश्विन ने 106 टेस्ट में 24 की औसत से 537 विकेट लेकर भारत के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में अपना टेस्ट करियर समाप्त किया, जो केवल अनिल कुंबले से पीछे है, जिन्होंने 132 टेस्ट में 619 विकेट लिए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में चल रही सीरीज़ के पहले तीन टेस्ट में से सिर्फ़ एक खेला, एडिलेड में दिन-रात के मुक़ाबले में उन्होंने 53 रन देकर 1 विकेट लिया।



# पीसीएस परीक्षा की तैयारियों के लिए जिलाधिकारी ने की बैठक

- खीरी में पीसीएस प्री परीक्षा की तैयारियां पूरी
- 19 केंद्रों पर 22 दिसंबर को होगी परीक्षा, 7596 अभ्यर्थी होंगे शामिल
- पीसीएस-प्री की परीक्षा देने शहर में जुटेंगे 7596 अभ्यर्थी, प्रशासन ने शुरू की तैयारी
- आयोग के समन्वय पर्यवेक्षक ने सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों को बताई बारीकियां, दिया प्रशिक्षण



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

लोक सेवा आयोग की तरफ से आयोजित पीसीएस प्री की लिखित परीक्षा 22 दिसंबर को जिले के 19 केंद्रों पर दो पाली में होगी। इसमें कुल सात हजार पांच सो छियानवे अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रथम पाली सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक होगी। प्रवेश सुबह आठ बजे होगा तथा द्वितीय पाली दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक होगी। प्रवेश एक बजे से होगा। परीक्षा समय से 45 मिनट पूर्व गेट बंद हो जाएगा। पीसीएस एग्जाम की तैयारी को लेकर बुधवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में सेक्टर, स्टैटिक, जोनल मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक की।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोक सेवा आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। आयोग द्वारा प्रतिबंधित सामग्री कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र के अंदर लेकर न जाने पाए। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

डीएम ने स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा के जो नियम और शर्तें हैं, उनके अनुरूप ही परीक्षा कराई जाए। किसी भी स्तर पर छोटी से छोटी गलती भी अक्षम्य होगी। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी संज्ञान में आई तो व्यक्तिगत रूप से जवाबदेही जिम्मेदार अधिकारियों की होगी। सभी स्टेटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक व केन्द्र सहायक पहले ही यह देख लें कि किसी भी केंद्र पर कोई कमी न रह जाए।

डीएम ने बताया कि गाइडलाइन के अनुसार ही परीक्षा को संपादित करना है। इसलिए गाइडलाइन को अच्छे से पढ़ ले। ताकि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि ना हो। परीक्षा के दौरान कक्षा में अभ्यार्थियों को सीटिंग प्लान के अनुसार ही बैठाएं। उन्होंने बताया कि सभी के परीक्षा के दौरान आईडी होना बेहद जरूरी है। निर्देश दिए कि परीक्षा को लेकर किसी भी स्तर पर कोताही न बरती जाए।

बैठक की शुरुआत में एडीएम संजय कुमार सिंह ने परीक्षा प्रारंभ होने से लेकर और समाप्ति तक के सभी बिंदुओं के बारे में बैठक में शामिल सभी को अवगत कराया। आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। सभी अधिकारियों को परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के निर्देश दिए। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा चालू रखें और सीटिंग प्लान बोर्ड पर चस्पा करें। केंद्र में प्रकाश की व्यवस्था होना चाहिए। एएसपी पूर्वी पवन गौतम ने कहा इन परीक्षाओं पर पुलिस की भी पैनी नजर रहेगी। स्पेशल सेल एक्टिव रहेगा। इसलिए इन परीक्षाओं की संवेदनशीलता को समझते हुए आप में से कोई भी किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतेगा।

### प्रत्येक अभ्यर्थी की तलाशी के साथ होगी बायोमेट्रिक जांच : समन्वयी पर्यवेक्षक

बैठक में उप्र लोक सेवा आयोग से नियुक्त जनपदीय समन्वयी पर्यवेक्षक अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस की तलाशी के अलावा आयोग द्वारा नियुक्त संस्था द्वारा प्रत्येक अभ्यर्थी की बायोमेट्रिक जांच की जाएगी। इसके पश्चात ही प्रवेश मिलेगा। बैठक में उन्होंने मौजूद अफसरो की परीक्षा से जुड़ी छोटी बड़ी जानकारियां दी और उनके प्रश्नों के जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया।

## पुलिस पर पिटाई से महिला की मौत का आरोप

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली फूलबेहड़ पुलिस एक बार फिर सुर्खियों में आई। आरोप है कि फूलबेहड़ पुलिस ने कच्ची शराब बनाने के आरोप में एक महिला को हिरासत में लेकर बुरी तरह पीट दिया जिससे महिला की मौत हो गई है। आरोप है कि मृतका की मौत के बाद फूलबेहड़ पुलिस पूरा मामला दबाने के लिए परिजनो पर दबाव बना रही है। मृतका के ससुर ने पुलिस अधीक्षक खीरी को शिकायती पत्र देकर शव का पोस्टमार्टम कराने व दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के अनुसार फूलबेहड़ कोतवाली क्षेत्र के खमरिया गांव निवासी पंकज कुमार शारीरिक रूप से काफी कमजोर है। जिसके चलते उसकी पत्नी सुरजाना ही अपने घर का पूरा काम संभालती थी।

मृतका के परिजनों ने बताया 16 दिसंबर की सुबह फूलबेहड़ कोतवाली के एक सब इंस्पेक्टर दो सिपाही बलवीर व भानू तथा दो महिला आरक्षियों के साथ हमारे घर पहुंचे। जहां पुलिस ने सुरजाना को कच्ची शराब बनाने व बेचने के आरोप में पकड लिया और थाने ले गई। मृतिका के ससुर राजकुमार ने बताया सूचना पाकर हम अपनी बहू को छुड़ाने थाने गया तो थाने के सिपाही बलवीर ने बहू को छोड़ने की एवज में मुझसे पचास हजार रुपए मांगे। लेकिन गरीब होने के कारण हम पुलिस को रूपये नहीं दे पाए।

जिसके चलते पुलिस ने हमारी बहू सुरजाना को थाने में बुरी तरह मारा पीटा। पुलिस ने हमारी बहू को इतनी बेरहमी से पीटा कि हमारी बहू सुरजाना बेसुध हो गई। तब फूलबेहड़ पुलिस ने सुरजाना को मरणासन्न हालत में होने पर शाम को छोड़ दिया। दूसरे दिन सुरजाना की हालत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए लखीमपुर लिए जा रहे थे तभी हमारी बहू सुरजाना ने रास्ते में ही दम तोड दिया। आरोप है सुरजाना की मौत की सूचना पाकर फूलबेहड़ पुलिस गांव पहुंची मृतका के परिजनों पर सुलह समझौते का दबाव बनाने में जुट गई।

मृतिका के ससुर ने बताया देर रात तक फूलबेहड़ पुलिस मृतका के परिजनों पर सुलह समझौता करने का दबाव बनाती रही लेकिन मृतका के परिजन नहीं माने। मृतका के ससुर राजकुमार ने पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा को शिकायती पत्र देकर मांग की है कि उसकी बहू के शव का पोस्टमार्टम कराया जाये तथा दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाये। सी ओ धौरहरा सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची भारी मशक्कत के बाद पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया वही गांव में भारी पुलिस बल मौजूद है।

> इस बाबत फूलबेहड़ इंस्पेक्टर आलोक कुमार धीमान ने बताया कि फूलबेहड़ पुलिस ने पूछताछ के बाद महिला को छोड़ दिया था, महिला की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है, शेष शव का पोस्टमार्टम होने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## खबरें एक नजर में

### विधान सभा घेराव करने जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने रोका



**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।** मोहम्मदी विधान सभा के बलराम वरुण बार एसोसिएशन अध्यक्ष एवं पुराने काँग्रेसी नेता प्रदुम्न मिश्रा, प्रवेश राठौर, मो0आरिफ सिद्दीकी, शेषनाथ मिश्रा, कुलदीप गुप्ता, महेन्द्र कुमार को विधान सभा घेराव करने तीन गाड़ियों से लखनऊ जा रहे थे। कस्बा इंचार्ज बाबूराम ने दलबल के साथ पहुँचकर रोक लिया।

### अराजक तत्वों ने अंबेडकर प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।** गोला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदेड़ में अराजक तत्वों द्वारा गांव का माहौल खराब करने के लिए अंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर दी। जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया। सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचे लोगों को समझा बुझाकर शांत किया। पुलिस को तहरीर नहीं मिली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदेड़ में मंगलवार की रात किन्ही अराजक तत्वों ने गांव का माहौल बिगड़ने के लिए अंबेडकर पार्क में लगी बाबा साहब की प्रतिमा के दाहिने हाथ को क्षतिग्रस्त कर दिया। जब सुबह लोग खेतों की तरफ गए तो जानकारी हुई। तब चर्चाएं शुरू हुईं और लोग आक्रोशित हो गए। सूचना पाते ही मूड़ा पुलिस चौकी पुलिस ने गांव पहुंच लोगों को समझाया बुझाया और क्षतिग्रस्त प्रतिमा की मरम्मत कर दी है। चौकी प्रभारी निर्मल तिवारी का कहना है कि प्रतिमा की मरम्मत करा दी गई है।उन्हें अभी तहरीर नहीं मिली है।

### आदर्श संस्कार फाउंडेशन के द्वारा सम्मानित की गई बहू-बेटियां

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।** ग्राम पंचायत लाल्हापुर के पंचायत भवन में गर्भवती बहू बेटियों को चुनरी ओढ़ाकर श्रीमद भागवत गीता भेंटकर मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान जनार्दन गिरि द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आदर्श संस्कार फाउंडेशन के द्वारा 26 बहू–बेटियों को सम्मानित किया गया और उनको प्रतिदिन गीता पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। आदर्श संस्कार फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने बहू बेटियों को संबोधित करते हुए कहा कि फाउंडेशन का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक भोजन के साथ संस्कारवान बनाने के लिए प्रेरित करना है। गर्भ में ही बच्चों को संस्कारवान बनाने से ही हमारे देश की दिशा बदलेगी।

### गेट रखने को लेकर चले लाठी डन्डें,नौ के खिलाफ रिपोर्ट

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र में मकान गेट रखने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। पडोसी ने ट्रैक्टर से गेट गिरा दिया जब विरोध किया गया तो मारपीट की। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर 9 लोगों के नामजद और चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र के ग्राम सेमरिया निवासी अरविन्द कुमार पुत्र पुतान सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसने 12 दिसम्बर को अपने घर की बाउन्ड्री में गेट लगवाया था। जिसको लेकर पडोसी रवि वर्मा पुत्र रामासरे, रमेश कुमार पुत्र बालकराम, हीरालाल पुत्र हरदयाल, श्रवण पुत्र दुजई, अखिलेश, मंजेश पुत्रगण बाना सिंह, कमलेश पुत्र शिवसागर लाल, सुमित पुत्र रमेश कुमार, मुकेश पुत्र रामचंद्र व चार अज्ञात लाठी डन्डों, बांका, कुल्हाडी लेकर आये और मकान के सहन व कुएं को लेकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसकी मां किरन देवी, भाई ओमनारायण, अरविन्द वर्मा के साथ मारपीट करने लगे। मंजेश ने ट्रैक्टर से उसका गेट गिरा दिया और अखिलेश ने उसकी मां के सिर पर लाठी से प्रहार कर घायल कर दिया। उक्त लोगों ने घर के बाहर खडी बुलेरो का शीशा भी तोड दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।** छोटी काशी कॉरिडोर निर्माण में बाधक बनने वाले अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र भेजा गया है। राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना ने मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में लिखा है कि छोटी काशी कॉरिडोर निर्माण कार्य तीव्र गति से प्रारंभ हो चुका है। जिससे अतिक्रमणकारियों में खलबली मच गई है। उसको प्रभावित करने को लेकर कुछ स्वार्थी तत्व राजनीतिक वोटो को साधने को लेकर प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई को प्रभावित करने का प्रयास करने का कुचक्र कर रहे हैं। जिसको प्रभावित न होने देने को लेकर राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना ने कार्रवाई की मांग की है।पत्र भेजने वालों में जिला प्रभारी अशोक कुमार मुन्ना, जिला अध्यक्ष रमेश गुप्ता, उपाध्यक्ष रवि वर्मा, अंकित सिंह, जिला महामंत्री आदि लोग शामिल हैं।

## गरीब, असहाय, रिक्शा चालकों व मुसाफिरों को डीएम ने बांटा कम्बल

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



- डीएम ने रैन बसेरों का किया औचक निरीक्षण
- नगर क्षेत्र का भ्रमण कर अलाव व्यवस्था का लिया जायजा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व शासन के निर्देश पर अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमज़ोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुँचाये जाने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मंगलवार को देर रात्रि नगर क्षेत्र अन्तर्गत रोडवेज़ बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन के सामने ओवर ब्रिज के नीचे स्थापित किए गए रैन बसेरों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। मौजूद अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये। डीएम ने स्वयं न केवल रैन बसेरों की व्यवस्थाओं को परखा बल्कि श्रमिकों, जरूरतमंदों को संवेदना की गरमाहट भी दी। रैन बसेरे में ठहरे लोगों ने बातचीत में बताया कि अधिक ठंड लग रही है तो डीएम ने अपने हाथों से कंबल ओढ़ाया। डीएम ने एक-एक कर सभी से बातकर सुविधाओं के बारे में पूछा। रैन बसेरे में सभी ने व्यवस्था को अच्छा बताया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने रात्रि नगर क्षेत्र का भ्रमण कर नगर क्षेत्र में जलाये गये अलावों को देखा तथा इस दौरान रोडवेज़, रेलवे स्टेशन तथा संकटा देवी चौराहे पर गरीब मुसाफिरों, रिक्शा चालकों, जरूरतमंदो को कम्बल ओढ़ाया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधि.अधि. नगर पालिका परिषद को निर्देश दिया कि नगर क्षेत्र में अलाव प्वाईन्ट्स को बढ़ा दिया जाय। ठंड से लोगों को राहत पहुंचाने के लिए डीएम ने अधिकारियों को जरूरतमंदों को कंबल वितरण पर गंभीरता से काम करने के निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देश दिया कि जहां अभी तक जरूरतमंदों को कंबल प्राप्त न हो सके हो। उन्हें अतिशीघ्र कंबल अवश्य प्रदान कराएं। इस अवसर पर एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, ईओ संजय कुमार, नायब तहसीलदार सुनील कुमार मौजूद रहे।

## जल भराव के कारण राहगीर परेशान

**संसारपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



विकासखंड बांकेगंज के ग्राम भरिगमा में मार्ग पर वर्षों से गंदा पानी जमा रहने की वजह से नरकीय स्थिति बनी हुई है। मार्ग से गुजरने वाले लोग गंदे पानी से होकर आते-जाते हैं। गांव की सड़क पर गंदा पानी जमा रहने के कारण महामारी फैलने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि नाली की समस्या यहां के लिए नासूर बन गया है। गांव के घरों का गंदा पानी प्रतिदिन सड़क पर बह रहा है। हालत उस समय और खराब हो जाती है जब बारिश के समय में पानी भी सड़क पर से निकल नहीं पाता है।

> ग्राम प्रधान डालचंद फोन नहीं उठा। ग्राम विकास अधिकारी योगेश वर्मा ने बताया जल भराव की स्थिति बनी हुई है किंतु जो लगे में किसानों के खेत हैं वह नालियां बनने नहीं देते। तालाब बहुत अधिक दूरी पर है। सीमांकन के लिए तहसील में प्रार्थना पत्र दिया गया है। सीमांकन होने पर नाला बनवा दिया जाएगा जिससे समस्या का समाधान हो जाएगा।

**क्या कहते हैं लोग**

घरों का गंदा पानी सड़क पर बहाने से लोग परेशान हैं। पंचायत के प्रतिनिधियों की उदासीनता से पिछले कई वर्षों से लोगों को भारी परेशानी झेलना पर रहा है।

**दिनेश कुमार निवासी ग्राम भरिगमा**

सड़क पर बह रहे गंदे पानी की समस्या को दूर करने के लिए कोई तत्पर नहीं है। गंदे पानी से होकर आने–जाने को विवश है। गुहार लगाने के बाद भी सफाई नहीं करायी जा रही है।

**बबलू चौधरी पुत्र लीला चौधरी निवासी ग्राम भरिगमा**

गंदा पानी गांव में सड़क पर जमा होने से महामारी फैलने का खतरा काफी बढ़ गया है। गंदे पानी में दवा का भी छिड़काव नहीं कराया जाता है। जिम्मेदार बेपरवाह बने हुए हैं।

**अजय कुमार पुत्र मेवाराम निवासी ग्राम भरिगमा**

> खंड विकास अधिकारी ऋषिकांत अहीरवाल ने बताया कि मौके पर जाकर इसकी जांच करवाऊंगी और समस्या का समाधान शीघ्र ही कर दिया जाएगा।

## सैकड़ा भर जरूरतमंदों को कम्बल मिलते ही चेहरे पर दिखी मुस्कान

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



- न्यू लोक कल्याण समिति ने सर्द मौसम में किया नेक काम

वुधवार को समाज सेवी संस्था न्यू लोक कल्याण समिति के तत्वावधान में सैकड़ा भर से अधिक जरूरतमंद छात्रों को स्वेटर व बुजुर्ग लोगों को कम्बल वितरण किया गया। कम्बल तथा स्वेटर पाकर जरूरत मंदों के चेहरे खिल उठे।

खादी ग्रामोद्योग केन्द्र किलाघाट के सभागार में आयोजित कम्बल वितरण समारोह में न्यू लोककल्याण समिति अध्यक्ष सुरेश वर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशुतोष मिश्रा व उपाध्यक्ष अमर सिंह चन्देल महामंत्री आसिफ कुरैशी की मौजूदगी में कम्वल बांटे। कार्यकृम में मुख्य अतिथि तहसीलदार अभिनव तिवारी विशिष्ट अतिथि क्षेत्राधिकारी अवधेश सिंह चौहान विशिष्ठ अतिथि अरबिन्द सिंह यादव अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कालपी विशिष्ठ अतिथि नायब तहसीलदार तारा शुक्ला कालपी व एसपी गोयल प्राचार्य ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र के द्वारा सभी उपस्थित छात्रों को स्वेटर व उम्र दराज एक सैकड़ा लोगों को कम्बल वितरित किए गये। संस्था के अध्यक्ष सुरेश वर्मा पूर्व प्रवक्ता एमएसवी ने कहा हमारी संस्था इसी तरह विद्यार्थियों को पुस्तकें और सर्दी से बचाव के लिए स्वेटर व कम्बल वितरण तथा अन्य सामाजिक कार्यो को पूरे वर्ष भर अंजाम देते रहते हैं। इस अवसर पर राम जी गुप्ता, अच्छे खां, अशोक पुरवार (छुन्ना), पुरुषोत्तम दास गुप्ता, पत्रकार सलीम अंसारी, संदीप मिश्रा, कथा वाचक राम श्याम पांडे, मनोज पांडे, सोनू महाराज, हरिश्चंद्र दीक्षित, अमित यादव, इमरान, गोलू, अरबिन्द निषाद, सभासद आलमपुर सहित भारी संख्या में समाजसेवी गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### लखीमपुर में पुलिस अब ड्रोन से करेगी निगरानी



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में हुई हिंसा की घटनाओं के बाद खीरी पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। सुरक्षा के मद्देनजर पढुआ थानाध्यक्ष निराला तिवारी के नेतृत्व में पुलिस ने ड्रोन कैमरों की निगरानी में पढ्आ, पठाननपुरवा, बिनौरा, दुलही, रायपुर, सोठियाना आदि संवेदनशील गांवों में पैदल गस्त करते हुए अपराधियों, हिस्ट्रीशीटर, गोकश, चोर, लुटेरों का भौतिक सत्यापन कर अपराधियों को अपराध से दूर रहने की शख्त हिदायत दी। साथ ही शासन सहित न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मस्जिदों, मंदिरों से हॉर्न, लाउडस्पीकर नियंत्रित करने हेतु आदेशित किया गया। पढुआ थाना अध्यक्ष निराला तिवारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में कानून–व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

## किसान दिवस : किसानों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण हो : डीएम

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



- किसानों के हितों को संरक्षित करने के लिए संकल्पित होकर काम कर रहा प्रशासन : डीएम

किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्ट्रेट में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में ÷किसान दिवस÷ का आयोजित हुआ। इस दौरान किसानों ने अधिकारियों के सामने समस्याएं रखीं। डीएम ने अफसरों को किसानों की समस्याओं का समय से व गुणवत्तापरक निस्तारण कराने का निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि किसानों की समस्याओं का निदान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।यह भी बताया कि प्रशासन के समक्ष अन्नदाता किसानों की समस्या का समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता का है।अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों की समस्याओं को तत्काल एवम दीर्घकालिक समाधान की कैटेगरी में प्रस्तुत करें। किसान दिवस किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए एक बेहतर मंच प्रदान करता है। इस दिवस पर किसान अपनी समस्याओं को न केवल निस्तारण करा सकते हैं बल्कि विशेषज्ञों से अपनी सभी जिज्ञासाओं को भी शांत कर सकते हैं। किसानों के हितों को संरक्षित करने के लिए शासन-प्रशासन करते संकल्पित होकर काम कर रहा। इसके लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानपरक योजनाओं के जरिए उन्हें समृद्ध बनाने के लिए नित नए कदम उठा रही है। डीएम ने मौजूद किसानों की न केवल समस्याएं सुनी बल्कि निराकरण के संबंध में मौजूद अफसरों को निर्देश दिए।

डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्रा ने उपस्थित किसानों से फार्मर रजिस्ट्री की आईडी बनवाने तथा अन्य किसानों को भी इस हेतु प्रेरित करने का अनुरोध किया। आईडी बनाने से होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा यह भी अवगत कराया कि आईडी न बनने से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत अगली क़िस्त से योजना का लाभ नही मिलेगा। डीडी कृषि एवं बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि द्वारा फसलों को प्राकृतिक आपदा से नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए फसल बीमा की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई।बैठक में जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी, डीसीओ वेद प्रकाश सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, डीएचओ मृत्युंजय सिंह, अध्यक्ष/वरिष्ठ वैज्ञानिक केवीके,अन्य अधिकारी एवं कृषक उपस्थित रहें।

### उतराई का पैसा मांगे तो करें शिकायत, होगी कार्रवाई : डीएम

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि गन्ना किसानों से क्रय केंद्र पर तौल के उपरांत गन्ना उतरवायी के नाम पर यदि पैसे की मांग की जाए तो वहां लगे बैनर पर अंकित अफसरों के नंबरों या उनके मोबाइल नंबर पर तत्काल सूचना दें। आपकी सूचना पर तत्काल कड़ी कार्यवाही की जाएगी। किसानों का शोषण किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला गन्ना अधिकारी से सुनिश्चित कराएंगे।

### सोलर लगवाएं किसान, मुफ्त में नलकूप चलाएं

पीओ (नेडा) कमलेश सिंह यादव ने बताया कि पीएम किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान (पीएम कुसुम) घटक सी–1 सौर ऊर्जा नीति 2022 के तहत जनपद में विभिन्न क्षमता के तहत स्थापित मीटर्ड निजी ऑनग्रिड पम्प के सोलराइजेशन किया जाना प्रस्तावित है। इस योजना के तहत आवेदन ऑनलाइन upnedakusumc-v.in पर किया जा सकता है। इस पहल से जहां ऊर्जा की बचत होगी, वहीं अतिरिक्त ऊर्जा को बिजली विभाग को देकर आय बढ़ाई जा सकती है। यूपी नेडा की ओर से नलकूपों पर जितने वाट का कनेक्शन लिया गया है, उतने हार्स पावर का सोलर सिस्टम अनुदान पर लगाया जाना है। सोलराइजेशन में अनुसूचित जन जाति, बनटंगिया एवं मुसहर जाति के किसानों को 100 प्रतिशत एवं अन्य किसानों को 90 प्रतिशत का अनुदान दिए जाने का प्राविधान है। अधिक जानकारी के लिए परियोजना अधिकारी (नेडा) के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर या मोबाइल नंबर 9415609058 संपर्क कर सकते हैं।

### घर से कोचिंग गया छात्र लापता

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।** शहर के मोहल्ला ऊंचीभूड़ वार्ड 22 से एक किशोर लापता हो गया है। ऊँचीभूड़ निवासी स्व बालक राम गुप्ता का 17 वर्षीय बेटा पब्लिक इंटर कॉलेज में कक्षा 10 का छात्र है। वह मंगलवार की सुबह कोंचिग के लिए निकला था, पर घर नहीं पहुचां है तो परिजनों को चिंता हुई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला जिसको लेकर परिजन काफी परेशान हैं।

## मैगलगंज मेला महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**मैंगल गंज खीरी, समृद्धि न्यूज।**



मैगलगंज प्रभारी निरीक्षक मैगलगंज रमेश चंद्र पांडे ने भगवान राधा कृष्ण की आरती पूजन करके मेले का शुभारंभ किया। इस मौके पर दिनेश चंद्र गुप्ता जिला पंचायत सदस्य, बड़े भैया गन्ना समिति के अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, पप्पू, लिधियाई प्रधान गौरव शुक्ला, सदरपुर प्रधान विकास अवस्थी, गन्ना समिति के डायरेक्टर अनिल राठौर, अंकित त्रिवेदी, मैगलगंज प्रधान अजीत सिंह यादव सोनू, मेला कमेटी के अध्यक्ष ललित अवस्थी, कार्यवाहक अध्यक्ष संदीप पांडे, उपाध्यक्ष प्रतुल सिंह, राजा नरेंद्र मिश्रा, शिवकुमार तिवारी, आलोक शुक्ला, बेदू, विनीत मिश्रा, तरुण सिंह, पूर्व मेल अध्यक्ष मित्र कुमार अवस्थी, अजय गुप्ता, सोनू, आलोक शुक्ला, डब्बू, इरफान, रामपुरी, शिवकुमार गुप्ता, देवेंद्र वाजपेई, शैलेंद्र बाजपेई सहित समस्त कमेटी एवं भक्तगण उपस्थित रहे। मेला अध्यक्ष ललित अवस्थी ने बताया मेले में झूला, मौत कुआं सहित तमाम दुकानें लगेगी। मेला 10 जनवरी तक चलेगा।

### रोडवेज कर्मी आज करेंगे धरना प्रदर्शन

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय नेतृत्व द्वारा आज एक दिवसीय धरना /प्रदर्शन किया जाएगा।

परिषद के शाखा अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने बताया कि कर्मचारियों की मांगो को लेकर संगठन के प्रांतीय आह्वान पर आज बस स्टेशन परिसर गोला डिपो में दिन के 12 बजे से एक दिवसीय धरना /प्रदर्शन किया जाएगा।

## जीजीआईसी के वार्षिकोत्सव में पेश किए रंगारंग कार्यक्रम

- हर्षोल्लास से मना जीजीआईसी का वार्षिकोत्सव, डीएम ने मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



राजकीय कन्या इंटर कॉलेज (जीजीआईसी) लखीमपुर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्राओं ने सांस्कृतिक छटा बिखेरी।वार्षिकोत्सव में बालिकाओं ने बुधवार को रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने किया। डीएम ने हाई स्कूल, इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के मेधावी और विभिन्न प्रतियोगिताओं के टॉपरों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया।

डीएम ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। तत्पश्चात छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। डीएम ने छात्राओं की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।कहा कि जीजीआईसी की बालिकाओं में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें तराशने की जरूरत है। बेहतर शिक्षक व शिक्षण संस्थान मिलने पर बच्चों की प्रतिभाओं में निखार आता है। डीएम ने छात्राओं से कड़ी मेहनत कर लगन के साथ पढ़ाई करने और अपने हुनर की पहचान उसी के अनुसार भविष्य के लिए लक्ष्य का निर्धारण करने के लिए कहा। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में जानकारी देकर पात्रता के अनुसार बालिकाओं को लाभ दिए जाने के लिए प्रधानाचार्य को निर्देशित किया।

डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए शिक्षिकाओं से छात्राओं को गुणवत्तापरक शिक्षा देने की अपील की।शिक्षा ही देश को प्रगति के पथ पर ले जाती है। छात्राओं के चहुमुंखी विकास के प्रयास होने चाहिए। कार्यक्रम की शुरुआत में जीजीआईसी के प्रधानाचार्य डॉ शालिनी दुबे ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान जीजीआईसी की पूर्व प्रधानाचार्य मंजुला रानी श्रीवास्तव, जीजीआईसी फूलबेहड़ से छवि बाजपेई, जीजीआईसी खीरी टाऊन से रागिनी, गवर्नमेंट हाई स्कूल धौरहरा से विनोद कुमार, गवर्नमेंट हाई स्कूल से गौरव सक्सेना सहित विद्यालय का स्टाफ एवं छात्राएं, अभिभावक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### डीएम ने किया ज्ञान ज्योति पत्रिका का विमोचन

जीजीआईसी के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने डीआईओएस डॉक्टर महेंद्र प्रताप सिंह, प्रधानाचार्या डॉ शालिनी दुबे की उपस्थिति में कॉलेज की ज्ञान ज्योति पुस्तिका का विमोचन किया। डीएम ने इसे विद्यालय और उसकी छात्राओं की रचनात्मकता का दस्तावेज करार दिया। यह पत्रिका बालिकाओं की रचनात्मक अभिव्यक्ति का दस्तावेज है। अपने लेखों, कविताओं और अन्य विधाओं में विद्यार्थियों के विचार उनकी बौद्धिक क्षमता के उन्नयन को दर्शाते हैं।

### डीएम ने मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित, बढ़ाया उत्साह

जीजीआईसी के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने यूपी बोर्ड 2024 की परीक्षा में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में विज्ञान वर्ग, मानविकी वर्ग, व्यावसायिक वर्ग में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली बालिकाओं को मेडल पहनकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसी के साथ उन्होंने हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में विषयवार सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली बालिकाओं को भी सम्मानित किया।

# दक्ष पुलिस करेगी 45 करोड़ श्रद्धालुओं की सुरक्षा

## कुंभ मेला पुलिस, पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण देने के साथ ही परीक्षा के जरिए दक्ष बनाने पर दे रही जोर

▸ योगी सरकार महाकुंभ के लिए विभिन्न आयामों से कर रही तैयारी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/प्रयागराज।** योगी सरकार महाकुम्भ के लिए विभिन्न आयामों से तैयारी कर रही है। महाकुम्भ की सुरक्षा और सफलता सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार कुम्भ मेला पुलिस, ड्यूटी में आये पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण और परीक्षा के जरिए दक्ष बनाने के लिए नवीन प्रयोग कर रही है। पुलिस कर्मियों की तैयारियों को परखने और उन्हें हर चुनौती का सामना करने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से विशेष प्रशिक्षण सत्र और परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है।

प्रशिक्षण सत्रों में आपदा प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, श्रद्धालुओं से व्यवहार और कुम्भ के धार्मिक एवं आध्यात्मिक पहलुओं पर गहन जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण के बाद आयोजित लिखित परीक्षा में पुलिस कर्मियों की तत्परता का मूल्यांकन किया जा रहा है, ताकि महाकुम्भ के दौरान सुरक्षा और सेवा का सर्वोत्तम मानक सुनिश्चित किया जा सके। वहीं लिखित परीक्षा में प्रशिक्षण के दौरान बताए गए विभिन्न आयामों से सम्बंधित सवालों को पूछा जा रहा है जिसमें आपदा से बचने, श्रद्धालुओं से व्यवहार और कुंभ के धार्मिक और आध्यात्मिक पहलुओं से संबंधित प्रश्न पूछे जा रहे है।

कुम्भ मेला मे आये पुलिस कर्मियों को ड्यूटी के लिए पूरी तरह तैयार करने के लिए उनकी क्लास चलाई जा रही है और उनकी तैयारियों को परखने के लिए उनकी परीक्षा भी कराई जा रही है। एसएसपी कुम्भ मेला राजेश कुमार द्विवेदी के अनुसार कुम्भ मेला ड्यूटी में आने वाले सभी पुलिस कर्मियों के लिए अनिवार्य प्रशिक्षण क्लास चलाई जा रही है। जो सुरक्षा, आपदा और व्यावहारिक पहलुओं जैसे विभिन्न आयामों पर आधारित है। इसके बाद क्लास में बताई गई जानकारी के अनुसार उनकी परीक्षा करायी जा रही है, जिसमे कुम्भ मेला में आपदा को पहचानना, आपदा की स्थिति में त्वरित समाधान, रास्तों की जानकारी, कुम्भ की आध्यात्मिक एवं धार्मिक जानकारी, और भौगोलिक स्थितियों से संबंधित सवाल पूछे जा रहे हैं।

### बीस सवालों पर हो रही परीक्षा

पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षण संदीप वर्मा ने बताया कि प्रश्नपत्र का प्रारूप बहु विकल्पीय है। 100 नंबर के प्रश्न पत्र में 20 सवाल पूछे जा रहे हैं। परीक्षा का समय एक घंटे निर्धारित है। परीक्षा में फेल होने पर उनको दोबारा तीन दिनों का प्रशिक्षण क्लास करने और परीक्षा देने का प्रावधान है। जिससे पुलिस कर्मी कुम्भ में ड्यूटी करने के लिए पूरी तरह से तैयार हो जाए। हर तरह से तैयार की जा रही फोर्सपुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश प्रशांत कुमार ने बताया कि महाकुम्भ के दौरान पुलिसकर्मियों के लिये सभी तरह की ड्यूटी चुनौती पूर्ण होगी। इसके लिए पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण और परीक्षा के माध्यम से हर तरह से तैयार किया जा रहा है, जिससे वो अपनी ड्यूटी से भिज्ञ रहते हुए किसी भी परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहें।

### तैयारी से खुश पुलिसकर्मी

कुशीनगर से आए इंस्पेक्टर विनय कुमार सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद परीक्षा देने से हम लोगों को कुम्भ की भली-भांति जानकारी हो गई है। अब पुलिस मेले की ड्यूटी के लिए पूर्णतया तैयार है। ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर संजय कुमार चौबे ने बताया कि यहां आने पर महाकुम्भ के बारे में नई जानकारियां मिली है, जो ड्यूटी में सहायक होंगी। महिला कांस्टेबल स्वेतलाना मौर्य ने बताया कि पूरे पुलिस फ़ोर्स को इस तरह से ट्रेंड किया जा रहा है, जिससे असली परीक्षा महाकुम्भ के शुरू होने पर वे डिस्टिंक्शन नंबरों से पास हो जाएं।

# सफाई निरीक्षक सुनील वर्मा पर पीड़ित सुपरवाइजर ने दर्ज कराई एनसीआर

समृद्धि न्यूज





**लखनऊ ।** नगर निगम जोन-7 के सफाई निरीक्षक सुनील वर्मा का सुपरवाइजर को गाली-गलौज व जाति सूचक शब्द कहने का ऑडियो वायरल होने के पांचवे दिन बाद भी कार्रवाई न होने से विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। पीड़ित ने न्याय मिलने की आस न देखते हुए एनसीआर दर्ज करवाई है।

मामला नगर निगम जोन-7 का है जहां सफाई निरीक्षक सुनील वर्मा चेकिंग के नाम पर शुक्रवार को वार्ड में सफाई का काम करा रहे सुपरवाइजर से मां बहन की गालियां देते नजर आ रहा है वहीं खास जाति को टारगेट कर पूरी ही जाति को गाली देकर संबोधित कर रहा है। इन सबसे जाति विशेष में आक्रोश की भावना पनप रही है। नगर निगम की सफाई व्यवस्था को देखने के बजाय काम कर रहे कर्मचारी को गाली देते नजर आ रहे। इसका एक आडियो वायरल हुआ है, जिसमे वार्ड संख्या 42 में तैनात सुपरवाइजर पवन कुमार तिवारी ने आरोप लगाया है कि सुनील वर्मा ने चेंकिग के नाम पर उन्हें मां-बहन की गाली देते हुए अभद्रता की जिसकी शिकायत वह नगर आयुक्त व मेयर से करेंगे और कार्रवाई की मांग करेंगे। पीड़ित का कहना है वह उन पर पार्षद के विरुद्ध कार्य करने का दबाव बनाते हैं और तरह- तरह के हथकंडे अपनाकर उन्हें परेशान करते हैं।

गौरतलब है कि सफाई निरीक्षक सुनील वर्मा का विवादों से गहरा नाता है इससे पहले भी अभद्रता के कारण जोन 7 उनका तबादला मुख्यालय कर दिया गया था लेकिन अपनी ऊंची पहुंच के कारण वह फिर से उसी जोन में आकर अपनी दबंगई दिखा रहा। सूत्रों से पता चला है कि इसके पहले वह जोन 3 में तैनाती के दौरान वसूली को लेकर भी हटाया जा चुका था।

पिछली सदन की बैठक में कई पार्षदों ने उनका विरोध किया था जिस पर मेयर ने उनको 24 घंटे के अंदर हटाने के निर्देश दिए थे लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई जिससे उसका मनोबल जैसे सांतवे आसमान पर है। अब देखना है कि इनकी इस अनुशासनहीनता को लेकर पांच दिन बीत जाने के बाद भी नगर आयुक्त कोई कार्रवाई करतें हैं या इनकों पहले की तरह ही छूट देते हैं।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस से बहस के बाद अजय राय बेहोश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प हुई। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय खुद बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। नीचे उतरे तो उनकी पुलिस से बहस हो गई। इसके बाद वो बेहोश हो गए। कार्यकर्ताओं ने उन्हें लिटाया। पानी छिड़का। तब जाकर वो होश में आए। दरअसल, कांग्रेस कार्यकर्ता विधानसभा जाने पर अड़े थे, जबकि पुलिस ने उनको रोकने के लिए जगह-जगह बैरिकेडिंग कर रखी थी। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर सभी रास्तों में पुलिस ने डबल बैरिकेडिंग कर रखी है। दोपहर को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग तोड़ी तो पुलिस से झड़प हो गई। कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। कई कार्यकर्ता दीवार कूद गए। कांग्रेस पार्षद ममता चौधरी की पुलिस से झड़प हो गई। पुलिस महिला नेताओं को खींचकर ले गई और गाड़ी में बैठाया। ममता चौधरी घर से विधानसभा जाने के लिए अड़ी हुई थीं। बाद में पुलिस ने उनको हिरासत में ले लिया। अजय राय ने कहा हमारे बब्बर शेर डटे हुए हैं। अत्याचार और अन्याय के खिलाफकांग्रेस का हर कार्यकर्ता सीएम योगी को जवाब देगा। पुलिस की घेराबंदी को तोड़कर प्रदेश प्रभारी अविनाश राय प्रदेश कार्यालय पहुंच गए। दरअसल, यूपी कांग्रेस ने बुधवार को विधानसभा का घेराव करने का ऐलान किया था। इसके बाद मंगलवार रात से ही पुलिस ने प्रदेशभर में कांग्रेस नेताओं को नजरबंद किया गया। पुलिस ने उनको लखनऊ आने से रोक दिया।

### खाद्य आयोग के गठन के लिए जारी होगा विज्ञापन : केशव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** खाद्य आयोग के गठन के लिए विज्ञापन इसी महीने जारी होंगे। अध्यक्ष व सदस्यों के रिक्त पद भरे जाएंगे। डिप्टी सीएम और नेता सदन विधानपरिषद केशव प्रसाद मौर्य ने आज विधानपरिषद में यह जानकारी दी।यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विधान परिषद में जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश में खाद्य आयोग के गठन के लिए विज्ञापन इसी माह जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष व सदस्यों के रिक्त पद भरे जाएंगे।

### मानस मंदिर डालीगंज में कन्यादान उत्सव 22 को

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राधा सखी सेवा परिवार समिति की ओर से छठा कन्यादान उत्सव 22 दिसम्बर दिन रविवार को डालीगंज स्थित मानस मंदिर में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम को लेकर आज एक बैठक मानस मन्दिर मे समिति की अध्यक्ष व संस्थापिका सुषमा अग्रवाल व मौसमगंज रामलीला समिति के अध्यक्ष घनश्यामदास अग्रवाल की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। सुषमा अग्रवाल ने बताया कि इस बार भी पांच कन्याओं का कल्याण मंडप होगा। सुषमा ने बताया कि विवाह से पूर्व 22 को पूर्वाह्न 11 बजे नयागंज डालीगंज से पांचों दूल्हे बरात लेकर आयेगी। 11.30 बजे द्वारचार, साढ़े 12 बजे जयमाल और शाम साढ़े चार बजे डोली में गोधुली बेला में विदाई कार्यक्रम होगा। शाम को साढ़े पांच बजे यहां भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। बैठक में अंजलि बंसल, गीता गुप्ता, कविता, बीना जैन, उर्मिला अग्रवाल, निरुपमा, विधि बंसल शीला सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### रोटरी क्लब ने जरूरतमंदों को बांटे कम्बल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शहर में बढ़ती ठंड को देखते हुए सामाजिक संस्था रोटरी क्लब ऑफ लखनऊ निराला नगर के अध्यक्ष रोटेरियन विनोद चंनदिरमानी व सदस्यों ने बुधवार को कम्बल वितरण का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में क्लब के भूतपूर्व अध्यक्ष रोटेरियन आनंद स्वरूप अग्रवाल एवं अध्यक्ष नामित रोटेरियन गिरधर गोपाल यादव के सहयोग से 800 कम्बल वितरित किया। वितरण की शुरुआत मोती नगर के अग्रवाल कालेज से की गई। फिर सदस्यों ने मलिहाबाद के एक गाँव बखतयार नगर में जरूरतमंदों को कम्बल बाँटें। तीसरे चरण में सीतापुर रोड पर भिन्न भिन्न गाँवों में जैसे कि नौबसता एवं दुदोली मार्ग पर गर्म कम्बल बाँटें गए। रोटरी क्लब औफलखनऊ के बहुत से सदस्यों ने अपने हाथों से कम्बल बाँटें जिसमें मौके पर भूतपूर्व मंडलाअध्यक्ष रोटेरियन चन्द्र प्रकाश अग्रवाल, सचिव अशोक टंडन, भूतपूर्व अध्यक्ष वाई के गोयल, भूतपूर्व अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, अध्यक्ष नामित रोटेरियन गिरधर गोपाल यादव, कोषाध्यक्ष रोटेरियन विभोर अग्रवाल एवं भूतपूर्व अध्यक्ष प्रवीन मितल आदि मौजूद रहे। गरीबों ने रोटेरियनस को बहुत आशीर्वाद व दुआएँ दीं।

### रिटायर्ड एसआई के बेटे का शव मिला, हत्या का शक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के मड़ियांव इलाके में दो दिन से लापता युवक का शव नाले में मिला। रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर का बेटा रविवार शाम को घर से निकला था। परिजनों ने तलाश किया। इसके बाद मड़ियांव में गुमशुदगी दर्ज कराई। मंगलवार रात को नाले में शव मिलने की जानकारी हुई। परिजनों ने जूते से शव की पहचान की और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के परिजनों ने बेटे की हत्या करके शव नाले में फेंकने की आशंका जताई है। अलीगंज के सेक्टर-ए के रहने वाले शशिकांत उर्फ पिंटू (35) स्ट्रीट लाइट लगाने का काम करते थे। उसके पिता राम प्रकाश पुलिस विभाग के रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर हैं। भाई अजय सिंह ने बताया पिंटू रविवार शाम करीब 6 बजे घर से निकला था। देर रात तक जब वह घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। सोमवार को परिजनों ने राम-राम बैंक पुलिस चौकी में बेटे की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। इस दौरान परिजन पिंटू की तलाश की जा रही थी। मोहल्ले के लोगों ने परिजनों को बताया कि जीएसआई कॉलोनी के पास नाले में शव पड़ा है। परिजन मौके पर पहुंचे और जूते से शव की शिनाख्त की। साथ ही मडियांव पुलिस को सूचना दी।

### आज होगा यूपी मणिपुर, बिहार व छत्तीसगढ़ के मध्य एमओयू

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के अंतर्गत यूपी पर्यटन विभाग एवं मणिपुर, बिहार, छत्तीसगढ़ के मध्य कल 19 दिसम्बर को सायं 04 बजे संगीत नाटक अकादमी परिसर, गोमतीनगर में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये जायेंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि समझौता ज्ञापन के अवसर पर लोक कलाकारों द्वारा ढेढिया लोकनृत्य प्रस्तुत किया जायेगा। मणिपुर, बिहार, छत्तीसगढ़ के कलाकारों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेगे। यूपी के कलाकारों द्वारा फूलों की होली लोकनृत्य गीतांजली शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यूपी एवं अन्य राज्यों के साथ सांस्कृतिक आदान प्रदान को आकार देना है।

### विधानसभा के नवनिर्वाचित नौ सदस्यों के लिए 45 करोड़ स्वीकृत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-2025 में विधान सभा के नवनिर्वाचित 09 सदस्यों हेतु अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों के विकास कार्यों हेतु जीएसटी सहित पाँच करोड़ प्रति सदस्य की दर से जीएसटी सहित पैंतालीस करोड़ की धनराशि प्रथम किश्त एवं द्वितीय किश्त की समेकित धनराशि के रूप में निर्धारित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा प्रदान की गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।

# लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार सहित सात आईएएस बनेंगे प्रमुख सचिव

▸ डीपीसी में 150 आईएएस अधिकारियों को मिला प्रमोशन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई डीपीसी में 154 आईएएस अफसरों को पदोन्नति, सलेक्शन ग्रेड व कनिष्ठ प्रशासनिक वेतनमान देने पर विचार-विमर्श हुआ। चार नामों के अलावा सभी पर सहमति बन गई। 2000 बैच के आठ आईएएस अफसरों में सात को प्रमुख सचिव बनाने पर सहमति बनी है।

एक के खिलाफ विभागीय जांच चलने की वजह से उस पर विचार नहीं किया गया। जांच के चलते तीन अन्य आईएएस को पदोन्नति देने पर सहमति नहीं बन पाई। एक आईएएस अफसर निलंबित हो चुके हैं और दो अन्य के खिलाफजांच चल रही है। पदोन्नति एक जनवरी से लागू होगी। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई डीपीसी में सबसे पहले 2000 बैच के आठ आईएएस अफसरों के नामों पर विचार किया गया। लगातार 25 साल की सेवा करने पर सचिव से प्रमुख सचिव बनाया जाता है। इस बैच में सौरभ बाबू, दीपक अग्रवाल, अमित गुप्ता, मनीष चौहान, धनलक्ष्मी के, रंजन कुमार, अनुराग यादव और रणवीर प्रसाद हैं। इनमें एक नाम को छोड़कर अन्य को पदोन्नति देने पर सहमति बनी।

2009 बैच के 40 अफ्सरों को विशेष सचिव से सचिव बनाने संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा हुई। इसमें सुभ्रा सक्सेना, सूर्यपाल गंगवार, अदिति सिंह, डा. रूपेश कुमार, अनुज कुमार झा व माला श्रीवास्तव हैं। इसी बैच के डा. नितिन बंसल, मसूम अली सरवर, विजय किरण आनंद, भानु चंद्र गोस्वामी, प्रकाश बिंदु, एस राजलिंगम, विवेक, भूपेंद्र एस चौहान, वैभव श्रीवास्तव, अजीत कुमार, बृजेश नारायण सिंह, राकेश कुमार मिश्रा, रमाकांत पांडेय, अनुराग पटेल, आनंद कुमार सिंह द्वितीय, राम केवल, राजेश कुमार द्वितीय, मार्कंडेय शाही, अविनाश कृष्ण सिंह, राजेश प्रकाश, प्रमोद कुमार उपाध्याय, जगदीश, डा. अखिलेश कुमार मिश्रा, डा. अनिल कुमार, इंद्र विक्रम सिंह, डा. हीरालाल, शैलेंद्र कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह द्वितीय, अमर नाथ उपाध्याय, डा. अनिल कुमार सिंह, साहब सिंह, मानवेंद्र सिंह, अटल कुमार राय, नरेंद्र प्रसाद पांडेय हैं। 2012 बैच के 51 अफसरों को लगातार 13 साल की सेवा पर सलेक्शन ग्रेड, वर्ष 2016 बैच के 38 अफसरों को नौ साल की सेवा पर कनिष्ठ प्रशासनिक वेतनमान और चार साल की सेवा करने वाले वर्ष 2021 बैच के 17 आईएएस अफसरों को 6600 ग्रेड पे देने पर सहमति बनी है।

### पर्यटन मंत्री ने किया भातखंडे संगीत उत्सव का शुभारम्भ

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि भातखंडे विश्वविद्यालय अपने विकास यात्रा के दौरान देश के निर्माण में सराहनीय भूमिका अदा की है। विश्वविद्यालय के छात्र एवं छात्रायें अपनी लगन और निष्ठा से जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़े और प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करें। यहां से निकलने वाले छात्र वैज्ञानिक बने, संगीतकार बने, जिस क्षेत्र में जाये, सफलता के नये कीर्तिमान स्थापित करें। जयवीर सिंह आज त्रिदिवसीय भातखंडे संगीत उत्सव-2024 का शुभारम्भ के अवसर पर सम्बोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्रायें, कला प्रेमियों, कत्थक, नृत्य, गायन, संगीत वादन आदि विधाओं से जुड़े छात्र-छात्राओं की उपस्थिति थे। उन्होंने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि जो सपना हमारे देश के नेताओं ने देखा था, उसको साकार करने की जिम्मेदारी छात्र-छात्राओं पर है।

# इंस्टाग्राम से दोस्ती फिर पिस्टल दिखाकर बी-टेक छात्रा से गैंगरेप

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बी-टेक छात्रा को बंधक बनाकर 4 युवकों ने गैंग रेप किया। युवती गोरखपुर की रहने वाली है। वह नोएडा में बी-टेक थर्ड ईयर की स्टूडेंट है। कुछ दिन पहले उसकी इंस्टाग्राम पर लखनऊ के युवक से दोस्ती हुई। वह उससे मिलने के लिए लखनऊ पहुंची। आरोप है कि दोस्त अपने तीन साथियों के साथ मिलकर गैंग रेप किया।

घटना 12 दिसंबर की इंदिरा नगर इलाके की है। गैंग रेप के चार आरोपियों में से तीन आरोपी 13 दिसंबर से चोरी के मामले में पुलिस की हिरासत में हैं। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। कुछ दिन पहले इंस्टाग्राम पर सतीश कश्यप ने रिक्वेस्ट भेजा। मैं एक्सेप्ट नहीं की तो लगातार मैसेज भेज रहा था। हम दोनों के बीच में कुछ दिन बाद बातचीत शुरू हो गई। वह ऑनलाइन कॉलिंग करने लगा। बाद में अपनी बातों में फंसाकर नंबर मांगा। दोनों के बीच ऑनलाइन और डॉरेक्ट कॉलिंग से बातचीत होने लगी। उस पर भरोसा हो गया। सतीश के कहने पर 12 दिसंबर को उससे मिलने लखनऊ आई। उसने बीबीडी कॉलेज के पास अपनी एसयूवी में बैठाया। इसके बाद गोमती नगर की तरफ ले गया। रात को घर पर रुकने के लिए कहा। उसकी बातों में आकर मैं उसके घर पर रुक गई। सतीश इंदिरा नगर के तकरोही का रहने वाला है। वह रात में अमराई गांव स्थित अपने कमरे में ले गया। यहां उसके तीन दोस्त युसूफ, जतिन और मन्नू यादव पहले से मौजूद थे। विरोध करने पर पिस्टल निकाल लिया। फिर सभी ने मिलकर मेरे साथ गैंग रेप किया। चारों आरोपी रात भर मेरे साथ रेप करते रहे। अब मैं सजा दिलाने की ठान ली और हिम्मत जुटाकर फिर से लखनऊ आई। यहां इंदिरा नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस का कहना है कि सतीश का आपराधिक रिकॉर्ड पुराना है।

# मनरेगा से गांवों में कराए जाए चारागाह विकास के कार्य

समृद्धि न्यूज

▸ पशुधन के लिए चारा उपलब्ध कराने पर विभाग का जोर

**लखनऊ ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल नेतृत्व में ग्राम्य विकास विभाग निरंतर ग्रामीण विकास एवं ग्रामीणों की आजीविका संवर्धन हेतु कार्य कर रहा है। मनरेगा योजनांतर्गत सामुदायिक एवं व्यक्तिगत कार्यो के माध्यम से ग्रामीण विकास एवं ग्रामीणों की आय में वृद्धि करने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है।

उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर पशुधन उत्पादकता बढ़ाने के लिए पर्याप्त मात्रा में चारे की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए मनरेगा से चारागाह विकास कार्य करने के निर्देश उत्तर प्रदेश शासन द्वारा समस्त जिलाधिकारियों को दिये गये हैं। ग्राम्य विकास विभाग की महत्वाकांक्षी योजना महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में चारागाह का विकास कार्य कराने के निर्देश निर्गत किये गये हैं। शासन स्तर से समस्त जनपदों को निर्देशित किया गया है कि पशुधन हेतु चारे की पर्याप्त उपलब्धता हेतु अधिक से अधिक चारागाह का विकास कराने के निर्देश दिये गये हैं। जिलों को जारी पत्र द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि चारे की उपलब्धता बढ़ाने के लिए किसी योग्य भूमि, चारागाह की भूमि, सामुदायिक भूमि व विक्रति एवं बंजर भूमि पर चारागाह का विकास कर पशुधन हेतु चारा उपलब्ध कराया जा सकता है। ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा चारागाह विकास कार्य मनरेगा में अनुमन्य है, जिसके अनुसार ग्राम पंचायतों में चारागाह का विकास कार्य किया जा सकता है। प्रदेश में पशुधन उत्पादकता बढ़ाने पर विभाग का विशेष जोर है, पशुधन के लिए चारे की पर्याप्त उपलब्धता भी बेहद आवश्यक है। ग्राम पंचायतों में चारे की उपलब्धता बढ़ाने के लिए गांव की किसी योग्य भूमि, चारागाह की भूमि, सामुदायिक भूमि, विक्रति एवं बंजर भूमि पर चारागाह का विकास कर पशुधन हेतु चारा उपलब्ध कराया जा सकता है।

### वेतन बहाली की मांग को लेकर शिक्षा निदेशक कार्यालय को शिक्षकों ने घेरा

**लखनऊ।** शिक्षा निदेशक कार्यालय का शिक्षकों ने घेराव कर दिया है। सभी वेतन बहाली की मांग कर रहे हैं। शिक्षकों के इस प्रदर्शन को माध्यमिक शिक्षक संघ ने भी समर्थन दिया है। पूरे प्रदेश के शिक्षक सुबह 11 बजे पार्क रोड स्थित माध्यमिक शिक्षा निदेशक के शिविर कार्यालय पर इकट्ठा हुए हैं। यहां से दोपहर करीब तीन बजे विधानसभा की ओर रवाना हुए, जहां शिक्षक अपनी प्रमुख मागों को लेकर ज्ञापन देंगे। माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष और प्रवक्ता डॉ. आर पी मिश्रा का कहना है कि निदेशालय में बैठने वाले कई अफ्सरों की गाढ़ी काली कमाई है। इसके बाद भी एक दिन का वेतन रुक जाता है तो इन्हें बर्दाश्त नहीं होता। तदर्थ शिक्षक तो न जाने कब से बिना वेतन के काम कर रहे हैं। हमारी मांग सीमित और सरल है। लंबे समय से इन मांगों को लेकर विभाग को अफ्सरों को बता रहे हैं, फिर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही। अगर हमारी मांग मान ली जाती तो हम लोगों को प्रदर्शन के लिए विवश नहीं होना पड़ता।

### अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करना अल्पसंख्यक अधिकार दिवस का मकसद : दानिश

**लखनऊ ।** प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने आज अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के मौके पर कहा कि की यह एक महत्वपूर्ण दिवस है जब हम अपने देश में रहने वाले अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों और कल्याण पर ध्यान केंद्रित करते हैं। भारत एक बहु-सांस्कृतिक और बहु-धार्मिक देश है, जहां विभिन्न धर्मों और संस्कृतियों के लोग सद्भाव से रहते हैं। संविधान सभी नागरिकों को समानता, समान अवसर और सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार प्रदान करता है। पूर्व सरकार में अल्पसंख्यक समुदायों को हमेशा सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से हाशिए पर धकेलने का काम किया गया। उन्हें शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, सेवा और अन्य बुनियादी सुविधाओं तक से दूर रखा।

# दलितों व उपेक्षितों के एकमात्र भगवान बाबा साहेब आम्बेडकर : मायावती

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को नसीहत दी है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के नाम पर राजनीतिक रोटी सेंकने की बजाए उनका आदर सम्मान करें।

मायावती ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि कांग्रेस व भाजपा एण्ड कम्पनी के लोगों को बाबा साहेब डा. भीमराव आम्बेडकर की आड़ में अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने की बजाय, इनका पूरा आदर-सम्मान करना चाहिये। इन पार्टियों के लिए इनके जो भी भगवान हैं, उनसे पार्टी को कोई ऐतराज नहीं है। लेकिन दलितों व अन्य उपेक्षितों के लिए एकमात्र इनके भगवान केवल बाबा साहेब डा. भीमराव आम्बेडकर हैं। उनकी वजह से ही इन वर्गों को जिस दिन संविधान में कानूनी अधिकार मिले हैं, तो उसी दिन इन वर्गों को सात जन्मों तक का स्वर्ग मिल गया था। अतः कांग्रेस, भाजपा आदि पार्टियों का दलित व अन्य उपेक्षितों के प्रति प्रेम विशुद्ध छलावा है। इनसे इन वर्गों का सही हित व कल्याण असंभव है। इनके कार्य दिखावटी ज्यादा, ठोस जनहितैषी कम है।

बहुजन समाज व इनके महान संतों, गुरुओं, महापुरुषों को समुचित आदर-सम्मान बसपा की सरकार में ही मिल पाया है। मायावती ने कहा कि यूपी में भी गरीबी बेरोजगारी व महंगाई आदि से लोग त्रस्त है। ऐसे लोगों के हितों में यहां चल रहे विधानसभा सत्र में सरकार को कुछ ऐसी योजनाओं को भी शुरू करना चाहिए जिससे इनको थोड़ी राहत मिल सके। इनकी ओर से पार्टी की यह ख़ास अपील।

### पर्यटन विभाग धार्मिक स्थलों के सौन्दर्यीकरण के लिए कटिबद्ध : जयवीर

**लखनऊ।** पर्यटन विभाग ने जौनपुर स्थित मां शीतला चौकिया धाम और लखनऊ के रहीमाबाद मालरोड स्थित सिद्धपीठ बाराही देवी मंदिर का पर्यटन विकास के लिए 7.13 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है, जिसमें से लगभग 3.5 करोड़ रूपये की धनराशि जारी की जा चुकी है। यह दोनों धार्मिक स्थल पर्यटन की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। विभिन्न अवसरों पर यहां मेले लगते हैं। इसके अलावा सालभर इन दोनों स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है। पर्यटन विभाग धार्मिक स्थलों पर बुनियादी सुविधायें सुलभ कराने के लिए इन दोनों स्थलों के सौन्दर्यीकरण कराने का निर्णय लिया है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि जौनपुर स्थित मां शीतला चौकियां धाम प्रसिद्ध सिद्धपीठ है। यह पावन स्थल सनातन आस्था का केंद्र है, जहां दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। नवरात्रि में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगती हैं। बच्चों के मुंडन-संस्कार के लिए भी बड़ी संख्या में भक्त आते हैं।

सावधानी | प्रधानमन्त्री टीबी (क्षय) मुक्त भारत अभियान के तहत एचएएल परिसर में 100 दिवसीय टीबी अभियान शुरू

# दो सप्ताह से ज्यादा खांसी आए तो न करें नजरंदाज

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** प्रधानमन्त्री टीबी (क्षय) मुक्त भारत अभियान के तहत बुधवार से हिंदुस्तान एरोनोटिक्स लिमिटेड (एचएएल) परिसर में सात दिसम्बर से 100 दिवसीय टीबी अभियान शुरू हुआ। इसी क्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एन.बी. सिंह के निर्देशन में एचएएल परिसर स्थित विद्यालय में टीबी जागरूकता संगोष्ठी आयोजित हुयी तथा एचएएल परिसर में विद्यार्थियों एवं एनसीसी कैडेट्स ने जागरूकता रैली निकाली।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला क्षय रोग अधिकारी डा. ए.के. सिंघल ने विद्यार्थियों को टीबी के लक्षणों के बारे में बताया कि यदि दो सप्ताह से ज्यादा खांसी हो, शाम के समय बुखार आये, लगातार वजन में कमी हो, रात में पसीना आये और शरीर के किसी भी अंग में दर्द हो, बलगम में खून आये तो यह टीबी हो सकती है। इसे नजरंदाज न करें और शीघ्र ही निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जाँच कराएं। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर टीबी की जांच और इलाज निशुल्क है। टीबी को लेकर भ्रान्ति है कि यह लाइलाज है जबकि नियमित दवा और पौष्टिक व प्रोटीनयुक्त आहार का सेवन करने से यह बीमारी ठीक हो जाती है। इसी उद्देश्य के साथ निक्षय मित्र योजना शुरू की गयी है जिसके तहत व्यक्तिगत तौर से या कोई भी संस्थान टीबी मरीज को गोद लेकर इलाज के दौरान उन्हें पोषण सामग्री उपलब्ध करा सकता है।

साथ ही निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी मरीज को इलाज के दौरान एक हजार रूपये की धनराशी खाते में भेजी जाती है। डॉ. सिंघल ने कहा कि जो भी बातें बतायी जा रही हैं उन्हें परिवार के सदस्यों, दोस्तों, रिश्तेदारों से साझा करें। यदि घर में या आस दूपास किसी में उपरोक्त लक्षण दिखाई दें तो उन्हें स्वास्थ्य केंद्र पर भेजें। पब्लिक प्राइवेट मिक्स समन्वयक रामजी वर्मा ने बताया कि टीबी छुआछूत की बीमारी नहीं है। यह साथ खाने, तौलिया या बरतना साझा करने से नहीं फैलती है। यह बैक्टीरिया जनित बीमारी है। यह संक्रमित व्यक्ति के खांसने व छींकने से फैलती है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने टीबी से सम्बन्धित सवाल पूछे और आशंकाओं का समाधान किया। इस मौके पर सौमित्र मिश्रा, डा. राम मनोहर लोहिया अस्पताल स्थित टीबी यूनिट के सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर अरुण कुमार, टीबीएचवी सुधीर कुमार, शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

### क्या है 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन

अभियान जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री के साल 2025 तक क्षय मुक्त देश के क्रम में कुछ ही दिन रह गए हैं। इसी को लेकर एचएएल सहित केंद्रीय कार्यालयों में यह 100 दिवसीय अभियान सात दिसम्बर से शुरू किया गया है। जिसके तहत परिसर में अभी को टीबी रोग के लक्षण, बचाव और उपचार की जानकारी दी जाएगी। शिविर लगाकर टीबी के संभावित लक्षण वाले व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की जाएगी और टीबी की पुष्टि होने पर उनका इलाज शुरू किया जायेगा।

# जिलाधिकारी ने अवैध कब्जे से मंदिर को कराया मुक्त

- इमामबाड़ा मोहल्ले में स्थित 200 वर्ष से अधिक पुराने मंदिर के परिसर में दबंगों ने किया था कब्जा
- डीएम की देखरेख में चली जेसीबी, अवैध कब्जे हटाकर कराई गई सफाई
- डीएम ने दी चेतावनी, दोबारा कब्जा करने की कोशिश पर होगी सख्त कानूनी कार्रवाई



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

**समृद्धि न्यूज।** जिले के इमामबाड़ा मोहल्ले में स्थित ऐतिहासिक और पवित्र बड़ी संगत मंदिर को जिलाधिकारी (डीएम) नेहा शर्मा ने बुधवार को सख्त कदम उठाते हुए अतिक्रमण मुक्त कराया। यह मंदिर 200 वर्षों से अधिक पुराना है और हनुमान जी को समर्पित है। मंदिर गोण्डा शहर के इमामबाड़ा इलाके में स्थित है। इसके परिसर और मुख्य द्वार के आसपास कुछ स्थानीय दबंगों ने अवैध रूप से टिन शेड लगाकर अपने वाहनों की पार्किंग शुरू कर दी थी। इसके अलावा, यहां कबाड़ और कचरा जमा होने के कारण मंदिर परिसर का वातावरण अत्यधिक खराब हो गया था।

अवैध कब्जे और टिन शेड न केवल मंदिर के पवित्र परिसर को नुकसान पहुंचा रहे थे, बल्कि आने-जाने के मार्ग को भी बाधित कर रहे थे। मंदिर के पुजारी और भक्तों ने इस अतिक्रमण और गंदगी की शिकायत जिलाधिकारी से की थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए, डीएम नेहा शर्मा ने इस पूरे मामले पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की। बुधवार को जिला प्रशासन, नगर पालिका की टीम और पुलिस बल की मौजूदगी में कार्यवाही शुरू की गई। डीएम ने स्वयं स्थल पर मौजूद रहकर प्रशासनिक टीम का नेतृत्व किया। जिला प्रशासन और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने जेसीबी की मदद से अवैध संरचनाओं को ध्वस्त किया और कब्जा हटवाया। इसके बाद मंदिर परिसर की सफाई कराई गई। यह कार्रवाई करीब एक घंटे तक चली।

### अवैध कब्जा करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

निरीक्षण के दौरान, डीएम नेहा शर्मा ने मंदिर परिसर का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि मंदिर की जमीन पर दोबारा कोई अतिक्रमण न हो। डीएम ने चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति भविष्य में अवैध कब्जा करने का प्रयास करेगा, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मंदिर और उसके आसपास नियमित रूप से सफाई अभियान चलाया जाए। उन्होंने मंदिर की ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित रखने के लिए विशेष उपाय अपनाने के निर्देश भी दिए। इस अभियान में डीएम नेहा शर्मा के साथ नगर मजिस्ट्रेट पंकज कुमार वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी सौरभ वर्मा, अधिशासी अधिकारी संजय कुमार मिश्र और नगर कोतवाल संतोष कुमार मिश्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। सभी अधिकारियों के समन्वित प्रयासों से अतिक्रमण हटाने का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हुआ।

### स्थानीय निवासियों और श्रद्धालुओं की प्रतिक्रिया

बड़ी संगत मंदिर को अतिक्रमण मुक्त कराने की इस कार्यवाही को लेकर स्थानीय निवासियों और श्रद्धालुओं ने जिला प्रशासन की सराहना की। स्थानीय लोगों ने कहा कि यह मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि ऐतिहासिक महत्व भी रखता है। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से मंदिर परिसर में साफ-सफाई और पवित्रता बनी रहेगी।

# सीएम के आदेश के बाद भी चकरोड के विवाद का नहीं हुआ निस्तारण

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

वर्ष 2018 से न्याय के लिए भटक रहा ग्रामीण

मिहींपुरवा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 11 परवानी बाजार के मोहल्ला शुक्लानगर निवासी बलराम तिवारी वर्ष 2018 से 1076 की पैरवी कर रहे हैं। कई बार निस्तारण के लिए उच्च अधिकारियों द्वारा आदेश भी दिया गया।लेकिन अभी तक उसका निस्तारण नहीं हो सका है।क्षेत्रीय लेखपालों द्वारा फर्जी तरीके से रिपोर्ट लगाकर खाना पूर्ति की जा रही है। नगर पंचायत निवासी बलराम तिवारी ने मुख्यमंत्री के जनता दरबार में जाकर 10 अगस्त 2024 को न्याय की गुहार लगाई थी।इसके पश्चात आवेदनर्ता के आवेदन संख्या 1518024017008 पर मुख्यमंत्री द्वारा जिलाधिकारी को आदेश दिया गया कि विवाद को मौके पर जाकर निस्तारित कर आख्या प्रेषित करें। इसके बावजूद अभी तक कोई भी अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा है।जिससे ग्रामीण काफी परेशान है।उसके परिवार की स्थिति काफी दयनीय हो चुकी है। उसके परिवार में कुल सदस्यों की संख्या 12 है।जिसमें कुछ बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। जिनकी पढ़ाई भी छूट चुकी है। रास्ता बंद होने के कारण प्रार्थी का लगभग 10 बीघा खेत भी 07 साल से परती पड़ा हुआ है। प्रार्थी द्वारा कई बार प्रार्थी द्वारा जिलाधिकारी के यहां भी जाकर शिकायत की जा चुकी है। लेकिन कार्यवाही शून्य है। ऐसे में कहीं न कहीं योगी सरकार की छवि भी धूमिल हो रही है।

# खराब रैंकिंग वाले विभागों के प्रति डीएम नाराज

- आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों में लगायें उच्चकोटि की आख्या, शिकायतकर्ता को करें संतुष्ट : डीएम

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने राजस्व विभाग से संबंधित सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से जिले में चल रही योजनाओं की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा की। उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से विभागवार योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने उद्योग विभाग, आबकारी विभाग, खनन विभाग, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, बाटमाप, मण्डी विभाग, राजस्व विभाग आदि विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभागी अधिकारियों से सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित हो रहे कार्यों के प्रगति की रैंकिंग के संबंध में समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी लोग अपने-अपने विभागों की सीएम डैशबोर्ड से संबंधित कार्यों/योजनाओं की बराबर समीक्षा करते रहें, ताकि सीएम डैशबोर्ड पर विभाग की रैंकिंग खराब न होने पाए, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों में उच्चकोटि की आख्या लगाये तथा शिकायतकर्ता से वार्ता करके शिकायत का समाधान करें, ताकि शिकायतकर्ता पूरी तरह से संतुष्ट हो। उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहा है कि निरंतर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहें और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें, निर्धारित समय अवधि में निस्तारण करें। कहा कि संबंधित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गंभीरता से लें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग छोटी से छोटी कमी पर ध्यान देते हुए अपनी रैंकिंग में सुधार लाएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, उपजिलाधिकारी गोण्डा सदर, करनैलगंज, तरबगंज, तथा मनकापुर, तहसीलदार करनैलगंज, तरबगंज, मनकापुर तथा गोण्डा सदर, एआरटीओ प्रशासन, एआरटीओ पर्वतन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजीत कुमार मिश्र, जिला औषधि निरीक्षक रजिया बानो, ईडीएम, बाटमाप अधिकारी सहित सभी संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बच्चों को यातायात व मिशन शक्ति की दी जानकारी

**बहराइच समृद्धि न्यूज़** यातायात सप्ताह पर पुलिसकर्मियों ने रामनगर खजुरी स्थित राम नरायन सिंह इंटर कालेज में अध्ययनरत बालक-बालिकाओं को यातायात व मिशन शक्ति के संबंध में जानकारी प्रदान किया। थानाध्यक्ष करुणाकर पाण्डेय ने बच्चों से यातायात नियमों का पालन करने की बात कही वहीं महिला आरक्षियों द्वारा मिशन शक्ति के बारे मे बालिकाओं से उनकी समस्याओं को मद्देनजर रखते हुए महिलाओं पर हो रहे अपराध के प्रति उन्हें जागरूक किया।बालिकाओं को महिला संबंधी घटित अपराध की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1090 ,1098 ,1076, 112 ,181, 108 व साइबर संबंधित अपराध के शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1930 की जानकारी दी गई।

# अंतर महाविद्यालय नेटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**





राजा देवी बक्श सिंह अवध राज सिंह महाविद्यालय डुमरिया डीह गोंडा में डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय नेटबॉल (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

राजा देवी बक्श सिंह अवध राज सिंह महाविद्यालय डुमरियाडीह में अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता नेटबॉल (पुरुष/महिला) (डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के तत्वाधान) में टीमों ने प्रतिभाग किया जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. आशीष प्रताप सिंह -क्रीड़ा सचिव डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कर कमलों द्वारा किया गया।

प्रतियोगिता में सभी टीमों के खिलाड़ियों में अदम्य उत्साह देखने को मिला द्य (पुरुष वर्ग) फाइनल में राजा देवी बक्श सिंह अवध राज सिंह महाविद्यालय डुमरियाडीह गोंडा और डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के बीच हुआ, जिसमे डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या, विजेता तथा राजा देवी बक्श सिंह अवध राज सिंह महाविद्यालय डुमरिया डीह गोंडा उपविजेता रही। महिला वर्ग में फाइनल राजा देवी बक्श सिंह अवध राज सिंह महाविद्यालय डुमरियाडीह गोंडा और किसान पी जी कॉलेज बहराईच के बीच फाइनल मैच खेला गया, जिसमें राजा देवी बक्श सिंह अवध राज सिंह महाविद्यालय डुमरियाडीह गोंडा, विजेता और किसान पी जी कॉलेज बहराईच, उपविजेता रही।

इस प्रतियोगिता में उपस्थित अतिथियों, डॉ.आशीष प्रताप सिंह-क्रीड़ा सचिव, डॉ. अनुराग पांडे - उप सचिव, श्री सुरेश सिंह - पर्यवेक्षक, अनिरुद्ध सिंह, डॉ. नागेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. शिव कुमार सिंह इत्यादि को आयोजक महाविद्यालय के प्रबंधक रमेश प्रताप सिंह के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधक रमेश प्रताप सिंह के द्वारा विश्वविद्यालय से नियुक्त सभी निर्णायक श्री अंकित मिश्रा, बृजेश मिश्रा, साजन सिंह, पूजा सिंह एवं महाविद्यालय के प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ श्री के. एन.मिश्रा, श्री जे.पी. मिश्रा, श्री आशीष तिवारी, श्री साजन सिंह, कु. पूजा सिंह शिव ओम तिवारी, डॉ. ए .के. वर्मा, श्री गिरीश यादव इत्यादि को धन्यवाद ज्ञापन के साथ उत्साह वर्धन किया गया।

प्रतियोगिता के समापन की घोषणा श्री रमेश प्रताप सिंह जी ने किया और खेल में नवाचार के प्रति अपनी कटिबद्धता प्रकट की। डॉ. आशीष प्रताप सिंह क्रीड़ा सचिव के द्वारा सफल, सुचारु एवं शानदार प्रतियोगिता आयोजित कराने के लिए महाविद्यालय परिवार एवं प्रबंधक की प्रशंसा की गई एवं खिलाड़ियों को उत्तम व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए सतत प्रयास करने का आश्वासन दिया गया।

## खबरें एक नजर में

### कंबल पाकर लाभार्थी प्रसन्न




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** अत्यधिक ठंड को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने दिव्यांग व निराश्रित व्यक्तियों को कंबल वितरण कार्यक्रम शिवदहा न्याय पंचायत तथा महसी के मासाड़ीहा के ग्राम पंचायत चंदवापुर, बीरपुर, पकडीकला, थवई, चन्दईपुर, डेरवा, सेंवढा, तथा शिवदहा ग्राम पंचायत में कुल चिन्हित 45 लाभार्थियों को निशुल्क नोडल प्रभारी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य दिनेश कुमार तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने वितरित कर सरकार द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों को प्रस्तुत किया, और कहा कि दीनहीन व लाचार व्यक्तियों की सेवा नि:स्वार्थ भाव से करनी चाहिए इससे आत्मिक सुख व संतुष्टि मिलती हैं। कंबल वितरण कार्यक्रम में विकास क्षेत्र के एआरपी पयागपुर राजेश कुमार मिश्र,शिक्षक संकुल अजय श्रीवास्तव,लेखपाल मिथिलेश यादव ने अपने विचार व्यक्त किए। वितरण कार्यक्रम में पंचायत मित्र जय प्रकाश सिंह, कामता प्रसाद मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

### ट्रेन में वृद्ध की मौत

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** ट्रेन में सफर के दौरान एक 75 वर्षिय व्रद्ध की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। जी आर पी पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। बिहार प्रान्त के गोपाल गंज जिले के त्रिलोक पुर थाना के कस्बा निवासी हरि चन्द्र सिंह पुत्र राम चरितर लखनऊ से घर जा रहा था। मृतक के पुत्र दुरयोधन ने बताया कि घर जाते समय अचानक दिल का दौरा पड़ गया। ट्रेन में ही डकटर को बुला कर दिखाया गया। चिकित्सक ने मृत्यु घोषित कर दिया।

### महिला से युवकों ने की टप्पेबाजी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात क्षेत्र के मोहल्ला नौवागढ़ी निवासी सुशीला देवी पत्नी विजयेन्द्र का बेटा पुलिस अधीक्षक आवास के निकट स्थित आल सेंट स्कूल में पढ़ाई करता है। सोमवार को महिला अपने बच्चे को लेने के लिए विद्यालय गई। विद्यालय के निकट पहुंचते ही दो युवक आए। सभी ने महिला को वार्ता कर सम्मोहित किया। इसके बाद बच्चे के भविष्य के बारे में बताया। फिर सारे जेवरात मुट्ठी में लेकर आंख बंद करने के लिए कहा। महिला के आंख बंद करते ही सभी जेवरात लेकर फरार हो गए। सूचना पाकर कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक परमानंद तिवारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज से जांच की। कोतवाल ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### होटल कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** दरगाह थाना क्षेत्र के अग्रसेन चौक निवासी गुरुचरन सिंह (58) अमर सिंह फखरपुर के खालिदपुर गांव में संचालित ढाबे पर काम करते थे। वह प्रतिदिन ड्यूटी करने के बाद वापस घर चले जाते थे। ढाबा मालिक संजय पांडेय के भाई पंकज ने बताया कि चार दिन से वह काम करने के बाद ढाबे पर ही रुक जाते थे। मंगलवार सुबह वह सोकर नहीं उठे तो अन्य कर्मचारियों ने जगाया। लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। होटल मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग से सटे गांवों में हमले रोकेंगे एलईडी लाइट

- बाघ व तेंदुए के हमले रोकने के लिए लग रहे एलईडी
- 34 गांव में 562 लाइट लगे, अन्य में कार्य जारी





**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

तेंदुआ और बाघ प्रभावित गांवों में हमले रोकने के लिए विभाग संस्था की मदद से लाइट लगवाने का काम कर रहा है। अब तक 34 ग्राम पंचायत में 560 एलएडी लाइट लगवाने का काम हो चुका है।

कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के वनक्षेत्रों से सटे अधिकतर राजस्व ग्राम तेन्दुआ प्रभावित ग्राम हैं। जिसमें आए दिन तेन्दुआ द्वारा हमला कर व्यक्तियों को गम्भीर रूप से घायल तथा कभी-कभी व्यक्ति की मृत्यु भी हो जाती है। गांवों में सभी ग्रामवासियों के आवास पक्के नहीं है तथा ग्रामीण परिवेश होने से अभी भी अधिकतम ग्रामवासियों के आवास फूंस के हैं। जिससे अंधेरा होते ही जंगली जानवर वनक्षेत्र से सटे गांवो में पालतू मवेशी बकरी, गाय-भैंस आदि के शिकार के लिए चले जाते हैं। जिससे कभी-कभी व्यक्तियों का सामना होने पर मानव-वन्य जीव संघर्ष की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। मानव-वन्य जीव संघर्ष की निरन्तर बढ़ रही घटनाओं के दृश्टिगत् सिग्निफाई इनोवेशन इण्डिया लिमिटेड, सीएसआर पार्टनर फिनिश सोसाइटी संस्था द्वारा कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग को 3100 एलईडी लाईट उपलब्ध करायी हैं।

डीएफओ बी शिव शंकर ने बताया कि एलईडी कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के वन क्षेत्रों के किनारे बसे मानव-वन्य जीव संघर्ष प्रभावित गांवो में लगाया जाना है। जिसके प्रथम चरण में कतर्नियाघाट रेंज अन्तर्गत 34 गांवो में 562 एलईडी लाईटे लगाई जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि तेज प्रकाश के चलते बाघ और तेंदुए गांव की ओर रुख नहीं करेंगे और हमले रोकने में मदद मिलेगी। एलईडी लगने से गांव के लोगों में भी खुशी है।

### इन गांवों में लगी लाइट

जंगल से सटे गांव आनन्दनगर, जयश्रीपुरवा, कुरकुरी कुंआ, विशुनटांड़ा, मंगलपुरवा, मन्दिर, कैलाषपुरी, गुलरा, बेलहनपुरवा, ढकिया, टेढ़िया, सीतारामपुरवा, बाजपुर बनकटी, पठानपुरवा, धोबियाना, घोसियाना, मदनिया, तेलियनपुरवा, गुलरी पुरवा, सिरसियनपुरवा, बड़खड़िया, लख्खाबाग, बिहारी पुरवा, मौरहवा, विजय नगर, सतहवा, घूरेपुरवा, जमुनिहा, नथुनिया, जाहिदपुरवा, चहलवा, आम्बा, विशुनापुर, बर्दिया में लाइट लगाया गया है।

# विशेश्वरगंज क्षेत्र हरे पेड़ों की कटान जारी

- वन विभाग पर खड़े हो रहे सवाल



**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम ककरा मोहम्मदपुर इलाके में हरे-भरे पेड़ों को काटकर ट्रालियों में भरकर ले जाया जा रहा है। फलदार पेड़ों की धड़ल्ले से हो रही अवैध कटाई के संबंध में वन विभाग धृतराष्ट्र बना हुआ हुआ है। क्षेत्र के पर्यावरण पर इस कटाई का गंभीर प्रभाव पड़ रहा है, लेकिन वन विभाग अभी तक इस मामले में चुप्पी साधे हुए है।स्थानीय निवासियों के अनुसार यह कटाई पूरी तरह अवैध है और वन विभाग की अनदेखी के कारण इसमें तेजी आई है। पेड़ों की इस अंधाधुंध कटाई से पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है और वन्य जीवन पर भी इसका प्रभाव पड़ सकता है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर वन विभाग इस पर कब कार्रवाई करेगा, पर्यावरण के इस नुकसान को रोकने के लिए कदम उठाएगा। क्षेत्र के जागरूक नागरिकों का मानना है कि अगर यह सिलसिला जारी रहा तो आने वाले समय में प्राकृतिक संतुलन बिगड़ सकता है। वन विभाग को तुरंत इस मामले पर ध्यान देना चाहिए और अवैध कटाई पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।इस संबंध में बात करने पर रेंजर हरिश्चंद्र तिवारी ने बताया कि अभी बाहर है कल बात करेंगे।

# पौधशाला में तीन लाख पौध का होगा उगान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के ग्राम पंचायत पंडितपुरवा में बुधवार को ग्रामीणों के साथ वन विभाग ने जागरूकता बैठक की। लोगों को मानव वन्यजीव संघर्ष के लिए प्रेरित किया गया। बहराइच वन प्रभाग के गांवों में मानव वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। रूपईडीहा रंग के पंडितपुरवा पौधशाला में बुधवार को कार्यशाला का आयोजन हुआ। वन विभाग के विभिन्न कार्यो माइक्रोप्लान, अग्रिम मृदा कार्य, नर्सरी कार्य, वृक्षारोपण कार्यो,वन व वन्यजीव की सुरक्षा आदि विषयों पर जन प्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों के साथ गोष्ठी और विभिन्न कार्यों का प्रदर्शन किया गया। वन क्षेत्राधिकारी अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष रूपईडीहा रेंज में 3 लाख पौधों के उगान का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधान माधोपुर निदौना घनश्याम यादव,वन क्षेत्राधिकारी अतुल श्रीवास्तव, डिप्टी रेंजर विनय राणा, पूर्व प्रधान राजू,आशा, लाल जी, गोपाल, वन दारोगा अरशद खान, अनंतराम, हरिओम गौतम, वन रक्षक ब्रह्मदेव तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। साथ ही वन व वन्यजीव की सुरक्षा करने का संकल्प लिया गया इस अवसर पर सम्मानित ग्रामवासी आलू यादव सर्वजीत शंकाएं हजारी रामनाथ तारावती ननका देवी रेखा देवी रेखा देवी किरण देवी धनीराम भूलन माता प्रसाद आदि लोग उपस्थित रहे।

# रास्ते के अभाव में शो पीस बना पंचायत सचिवालय

- लाखों लगाने के बाद रास्ता बनाना भूल गए या लाखों की बर्बादी करना ही था मकसद



**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

जिस प्रकार से आईना कभी झूठ नहीं बोलता है ठीक उसी प्रकार से तस्वीरें करती हैं जमीनी हकीकत, जी हां यह जनपद बहराइच के विकासखंड कैसरगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत वैरा का पंचायत सचिवालय हैं जो रास्ता के अभाव में आम जनमानस के लिए शो पीस बना हुआ है।

गांव की नालियां गंदगी से बजा रही हैं, क्या प्रशासनिक व स्थानीय अधिकारी सरकार का लाखों लगाने के बाद रास्ता बनाना भूल गए या लाखों की बर्बादी करना ही उनका मकसद था। सरकार के मानसा के अनुसार अनुरूप गांव की समस्याओं का गांव में ही समाधान के तहत हर ग्राम पंचायत में सचिवालय का निर्माण कराया गया था। जिससे लोगों को किसी भी कार्य के लिए विकासखंड मुख्यालय ना दौड़ना पड़े, जिसमें जाति, आय, निवास, खतौनी, पैन कार्ड, परिवार रजिस्टर नकल के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के सरकारी सुविधाएं, ऑनलाइन,उचित दर पर ग्राम पंचायत सचिवालय से ही संपन्न होनी चाहिए थी। किंतु स्थानीय कर्मचारियों की लापरवाही से पंचायत सचिवालय में दी जाने वाली सुविधाओं की पंचायत भवनों में वॉल पेंटिंग ना होना व जागरूकता के अभाव से आधी अधूरी पड़ी है। जिससे आम जनमानस को सरकार के मानसा के अनुरूप पंचायत भवन से सुविधा नहीं प्राप्त हो रही हैं। यदि स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी सार्वजनिक रोस्टर के अनुरूप ग्राम पंचायत में बैठना सुनिश्चित करें, तो पंचायत भवन में रह गई कमियां बहुत ही कम समय में स्वतः ही समाप्त हो जाएंगी। ग्राम वासियों को अच्छी सुविधाओं का लाभ प्राप्त होने लगेगा, पंचायती राज विभाग में पंचायत सहायक का चयन होने से ग्राम पंचायत के बहुत से कार्य बहुत कम समय में संपन्न किया जा रहे हैं। पंचायती राज विभाग के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाए जा रहे हैं आयुष्मान कार्ड में विशेष योगदान पंचायत सहायकों का रहा है जो बहुत ही कम समय में सरकार के मानसा के अनुरूप बहुत सारा कार्ड बनाकर अपना योगदान दे चुके। पंचायत भवन वैरा के संबंध में जब पंचायत सहायक महक से बात की गई तो उन्होंने बताया कि समरसेबल 2 वर्षों से खराब है, पानी पीने की सुविधा नहीं है अधिकांश काम गांव में रहकर करना पड़ता है, इस समय फैमिली आईडी और जीरो पॉवर्टी सर्वे का कार्य मोबाइल द्वारा घर जाकर कर रही हूं, इसलिए अटेंडेंस लगाने के बाद अधिकांश समय गांव में ही व्यतीत होता है।

# तालाब में डूबकर युवक की मौत



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** तालाब में डूबकर युवक की मौत से घर में कोहराम मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरिया के मजरा नंदा गांव निवासी राम नरेश वर्मा 37 वर्ष पुत्र रामनारायण बुधवार को शौच के लिए गांव के बाहर गया हुआ था। दोपहर तक वह घर वापस नहीं लौटा तो परिवारजनों ने उसकी खोज बीन करना शुरू किया, गांव के दक्षिण दिशा में स्थित केवल दास कुटिया के पास तालाब के किनारे गन्ना काट रहे मजदूरों ने उसकी चप्पल को देखा इसकी सूचना स्थानीय थाने पर दी। पुलिस ने शक के आधार पर मछुआरों को बुलाकर तालाब में जाल डलवाया तो युवक का शव जाल में फस गया।शव मिलते ही परिवारजनों में कोहराम मच गया। मृतक युवक नरेश वर्मा की ससुराल इसी थाना क्षेत्र के सेमरा गांव में स्थित है पत्नी उसकी मायके गई थी इलाज करवाने के लिए मौत की सूचना पाकर पत्नी कृष्णा वती मौके पर पहुंची और उसका रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक शीला यादव का कहना है कि युवक नशे का आदी था। तालाब के किनारे शौच के लिए शायद गया हुआ था। पैर फिसलने से डूबकर मौत हो गई है पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

पशु पालन व जैविक खेती से महिलाओं को समूहों में जोड़कर आय वृद्धि करें एफपीओ

# किसानों की समस्याओं का समयबद्धत्ता के साथ करें निस्तारण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



कृषकों की समस्याओं के निराकरण के लिए विकास भवन सभागार में आयोजित किसान दिवस एवं कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि एफपीओ संतृप्तिकरण अभियान के अन्तर्गत एफपीओ को विभिन्न प्रकार के लाइसेंस दे दिये गये है। उन्हें नये-नये व्यवसाय अपनाने का सुझाव दिया। उन्होंने एफपीओ को निर्देश दिया कि पशु पालन व जैविक खेती से महिलाओं को समूहों में जोड़कर आय वृद्धि करे।

उन्होंने ग्राम भदौली चिलवरिया में सुहेलदेव एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के निदेशक सदस्य तथा एफपीओ के अन्तर्गत कार्यरत महिला समूहों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हम चाहते है कि जिले के सभी एफपीओ अधिक से अधिक महिला किसानों को जोड़कर तथा उन्हें विभिन्न व्यवसाय अपनाकर आय वृद्धि करें। बैठक में किसानों द्वारा की गयी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के निर्देश उपस्थित सभी अधिकारियों को दिया। एलडीएम को निर्देश दिया कि कृषि योजना की एग्रीजंक्शन योजना, पशु पालन की योजना, मत्स्य पालन की योजना के अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों का निस्तारण एक सप्ताह के अन्दर सुनिश्चित कर अवगत कराने के निर्देश दिये। रेशम विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि सेल्फ हेल्थ ग्रुप से महिलाओं को जोड़कर तथा थ्रेड बनाकर छोटे छोटे उत्पाद तैयार कराकर उनकी आय वृद्धि सुनिश्चित करें। किसानो से मुखातिब होकर जिलाधिकारी ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने हेतु ग्रामों में कृषि एवं राजस्व विभाग के कर्मियों द्वारा चौपाल लगाकर फार्मर रजिस्ट्री तैयार करायी जा रही है।

सभी कृषक अपने-अपने गांवो में कैम्प की तिथि पर उपस्थित होकर अपनी फार्मर रजिस्ट्री बनवाएं। उन्होनें कृषक उत्पादक संगठनों के सदस्यों से कहा कि आप फार्मर रजिस्ट्री करवाने का वीडियो तैयार कर उपलब्ध कराये तथा एफपीओ में शामिल सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित करे। अगले किसान दिवस में इसकी समीक्षा की जायेगी तथा जिन सदस्य कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री आपके माध्यम से तैयार होगी उनका आईडी नम्बर साथ लायेगें।

## धनुष टूटते ही राम की हुई सिया

- आकर्षण का केंद्र रहा राजा जनक का विलाप



**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत जरवल में चल रही राम विवाह महोत्सव में धनुष यज्ञ का आयोजन बाबा खाकीदास मंदिर में किया गया मंगलवार को धनुष यज्ञ की रामलीला का मंचन किया गया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने भगवान शंकर का धनुष जैसे ही तोड़ा चारों ओर जय श्री राम और सियापति रामचंद्र की जय के जयकारे से पूरा मंदिर गुंजायमान हो गया और माता सीता ने भगवान श्री राम को वरमाला पहनाई। बाबा खाकी दास मंदिर में चल रही श्री राम विवाह महोत्सव की रामलीला बड़े ही सुंदर ढंग से मंचन किया जा रहा है जिसमें धनुष यज्ञ मंगलवार को मनाया गया। रामलीला में आकर्षण का केंद्र राजा जनक का विलाप रहा और साधु राजा व दुष्ट राजा का संवाद तथा रावण और बाणासुर का संवाद भी काफी रोमांचक रहा बाद में परशुराम और लक्ष्मण का संवाद भी का भी मंचन किया गया जिससे काफी दर्शकों ने सराहा सबसे ज्यादा भावुक राजा जनक का विलाप रहा , राम विवाह महोत्सव जरवल नगर का काफी ऐतिहासिक है इस वर्ष यह 85 वां राम विवाह महोत्सव मनाया जा रहा है इस अवसर पर सरंछक मंडल ने कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र से सम्मानित भी किया उक्त रामलीला के कार्यक्रम में नीतीश कुमार ,दीपक गुप्ता,दुर्गेश कुमार,सूरज कसौंधन ,दीपक सैनी, कृष्णा गुप्ता,बृजेश गुप्ता,अनुपम मिश्रा,ऋषि मिश्रा,अवधेश गुप्ता आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# ...तो आखिर कहां से आई करोड़ों की नगदी

- बीस दिन बाद भी खुलासा नहीं कर पाई जांच एजेंसियां
- आयकर विभाग का दावा लखनऊ की एजेंसी कर रही जांच
- एक मेडिकल स्टोर के अंदर गत्ते में नोट भरे जाने का मामला

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

शहर के एक चर्चित नर्सिंग-होम के अंदर संचालित मेडिकल स्टोर में गत्ते में भरे जा रहे करोड़ों रुपए की नगदी का मामला ठंडा पड़ता जा रहा है वायरल वीडियो के बाद जाच एजेंसियों ने दावा कि था वह जल्द जांच पड़ताल के तहत मामले से पर्दा उठाएंगे लेकिन लगभग बीस दिन बीत रहे हैं जांच एजेंसियां किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। हालांकि वीडियो वायरल होने व खबर प्रकाशित के बाद मेडिकल संचालक ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान वायरल वीडियो को पुराना बताते हुए इतनी बड़ी रकम को वैध करार दिया था और यह भी कहा कि उनके पास आधा दर्जन ऐजेंसियां हैं लेनदेन होता रहता है। यही नहीं उन्होंने यह भी दावा किया था कि यह वीडियो बैक की है वह अपने रुपए रिकवरी करवा रहे थे। अब वीडियो कहा कि है यह जांच का विषय है लेकिन इस पूरे मामले में मेडिकल संचालक ने एक टीवी चैनल के पत्रकार को टारगेट बनाते हुए आरोप लगाया था कि उपरोक्त पत्रकार ने उनसे दो लाख रुपए की मांग की थी लेकिन जांच के दौरान वह पुलिस को कोई ठोस साक्ष्य नहीं दे सके नतीजा पुलिस जांच में पत्रकार को क्लीन चिट मिली। लेकिन इस बड़ी घटना और करोड़ों की नगदी वायरल को लेकर अभी ना तो संबंधित विभाग ना ही पुलिस के आला अधिकारी खुलासा कर सके हैं। अधिकारी एक दूसरे पर ठीकरा फोड़ रहे हैं। रायबरेली आयकर विभाग का कहना है कि जांच कई प्रकार की होती हैं इस मामले की जांच लखनऊ की टीम एजेंसी कर रही है।

इस मामले में भले पत्रकार को क्लीन चिट मिल गई हो लेकिन सवाल आज भी पर बरकार है कि आखिर इतनी बड़ी रकम एक मेडिकल स्टोर पर कैसे पहुंची रुपए वैध है या अवैध है अगर मेडिकल संचालक का बयान भी मान लिया जाए जो उन्होंने मीडिया के समक्ष प्रस्तुत किया था कि वह बैंक से रुपए रिकवरी करवा रहे हैं तब भी सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर वह कौन सी ऐसी बैंक है जो खजाने के पास उपभोक्ताओं को बैठाकर रुपए गत्ते में भरवाई होगी। यह तमाम सवाल जांच एजेंसियों के लिए हैं लेकिन अभी जांच एजेंसियों के काबिल अधिकारी एक कदम नहीं बढ़ पाए हैं।

### सही जांच हुई तो बेनकाब हो सकते हैं कुछ सफेद पोस : सूत्र

गत्ते में भरे जा रहे करोड़ों की जांच अगर निष्पक्ष रूप से हुई तो कुछ सफेद पोस लोग बेनकाब हो सकते हैं सूत्र बताते हैं कि यह बड़ी रकम किसी सफेद पोस की है जो मेडिकल स्टोर की आड़ में काला धन को सफेद करने की कोशिश की जा रही थी हालांकि इसकी पुष्टि हम नहीं करते है यह तो जांच एजेंसियां तय करेगी लेकिन घटना के कई दिन बीतने के बावजूद भी जांच एजेंसियां किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है जो कहीं ना कहीं सवाल खड़ा करता है। फिलहाल पत्रकार पर लगे आरोप व मेडिकल स्टोर संचालक दोनों तरफ से एसपी को तहरीर दी गई है जिसकी जांच सीओं सिटी अमित सिंह कर रहे हैं।

## जमीनी विवाद में दबंगों ने युवती को पीटा, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** इन दिनों दबंगों के हौसले इस कदर बुलंद है कि वह कानून व्यवस्था को तार तार करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे है। घटना मे एक युवती को एक युवक के द्वारा पटक पटक कर पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। विदित हो कि बुधवार दोपहर 3:00 बजे सोशल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल हुआ, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि एक दबंग युवक के द्वारा ग्राम समाज के जमीनी विवाद को लेकर युवती के साथ मारपीट की जा रही है। वायरल वीडियो के बारे में जानकारी प्राप्त हुई है कि जमीनी विवाद में दबंगों ने एक युवती की लात घूसो से पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। वायरल वीडियो थाना क्षेत्र के थुलेंडी चौकी के अंतर्गत मलिकपुर सरैया गांव का है, जहां की रहने वाली माधुरी पुत्री रामकुमार उम्र 19 वर्ष को अपनी पड़ोसी माया देवी पत्नी रामदेव उम्र 40 वर्ष को ग्राम समाज की जमीन पर कूड़ा डालने से मना करना भारी पड़ गया, घायल युवती द्वारा जब उसे कूड़ा डालने से मना किया गया तो, उसके दबंग पुत्र ने युवती की लात घूसो से पिटाई कर दी, जिसका वीडियो मोबाइल कैमरे में कैद हो गया और सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। घायल होने के पश्चात युवती ने थाने पहुंचकर प्रार्थना पत्र देकर शिकायत दर्ज कराई है। तत्पश्चात पुलिस द्वारा मेडिकल व इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां उसका इलाज किया गया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## महाकुंभ यात्रा का बछरावां नगर में हुआ भव्य स्वागत



**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** दैनिक जागरण महाकुंभ यात्रा का बछरावां नगर पंचायत में भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह बहुत ही उत्साह और जोश के साथ आयोजित हुआ। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने दैनिक जागरण की टीम का स्वागत किया और उनके साथ मिलकर इस महाकुंभ यात्रा के महत्व को समझा, यह यात्रा 18 मंडलों से होते हुए प्रयागराज जाएगी। स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह राम जी, भाजपा नेता हरिओम चतुर्वेदी, मनीष गुप्ता, सुमित यादव, रामकुमार गुप्ता, सन्तोष वर्मा, सौरभ कुमार, प्रदीप कुमार, सर्वेश कुमार, अशोक कुमार उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### स्मार्ट टीवी के द्वारा बच्चों को कराया जा रहा शिक्षण



**सलोंन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कंपोजिट विद्यालय अतरथरिया में स्मार्ट टीवी के द्वारा बच्चों को कक्षा शिक्षण कराया जा रहा है।स्मार्ट क्लास के माध्यम से बच्चे रूचि लेकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।तथा उनके अंदर और अच्छा करने की ललक जग रही है।इससे बच्चों का नियमित विद्यालय आने में काफी लाभ मिल रहा है।विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजकुमार ने बताया कि स्मार्ट क्लास के माध्यम से बच्चों में शिक्षा के व प्रति रुचि उत्पन्न हुई है।डिजिटल लिटरेसी को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार की मंशा स्पष्ट है।बेसिक शिक्षा विभाग निरंतर शैक्षिक नवाचारों और डिजिटल साक्षरता को प्रेरित करता रहा है।कंपोजिट विद्यालयों में शासन द्वारा बड़ी स्मार्ट टीवी स्क्रीन उपलब्ध करवाई गई है।जिसके माध्यम से बच्चे अनूठे तरीके से सीख रहे हैं।कंपोजिट विद्यालय स्मार्ट टीवी के आ जाने से बच्चे बहुत कुछ सीखने के लिए लालायित रहते हैं।वो विभिन्न विषयों के स्टडी मटेरियल को स्मार्ट टीवी पर देखकर सीखना चाहते हैं।खंड शिक्षा अधिकारी सुधा कुमारी वर्मा का मार्गदर्शन निरंतरकि स्मार्ट क्लास के माध्यम से बच्चों में शिक्षा के व् प्रति रुचि उत्पन्न हुई है।

### आपसी रंजिश के चलते मोटरसाइकिलों में अज्ञात लोगों ने लगाई आग

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** आपसी रंजिश के चलते घर के बरामदे में खड़ी हुई मोटरसाइकिलों को अज्ञात लोगों ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। घटना मंगलवार व बुधवार की मध्य रात्रि 12:30 बजे की बताई गई है। जब थाना क्षेत्र के ग्राम कुंदनगंज में मोहम्मद खुर्शीद पुत्र मोहम्मद शब्बीर के घर के बरामदे में रोज की तरह दो मोटरसाइकिल खड़ी हुई थी। रात्रि में मोटरसाइकिल धू धू कर जलने लगी। जानकारी मोहल्ले वालो एवं पीड़ित को हुई। मोहल्ले वासियों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूझबूझ से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, परंतु तब तक दोनों बाइके जलकर ध्वस्त हो चुकी थी। परिजनों के द्वारा सूचना 112 पुलिस को दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। मोटरसाइकिलों के पास पेट्रोल की एक बोतल भी बरामद की गई है जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि पेट्रोल डालकर बाइक में आग लगाई गई है। पीड़ित मोहम्मद खुर्शीद ने बताया है की रंजिश के चलते किसी के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है।

### एकमुश्त समाधान योजना का कैम्प आयोजित



**सादुल्लानगर/ बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** एकमुश्त समाधान योजना 2024-25 लागू होते हीं समस्त विद्युत उपभोक्ताओं के लिये उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुरूप उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0द्वारा बकायेदार विद्युत उपभोक्ताओं के लिए विलम्बित भुगतान अधिमार में छूट देने के लिए दिनांक 18 दिसम्बर, 2024 से एकमुश्त समाधान योजना का केम्प विद्युत उपकेंद्र अचलपुर चौधरी पर आरम्भ किया गया।बुधवार को कैंप लगाकर बिजली बकायदारों का एक मुश्त समाधान में पंजीकरण कर बकाया भुगतान कराया गया।राजकुमार यादव एसडीओ रेहरा बजार ने बिजली बकायादारों का पंजीकरण कराकर एक मुश्त समाधान योजना का शुभारंभ किया। एकमुश्त समाधान योजना के प्रचार-प्रसार के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उपभोक्ताओं को जागरूक करने की अपील करते हुए उनके बकाया बिल जमा करवाने का अनुरोध किया ।राजकुमार यादव एसडीओ रेहरा बजार,बृजनंदन यादव जेई अचलपुर चौधरी व अन्य बिजली कर्मचारियों द्वारा लोगों को सरकार की बिजली बिल बकायेदारो के लिए एक मुश्त समाधान योजना के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा की 30 सितंबर 2024 तक के बकाए पर ब्याज में 100 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। योजना को तीन चरणों में घरेलू वाणिज्य व नलकूप सभी प्रकार के उपभोक्ताओं के लिए लागू किया गया है। जिसमें पहले चरण में एक मुश्त बकाया जमा करने पर घरेलू के ब्याज में 100 प्रतिशत की छूट, दूसरे चरण में 80 प्रतिशत व तीसरे चरण में ब्याज में 70 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। जबकि बकायदारों को किस्तों में भी पैसा जमा करने की सुविधा दी जाएगी, लेकिन उसमें ब्याज की राशि पर कम छूट का लाभ उपभोक्ताओं को दिया जायेगा। बिजली विभाग के राजकुमार यादव एसडीओ रेहरा बजार,ने बताया कि लोगों को कस्बे में लाउडस्पीकर से मनादी कराकर भी जागरूक किया जायेगा। एसडीओ ने बताया कि कस्बे में चौराहों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर योजना के पोस्टर लगाये जा रहे । व लोगों को योजना के बारे में जागरूक करने के लिए पम्पलेट भी बाटे जा रहे हैं। एक मुश्त समाधान योजना कैंप सादुल्लानगर मे विभाग के कर्मचारी एवं लाभार्थी उपभोक्ता मौजूद रहे।।

## ईओ ने कर्मचारियों को वितरित किए ट्रैकसूट



**महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा के द्वारा नगर पंचायत के कर्मचारियों को ट्रैकसूट वितरण किया गया। महराजगंज नगर पंचायत सभागार में सफाई कर्मी एवं नगर पंचायत के अन्य कार्य कर रहे कर्मचारियों को ट्रैकसूट भेंट किया गया ईओ राम आशीष वर्मा ने कहा कि ट्रैकसूट पहनकर हमारे कर्मचारी नगर पंचायत के कर्मचारी लगेंगे क्योंकि ट्रैकसूट के पीछे नगर पंचायत महराजगंज लिखा हुआ है और साथ-साथ इन कर्मचारियों को ठंड से भी काफी हद तक निजात मिलेगी। इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक रामचंद्र बाबू लिपिक यमुना प्रसाद सभासद मुस्ताक राइनी धर्मेंद्र वर्मा अमित त्रिपाठी हलीम कमलेश कुशमेश रामकुमार यादव नगर पंचायत कर्मचारी चंद्रकेश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## कांग्रेसी नेता सुशील पासी को विधान भवन जाने से प्रशासन ने रोका

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



- गृहमंत्री अमित शाह द्वारा अंबेडकर पर की गई टिप्पणी पर तहसील पहुंचकर कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर कि नारेबाजी

कांग्रेसी नेता सुशील पासी को प्रशासन ने विधान भवन जाने से रोका तो अपने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ भारत के गृहमंत्री के द्वारा अंबेडकर पर की गई टिप्पणी पर तहसील पहुंचकर बीजेपी सरकार के खिलाफ की नारेबाजी। कांग्रेस पार्टी द्वारा महंगाई महिला अत्याचार पेपर लीक मुद्दों को लेकर विधानभवन का घेराव बुधवार को करना था लेकिन प्रशासन द्वारा महराजगंज कस्बे में विधान भवन का घेराव करने के लिए लखनऊ निकल रहे कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं बिहार प्रभारी सुशील पासी को पुलिस ने जाने से रोका। तो वही सुशील पासी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मुझे लगता है उत्तर प्रदेश में कानून का राज नहीं है जिसे भाजपा अमृत काल कह रही है उसे हम अन्यायराज कहते हैं और हम लखनऊ जाना चाहते है कानून व्यवस्था पर बेरोजगारी पर देश में अराजकता का माहौल है हर नेता और नागरिक की जिम्मेदारी है मैं कांग्रेस महासचिव एवं बिहार का प्रभारी हूं इसलिए आज लखनऊ जाते हुए सरकार को बताना चाह रहा था लेकिन पता नहीं क्या व्यवस्था है कि मुझे जाने के लिए निर्देश नहीं दे रही है। वहीं कांग्रेसी नेता सुशील पासी द्वारा अपने दर्जनों समर्थकों के साथ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर पर भारत के गृहमंत्री अमित शाह की टिप्पणी पर भाजपा सरकार के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए तथा राहुल प्रियंका के जिंदाबाद के नारे लगाए और ज्ञापन देने के लिए एसडीएम कार्यालय महराजगंज पहुंच गए लेकिन महराजगंज एसडीएम से मुलाकात न होने पर कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अंबेडकर का चित्र लेकर अपना विरोध प्रदर्शन जताया। इस मौके पर ग्राम प्रधान भगवानदीन फौजी रोहित कुमार सहित दर्जन भर से अधिक कांग्रेसी मौजूद रहे।

### एक देश एक चुनाव विधेयक को लेकर कांग्रेस का विरोध, 15 हिरासत में



**बछरावा-रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत टोल प्लाजा पर कांग्रेसियों को लखनऊ जाने से रोक लगाने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। कुछ कांग्रेसी नेताओं को पुलिस के द्वारा हिरासत में लिया गया तथा कुछ को हाउस अरेस्ट किया गया है। विदित हो कि बुधवार सुबह 6:00 बजे से लगातार पुलिस बल भारी संख्या में टोल प्लाजा पर मौजूद दिखाई दिया तथा लखनऊ जाने वाले वाहनों की विधिवत जांच पड़ताल गई व तथा क्षेत्रीय कांग्रेसी नेताओं सहित लगभग 15 लोगों को चुरुवा चौकी, बछरावां कोतवाली एवं थुलेंडी चौकी पर हिरासत में ले लिया गया है। तथा अन्य कुछ कांग्रेसी नेताओं को उनके घर पर ही हाउस अरेस्ट किया गया है। जानकारी प्राप्त हुई है, कि एक देश एक चुनाव विधेयक के विरोध में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में बुधवार को विधानसभा घेराव किया जाना था। जिस पर प्रदेश के कोने-कोने से कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता विधानसभा पहुंचने के लिए निकले थे। जिसकी रोकथाम के लिए प्रशासन द्वारा कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ताओं के धरने में न पहुंचने के लिए रोक लगाई गई इस मौके पर जनपद रिश्ता से पुलिस विभाग के कई बड़े अधिकारी एवं स्थानीय थाना सहित कई थानों का पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

## पीली ईंट से हो रहा सरकारी अस्पताल में निर्माण, जिम्मेदार बेपरवाह

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ में चल रहे निर्माण अधीन कार्य में जमकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है जहां प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार एवं भ्रष्टाचार्यों के विरुद्ध कड़े नियम कानून बना रही है वहीं वही भ्रष्टाचारी सरकार की साफ सुथरी छवि को धूमिल करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं सूबे के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य विभाग के मंत्री ब्रजेश पाठक प्रदेश की जनता को बेहतर स्वस्थ्य सुविधा देने के लिए नए निर्माण कार्य भी करवा रहे है।

इसी क्रम में शासन के आदेश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ में नए भवन का निर्माण किया जा रहा है जिसमें घटिया निर्माण सामग्री के साथ पीले ईंटों का प्रयोग करते हुए भवन का निर्माण किया जा रहा है निर्माण कार्य में लगी कार्यवाही संस्था ठेकेदार व महकमें की मिली भगत से मानक को दरकिनार करते हुए जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है गुणवत्ता विहीन हो रहे निर्माण कार्य से भविष्य में अस्पताल भवन के जल्दी क्षतिग्रस्त होने की आशंका बनी हुई है कार्यदाई संस्था एवं ठेकेदार द्वारा अस्पताल भवन निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग होने से लोगों में रोस व्याप्त है वही कड़ाई संस्था द्वारा कराए जा रहे घटिया निर्माण कार्य का अधिकारियों द्वारा निरीक्षण भी नहीं किया जा रहा जिससे ठेकेदारों का हौसला बुलंद है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ में चल रहे निर्माण अधीन कार्य का जब मौके पर जाकर देखा गया तो निर्माण में प्रयुक्त ईंट सबसे घटिया स्तर की थी ईंटों को आपस में टकराने पर मिट्टी के टुकड़ों मैं बिखर गई। नींव की भराई में प्रयुक्त सीमेंट मौरंग गिट्टी सरिया आदि भी दोयम दर्जे का था ऐसी स्थिति में भाव निर्मला दिन भवन के भविष्य पर भी सवाल खड़े होते हैं अब देखने वाली यह बात होगी कि उच्च अधिकारी इस पर क्या कार्यवाही करते हैं।

### क्या कहते हैं अस्पताल के अधीक्षक डॉ. नवीन कुमार

इस संबंध में जब अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर नवीन कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि भवन निर्माण में उनकी कोई भूमिका नहीं है इसका निर्माण शासन के आदेश पर हो रहा है भवन निर्माण कैसी सामग्री इस्तेमाल हो रही है इससे उन्हें कोई मतलब नहीं है इसके लिए कड़ाई संस्था एवं शासन जिम्मेदार है।

### क्या कहते हैं जेई बी. एन. यादव

इस संबंध में जब जेबी यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि दाल मोस्ट पाताल में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का निर्माण किया जा रहा है जिसकी लागत लगभग 60 से 62 लख रुपए है उनसे जब सवाल किया गया कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल हो रहा है तो उन्होंने बताया कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है निर्माण कार्य की सारी जिम्मेदारी कार्यदाई संस्था की है पीली ईटों के प्रयोग पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह कई दिनों से उधर गए नहीं है मौके पर जाकर जांच करेंगे।

## कांग्रेस नेताओं को नजरबंद कर विधान सभा घेराव में शामिल होने से रोका

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ यूपी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में 18 दिसंबर 2024 को लखनऊ में विधान सभा घेराव का आह्वान किया गया था। इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए उतरौला से कई कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता तैयार थे, लेकिन प्रशासन ने देर रात उनके घरों पर पहुंचकर उन्हें नजरबंद कर दिया।

पुलिस ने डा. हामिद खलीलुल्लाह, मारकंडेय मिश्र, शकील अहमद शाह एडवोकेट, और पवन कुमार गुप्ता सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं के घर पर देर रात दबिश देकर उन्हें नजरबंद कर दिया। यह कदम सरकार द्वारा विधान सभा घेराव को रोकने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

कांग्रेस नगर अध्यक्ष शकील अहमद शाह एडवोकेट ने इस मौके पर शायरी सुनाकर अपना विरोध व्यक्त किया कि मैं डरा नहीं, मैं झुका नहीं, मैं छुप छुपा के खड़ा नहीं,

जो डटे हुए हैं मुहाज पे, मुझे उन सबों में तलाश कर।

उन्होंने कहा कि पुलिस कार्रवाई से यह साफ हो गया है कि सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

## सीएम डैश बोर्ड में खराब रैंकिंग वाले विभागों को डीएम ने लगाई फटकार

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों एवं राजस्व वसूली की प्रगति एवं रैंकिंग की समीक्षा की गई।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण, प्रोबेशन विभाग, पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, खादी ग्रामोद्योग, उद्योग विभाग, लोक निर्माण विभाग, मत्स्य पालन, श्रम विभाग, पशुपालन विभाग, सेतु निगम, ग्राम्य विकास विभाग आदि विभागों की संचालित योजनाओं की प्रगति एवं राजस्व से जुड़े विभागों द्वारा राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड पर खराब रैंकिग वाले विभागों के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए सुधार लाने की हिदायत दी। लगातार सीएम डैशबोर्ड पर खराब प्रगति वाले विभागों के अधिकारियों के विरुद्ध शासन में पत्र लिखे जाने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निरंतर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहें और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें, वृद्धावस्था, निराश्रित महिला पेंशन आदि के आवेदनों का समय से निस्तारण करें, कोई भी आवेदन पत्र निर्धारित समयावधि से ज्यादा लंबित न रहें। सभी अधिकारी सीएम डैश बोर्ड पर योजनाओं से संबंधित डाटा फीड करते समय अच्छी तरह से देख ले तथा समय से डाटा फीड करें।

इस दौरान उन्होंने बैठक में अनुपस्थित जिला उद्यान अधिकारी का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया। इस अवसर परमुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित सभी संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रयोगशाला का अभाव

**बी पी त्रिपाठी/अनिल कुमार गुप्ता**



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** जनपद बलरामपुर के उतरौला स्थित एकमात्र राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली लगभग डेढ़ सौ छात्राओं को विज्ञान विषय में प्रयोगात्मक शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूसरे विद्यालय का सहारा लेना पड़ता है। इस विद्यालय में बीस वर्षों से विज्ञान विषय की प्रयोगशाला का भवन निर्माण नहीं हो सका है।

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, उतरौला, जनपद की सबसे पुरानी तहसील मुख्यालय पर स्थित है। यह विद्यालय 1875 में निर्मित पुराने तहसील भवन में चल रहा है, जो अब जर्जर और खंडहर जैसी स्थिति में पहुंच चुका है। लगभग बीस वर्ष पूर्व जब तहसील का स्थानांतरण आसाम रोड स्थित नवनिर्मित भवन में हुआ, तब इस पुराने भवन में बालिका इंटर कॉलेज का संचालन शुरू किया गया। वर्तमान में विद्यालय में लगभग 500 छात्राएं शिक्षा प्राप्त कर रही हैं, जिनमें से 150 छात्राएं विज्ञान विषय से हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की कक्षाओं में नामांकित हैं।

विद्यालय में विज्ञान प्रयोगशाला का भवन न होने के कारण शासन द्वारा प्रतिवर्ष भेजे जाने वाले उपकरणों को एक छोटे कमरे में गोदाम बनाकर रख दिया जाता है। प्रयोगशाला के अभाव में अध्यापक छात्राओं को व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करने में असमर्थ रहते हैं। इसके समाधान के लिए शिक्षा विभाग ने मोहम्मद यूसुफ उस्मानी इंटर कॉलेज, उतरौला की प्रयोगशाला का उपयोग करने की अनुमति दी है। हर माह छात्राओं को इस प्रयोगशाला में ले जाया जाता है, जहां वे किसी तरह आवश्यक प्रशिक्षण प्राप्त कर पाती हैं।

बोर्ड परीक्षाओं में विज्ञान विषय के प्रयोग छात्रों के उत्तीर्ण होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में प्रयोगशाला की कमी बालिकाओं के शिक्षण में एक बड़ा अवरोध उत्पन्न कर रही है। विज्ञान प्रयोगशाला भवन न बनने का मुख्य कारण पुरानी तहसील की भूमि और भवन का शिक्षा विभाग को हस्तांतरण न होना है। विधायक राम प्रताप वर्मा ने बताया कि भवन और भूमि के हस्तांतरण की प्रक्रिया जिलाधिकारी के समक्ष विचाराधीन है। उनकी संस्तुति प्राप्त होने के बाद प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा।

विज्ञान विषय में प्रयोगशाला की कमी बालिकाओं के भविष्य को बाधित कर रही है। यह समस्या शासन और प्रशासन के लिए एक गंभीर चुनौती है, जिसे जल्द हल करना आवश्यक है। विज्ञान प्रयोगशाला का निर्माण न केवल छात्राओं की शिक्षा गुणवत्ता को सुधारने में सहायक होगा, बल्कि बोर्ड परीक्षा में उनके अच्छे प्रदर्शन को भी सुनिश्चित करेगा।

यह आवश्यक है कि प्रशासन शीघ्रता से भूमि और भवन हस्तांतरण की प्रक्रिया को पूरा करे, ताकि विद्यालय में विज्ञान प्रयोगशाला का निर्माण हो सके और छात्राओं को उनकी शिक्षा में बेहतर सुविधाएं मिलें।

## तहसीलदार ने कुता गौशालाओं का किया निरीक्षण, हरे चारे की कमी पर जताई नाराजगी

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



जिला अधिकारी के आदेश पर तहसीलदार उतरौला सत्यपाल प्रजापति ने विकास खण्ड उतरौला के चार गौशालाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें इन गौशालाओं में हरे चारे की कमी होने पर कड़ी नाराजगी जताई।

तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति ने सबसे पहले ग्राम तिलखी बढ़या स्थित गौशाला का दौरा किया, जहां 40 गायों की देखभाल की जा रही थी। उन्होंने गौशाला में गायों के रखरखाव की व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि गौशाला में हरे चारे की भारी कमी है, जबकि गायों के लिए पीने का पानी, पुआल, भूसा जैसी अन्य सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध थीं।

तदुपरांत, तहसीलदार ने नगर पालिका परिषद उतरौला द्वारा संचालित गौशाला का भी निरीक्षण किया, जहां 51 गायों का रखरखाव किया जा रहा था। यहां भी गायों को हरा चारा नहीं मिल रहा था, हालांकि अन्य खाद्य पदार्थ जैसे पुआल और भूसा अच्छी मात्रा में थे।

इसके अलावा, ग्राम बढ़या भैसाही की गौशाला का भी सत्यपाल प्रजापति ने दौरा किया, जहां भी हरा चारा अनुपलब्ध पाया गया। तहसीलदार ने सभी गौशालाओं में साफ-सफाई बनाए रखने की हिदायत दी और गायों को पर्याप्त हरा चारा उपलब्ध कराने के लिए संबंधित ग्राम प्रधानों को निर्देशित किया। साथ ही, उन्होंने सभी गायों के लिए ठंड से बचाव के उपाय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि सर्दी के मौसम में उन्हें कोई तकलीफ न हो। निरीक्षण के दौरान, एक गाय बीमार पाई गई। तहसीलदार ने उसका समुचित इलाज कराने का आदेश दिया, ताकि गाय की स्थिति में जल्दी सुधार हो सके।

तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति ने गौशालाओं की देखभाल और गायों की स्थिति को लेकर कड़ी चेतावनी दी और संबंधित अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि गायों को पर्याप्त हरा चारा उपलब्ध हो। उनका कहना था कि गायों की देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए, क्योंकि वे हमारी कृषि व्यवस्था का अहम हिस्सा हैं।

यह निरीक्षण प्रशासन के कार्यप्रणाली और गौशालाओं में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब यह देखना होगा कि स्थानीय प्रशासन इन निर्देशों को कितनी जल्दी लागू करता है और गौशालाओं की स्थिति में सुधार होता है।

## बगैर तालीम के कोई भी कौम तरक्की नहीं कर सकता

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



दारुल उलूम सरकारे आसी सादुल्लानगर बलरामपुर में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस का आयोजन किया गया। अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के मौके पर संस्था के संस्थापक सैयद मुहिब्बुल हक ने जिला अल्पसंख्यक अधिकारी को माला पहनाकर सम्मानित किया। एवं अल्पसंख्यकों के अधिकारों के बारे में बच्चों को एवं उनके अभिभावकों को जागरूक किया और बताया कि यदि समाज और देश में नाम रोशन करना है। तो आपको तालीम हासिल करनी पड़ेगी बगैर तालीम के कोई भी कौम तरक्की नहीं कर सकती। इस मौके पर सैय्यद मुफ्ती मुशाहिद रजा साहब ने देश के अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया और बताया कि जो कौम तालीम हासिल नहीं करती वो समाज में पिछड़ जाती है। इसलिए अल्पसंख्यकों को अच्छी तालीम हासिल करनी चाहिए। अच्छी तालीम हासिल करके ही हम अपने अधिकारों को प्राप्त कर सकते हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी यशवंत मौर्य ने इस मौके पर बताया कि सरकार अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों के लिए प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, मौलाना आजाद शिक्षा फाउंडेशन, सीखो और कमाओ योजना, नई मंजूरी योजना, उस्ताद योजना आदि अनेकों योजनाएं चला रही हैं जिससे अल्पसंख्यक वर्ग के लोग अपने जीवन स्तर में सुधार कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन कर रहे अध्यापक खान मोहम्मद ने इस मौके पर बच्चों को बताया कि संविधान के अनुच्छेद 29 व 30 हमे बताता है कि अल्पसंख्यक अपने धर्म, भाषा और संस्कृति को स्वतंत्र रूप से बनाए रख सकते हैं तथा अपनी शैक्षिक संस्थाएं स्थापित करने और उनके हितों की रक्षा करता है। अध्यापक विनय कुमार मिश्र,अध्यापक दिलदार हुसैन सिद्दीकी व अध्यापक अब्दुल वहीद साहब ने इस मौके पर बच्चों को मेहनत और लगन के साथ शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया।

## जश्न में फायरिंग

यह दुर्भाग्यपूर्ण ही कि विवाह आदि खुशी के मौके पर जानलेवा फायरिंग से मातम का माहौल बनने की तमाम घटनाओं के बावजूद इस बुराई पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। विगत में ऐसी अनेक घटनाओं में कई लोगों की जान चली गई और परिवारों के लिये जीवनभर का दुख छोड़ गए। इस बाबत कई बार अदालतों ने सख्त टिप्पणियां की और सामाजिक स्तर पर भी आवाजें उठीं। लेकिन परिणाम वही ढाक के तीन पात ही रहे। पिछले महीने पंजाब और हरियाणा में ऐसी ही तीन दर्दनाक घटनाएं इस आत्मघाती लापरवाही से सामने आईं। जो इस घातक प्रथा के गंभीर परिणामों को ही उजागर करती हैं। ऐसी ही एक घटना में हरियाणा के चरखी दादरी इलाके में एक बारात के दौरान तेरह साल की एक किशोरी की दर्दनाक मौत हर्ष फायरिंग से हो गई। साथ ही उसकी मां भी गंभीर रूप से घायल हो गई। ऐसे ही एक अन्य वाकये में फिरोजपुर में, एक दुल्हन तब गंभीर रूप से घायल हो गई, जब उसके भाई ने विदाई समारोह के दौरान लापरवाही से पिस्तौल चला दी। वहीं दूसरी ओर अमृतसर में ऐसी ही एक घटना सामने आई जब एक रिसॉर्ट में आयोजित विवाह समारोह में एक महिला हर्ष फायरिंग से घायल हो गई। निश्चित रूप से संवेदनहीनता से उपजी त्रासदियों को रोकने के लिये तत्काल कार्रवाई की जरूरत महसूस की जा रही है। यकीनी तौर पर इस कुप्रथा को रोकने के लिये जो गंभीर पहल समाज की ओर से होनी चाहिए, वह होती नजर नहीं आ रही है। इन हालात में एक आशा की किरण तब जगी जब सर्वजातीय अटगामा खाप ने जश्न के दौरान होने वाली हर्ष फायरिंग पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय सामाजिक स्तर पर लिया। निश्चित रूप से खाप पंचायत का यह निर्णय स्वागत योग्य कदम ही कहा जाएगा। उसने चरखी दादरी की दुर्घटना में किशोरी की मौत के बाद यह प्रतिबंध लगाया है। निस्संदेह, खाप पंचायत की ओर से इस बुराई को दूर करने की यह कोशिश उसके सामाजिक दायित्वों के प्रति प्रतिबद्धता को ही उजागर करती है। खाप ने फैसला लिया है कि ऐसी दुर्घटना को अंजाम देने वाले व्यक्ति के खिलाफरिपोर्ट दर्ज करवायी जाएगी। उस व्यक्ति या परिवार पर जुर्माना लगाया जाएगा। ऐसी घटना को अंजाम देने वाले व्यक्ति का सामाजिक बहिष्कार भी होगा। वक्त की नजाकत को समझते हुए लिया गया खाप का यह फैसला इस खतरनाक परिपाटी के खिलाफ शून्य सहिष्णुता को ही दर्शाता है। इस जानलेवा फायरिंग के खतरों को महसूस करते हुए जागरूकता अभियान चलाने का फैसला भी खाप की ओर से लिया गया, ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने हेतु ठोस पहल की जा सके। निस्संदेह, समाज में इस घातक दिखावे की सोच बदलने हेतु खाप की रचनात्मक पहल से शादियों व अन्य खुशी के अवसरों पर बंदूकों के दुरुपयोग की प्रवृत्ति को खत्म किया जा सकेगा। उम्मीद करते हैं कि पंजाब व हरियाणा में विभिन्न सामाजिक संगठनों को इस घातक प्रथा को समाप्त करने के खाप के सामूहिक संकल्प से प्रेरणा मिलेगी। बेहतर हो कि खाप की पहल का अनुपालन हो। हालांकि, सामाजिक स्तर पर यह जमीनी प्रयास महत्वपूर्ण पहल है। लेकिन प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को भी इस मामले में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए। हालांकि, सुप्रीम व हाईकोर्ट बार-बार जश्न मनाने में गोलीबारी की अवैधता व खतरों की ओर ध्यान दिलाते रहते हैं। साथ ही इसे जीवन के प्रति लापरवाही से उपजा खतरा बताते रहे हैं। बल्कि यहां तक कि कोर्ट ने ऐसे कृत्यों में गैर इरादतन हत्या की कोशिश के रूप में कार्रवाई किये जाने की भी बात कही है।

# राजस्थान में पीकेसीईआरसीपी परियोजना का साकार होता सपना

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

राजस्थान और मध्यप्रदेश के बीच पार्वती, कालीसिंध, चंबल ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट यानी पीकेसीईआरसीपी के एमओयू के एक साल से भी कम समय में एमओए (मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट) में तब्दील होना राजनीतिक इच्छाशक्ति के रूप में देखा जाना चाहिए। देश में नदी जोड़ो परियोजना का सपना देखा गया था जो अब धरातल पर उतर रहा है। राजस्थान जैसे पानी की किल्लत से जूझते प्रदेश में पीकेसीईआरसीपी खासतौर पर पूर्वी राजस्थान के लिए गंगा अवतरण से कम नहीं है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भजनलाल शर्मा सरकार के एक साल पूरे होने के अवसर पर इस परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत कालीसिंध नदी पर 1069 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित नवनेरा बैराज का लोकार्पण किया। परियोजना के प्रथम चरण में पेयजल के लिए कूल नदी पर रामगढ़ बैराज, पार्वती नदी पर महलपुर बैराज और नवनेरा बांध में संग्रहित जल के उपयोग हेतु नवनेरा-गलवा-बीसलपुर-ईसरदा (एनजीबीआई) लिंक परियोजना के तीन पैकेज के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इन पैकेज में 9416.70 करोड़ रुपए की लागत से नवनेरा बैराज से गलवा बांध होते हुए बीसलपुर व ईसरदा बांध तक जरूरत के अनुसार जल प्रत्यावर्तन के लिए नहर तंत्र, पम्पिंग स्टेशन एवं पाइपलाइन का निर्माण कार्य किया जाएगा। संशोधित पार्वती-कालीसिंध चंबल (एकीकृत ईआरसीपी) परियोजना पूरी होने पर राजस्थान के 21 जिलों में रहने वाले लगभग सवा तीन करोड़ लोगों को सुलभ पेयजल की उपलब्धता के साथ साथ लगभग ढाई लाख हेक्टेयर नये क्षेत्र में सिंचाई तथा लगभग डेढ़ लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हेतु अतिरिक्त पानी की व्यवस्था हो सकेगी। लाभान्वित जिलों में झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी, टोंक, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, दौसा, करौली, धौलपुर, भरतपुर, डीग, अलवर, खैरतल-तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़, जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, दूदू, अजमेर, ब्यावर और केकड़ी शामिल है।

राजनीतिक आलोचना-प्रत्यालोचना को अलग कर दिया जाए तो पीकेसीईआरसीपी परियोजना के क्रियान्वयन की शुरुआत राजस्थान जैसे प्रदेश के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। पीकेसीईआरसीपी से पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के नागरिकों और किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे प्रदेश में पेयजल, सिंचाई के लिए पानी, औद्योगिक विकास, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर और इसी तरह के अनेक फायदे होने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारन्टी और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा कार्यभार संभालने के एक माह से भी कम समय में राजस्थान के लिए जीवनदायी इस परियोजना पर सहमति बनवाना और



**करीब 21 साल पुराना सपना पार्वती-कालीसिंध-चंबल इस्टर्न राजस्थान केनाल परियोजना को लेकर केन्द्र सरकार, राजस्थान व मध्यप्रदेश के बीच संपन्न करार के साथ ही साकार होने लगा है। राजस्थान नहर के बाद यह अपने आप में सबसे बड़ा प्रोजेक्ट होगा जिससे 13 जिलों के रहवासियों की सभी तरह की पानी की जरुरत पूरी हो सकेगी। इसके साथ यह भी महत्वपूर्ण होगा कि हर साल बरसात सीजन में बाढ़ के कारण जन-धन और फसलों की बर्बादी का कारण बनने वाला यह पानी पानी की समस्या से जूझ रहे प्रदेशवासियों वासियों के काम आ सकेगा। बेकार बह जाने वाला पानी संग्रहित होगा, धरती, यहां के निवासियों और मवेशियों की प्यास बुझाने के काम आ सकेगा। इस परियोजना में राजस्थान को 4103 एमसीएम पानी मिलेगा वहीं, मध्यप्रदेश को 3000 एमसीएम पानी मिलेगा।**

एमओयू कर क्रियान्वयन के स्तर पर लाना अपने आप में बड़ी बात थी और आज उससे भी बड़ी बात एमओयू को एमओए में बदलना है।

करीब 21 साल पुराना सपना पार्वती-कालीसिंध-चंबल इस्टर्न राजस्थान केनाल परियोजना को लेकर केन्द्र सरकार, राजस्थान व मध्यप्रदेश के बीच संपन्न करार के साथ ही साकार होने लगा है। राजस्थान नहर के बाद यह अपने आप में सबसे बड़ा प्रोजेक्ट होगा जिससे 13 जिलों के रहवासियों की सभी तरह की पानी की जरुरत पूरी हो सकेगी। इसके साथ यह भी महत्वपूर्ण होगा कि हर साल बरसात सीजन में बाढ़ के कारण जन-धन और फसलों की बर्बादी का कारण बनने वाला यह पानी पानी की समस्या से जूझ रहे प्रदेशवासियों वासियों के काम आ सकेगा। बेकार बह जाने वाला पानी संग्रहित होगा, धरती, यहां के निवासियों और मवेशियों की प्यास बुझाने के काम आ सकेगा। इस परियोजना में राजस्थान को 4103 एमसीएम पानी मिलेगा वहीं, मध्यप्रदेश को 3000 एमसीएम पानी मिलेगा। सात साल बाद इस परियोजना के पूरे होने के बाद जहा प्रदेश की 3.25 करोड़ आबादी की पानी की जरूरत पूरी होगी वहीं करीब ढाई लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सकेगा। सही मायने में कहा जाए तो प्रकृति की अनमोल धरोहर पानी के आने से भविष्य में ना तो बाढ़ से जूझना पड़ेगा और ना ही सूखे के लिए ऊपर वाले को दोष देना पड़ेगा।

दरअसल, नदियों के बर्बाद होते पानी का सही उपयोग तय करने के लिए 1999 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना आरंभ की थी। यह योजना सिरे से चढ़ती उससे पहले ही 2004 में नई सरकार आते ही इस परियोजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। इसके बाद 2012 में सर्वोच्च न्यायालय ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को जारी रखने के केन्द्र सरकार को निर्देश दिए। राष्ट्रीय जल विकास प्राधिकरण द्वारा 44605 करोड़ की लागत से केन-बेतवा लिंक परियोजना पर काम किया जा रहा है। गंगानदी पर करीब एक हजार बांध हैं तो गोदावरी पर 350 के आसपास बांध है। इन बांधों पर पानी को सहेजते हुए नदियों के पानी को अनुपयोगी व बर्बादी का कारण बनने से बचाने के स्थान पर क्षेत्रों में पानी की समस्या का समाधान किया जाता है। मोटे रूप से देखा जाए तो नदियों को जोड़ने से पानी की बर्बादी यानी बाढ़ के कारण तबाही व समुद्र में समाहित होने से बचा कर पानी की समस्या के समाधान के लिए तो किया ही जा सकता है। वहीं, सूखे की समस्या का हल, खेती के लिए पानी की उपलब्धता और लोगों के पेयजल की समस्या का समाधान संभव है। राजस्थान नहर इसका जीता जागता उदाहरण है जिससे मरू प्रदेश और सर्वाधिक उपजाऊ और उत्पादक हिस्सा बनने के साथ ही समग्र विकास का माध्यम बन गई है। जहां तक पार्वती, कालीसिंध, चंबल ईस्टर्न राजस्थान केनाल परियोजना का प्रश्न है, यह राजस्थान और मध्यप्रदेश सरकार व केन्द्र से सहमति नहीं बनने के कारण लंबे समय से आगे नहीं बढ़ पा रही थी। नई सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल और केन्द्र व मध्यप्रदेश सरकार के सहयोग से यह परियोजना धरातल पर उतरने की स्थिति में आ गई है। यदि निर्धारित सात साल में यह परियोजना धरातल पर आ जाती है, जिस पर आज की सरकार की प्रतिबद्धता को देखते हुए संदेह का कोई कारण नहीं दिखता, राजस्थान और मध्यप्रदेश दोनों की तस्वीर बदल जाएगी।

## देहदान से रोग निदान का मार्ग प्रशस्त कर रही दधीचि देहदान समिति

**रामप्रताप मिश्र साकेती**

भारतीय संस्कृति में जीते जी सेवा कार्यों के साथ मृत्यु के बाद भी सत्कर्म की प्रेरणा दी जाती है। यही कारण है कि उत्तराखंड की दधीचि देहदान समिति ने लोगों को प्रेरित कर चिकित्सा शिक्षा के लिए लोगों को देहदान के लिए प्रेरित करने का कार्य किया है। महर्षि दधीचि ने सदियों पूर्व देवताओं और मानवता की रक्षा के लिए अपना शरीर दान किया था और अब के देहदानदाता चिकित्सा शिक्षा को और प्रभावी बनाने के लिए देहदान कर मानवता के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं।

दधीचि देहदान समिति गत 27 वर्षों से देहदान, अंगदान और नेत्र दान क्षेत्र में कार्यरत है। समिति उत्तराखंड, दिल्ली, एनसीआर, बिहार, झारखंड आदि राज्यों में यह कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न कर रही है। वर्ष 2021 के अंतिम माह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक विजय जुनेजा के मार्गदर्शन में यह समिति गठित हुई। 27 फरवरी 2022 को देहरादून में गठित यह समिति 2024 तक 400 से अधिक देह, नेत्र और अंग दानियों की संख्या पार कर चुकी है। 52 कॉर्निया का दान महंत इंदिरेश अस्पताल, महंत निर्मल आश्रम ऋषिकेश में हो चुका है जबकि 16 देह दानियों का दिव्य दान राजकीय दून मेडिकल कॉलेज देहरादून में सम्पन्न हो चुका है। 11 दिसम्बर 2024 को देहदानी मात्र ढाई दिन की बच्ची थी, जिसका देहदान 11 दिसम्बर 2024 को हुआ जो सबसे कम उम्र के देहदानी के रूप में अंकित है। देहदान के इस समाचार को पूरे देश के समाचार पत्रों और मीडिया ने मुखरता से उठाया। यह बच्ची दो दिनों की थी जिसका नामकरण भी नहीं हुआ था इसीलिए दधिचि देहदान समिति ने इसका नाम विद्या व ज्ञान की देवी सरस्वती जी के नाम पर बालिका का नाम सरस्वती रखा। देहदान क्या है, यह अपने आप में जटिल प्रश्न है। देहदान का प्रारंभ महर्षि दधिचि के कार्यकाल से माना जाता है। शरीर दान जिसे देहदान भी कहा जाता है। चिकित्सा अनुसंधान और शिक्षा के उद्देश्य से मृत्यु के बाद पूरे शरीर का दान है। शरीर का यह दान चिकित्सा छात्रों और शोधकर्ताओं को मानव शरीर को समझने में मदद करने और विज्ञान की उन्नति के लिए महत्वपूर्ण है। चिकित्सा अनुसंधान के लिए अपना शरीर दान करने वाले महापुरुषों में कुछ भारतीय न्यायविद, शिक्षाविद और राजनेता भी शामिल है। न्यायविद लीला सेठ का नाम इनमें प्रमुख है। राजनेताओं में भारतीय जनसंघ के प्रमुख नेता रहे श्री नानाजी देशमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं भूगोलवेत्ता डॉ. नित्यानंद का नाम शामिल है। इसी क्रम में सीपीआईएसम नेता सोमनाथ चटर्जी, पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री ज्योति बसु का नाम भी शामिल है, जिन्होंने अपने शरीर को दान कर दिया। मृत मानव शरीर जिसे शव कहा जाता है उसका उपयोग छात्रों को एनाटॉमी, शरीर की संरचना और उसके काम करने के अध्ययन के बारे में पढ़ाने के लिए किया जाता है। यह चिकित्सकों, शल्य चिकित्सकों, दंत चिकित्सकों और अन्य स्वास्थ्य व्यवसाइयों की शिक्षा में सबसे महत्वपूर्ण पाठ्यक्रमों में से एक है। शवों का उपयोग अनुसंधान चिकित्सा द्वारा नई जीवन रक्षक शल्य चिकित्सा प्रक्रियाओं के विकास में भी किया जाता है। विज्ञान को अपना शरीर दान करने के विकल्प विचार करने वाले किसी भी व्यक्ति को जानकारी होनी चाहिए कि उसके दान का बहुत बड़ा महत्व है, यह परम दान है जो मेडिकल छात्रों को मानव शरीर की जटिल शारीरिक रचना में महारथ हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे शोधकर्ताओं को भविष्य के रोगियों की मदद के लिए आवश्यक जानकारी मिलती है।

दधिचि देहदान समिति मानवता हित में पूरे देश में गत 27 वर्षों से प्रयासरत है। मानवता के लिए हो रहे इस कार्य का और विस्तार हो, इसके लिए समिति प्रयासरत है। देहदान, अंग दान और नेत्र दान ऐसा महादान है जिसको केवल वही कर सकता है जिस पर ईश्वरीय कृपा हो। एक अनुमान के अनुसार प्रतिवर्ष अंग दान की कमी से पांच लाख लोगों की असामयिक मृत्यु हो जाती है। समिति मानती है कि ऐसे ही लोगों से सम्पर्क कर मानवता हित में देह, नेत्र दान करने का शुभ संकल्प लेने वालों को प्रेरित किया जाए।

**विचार**

# भारत सीमा मुद्दों और आर्थिक अनिवार्यताओं में घालमेल न करे

**नन्तू बनर्जी**

वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारत के साथ शांति और सौहार्द्र बनाये रखने तथा लंबित मुद्दों के शीघ्र समाधान के लिए काम करने के चीन के अचानक मन परिवर्तन को दोनों देशों के संयुक्त घोषणापत्र के शब्दों से परे जाकर नहीं समझा जाना चाहिए, जैसा कि इस महीने की शुरुआत में दिल्ली में भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए कार्य तंत्र की 30वीं बैठक के अंत में जारी संयुक्त घोषणा में कहा गया था। लगभग साढ़े चार साल के अंतराल के बाद चीन सीमा मुद्दे पर सावधानीपूर्वक समझौता करने के लिए तैयार दिख रहा है, जब चीनी सैनिकों ने पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर यथास्थिति को आक्रामक तरीके से बदलने की कोशिश की, लेकिन उन्हें इसमें कोई सफलता नहीं मिली थी।

उम्मीद है कि चीनी शांति प्रस्ताव के साथ कोई अलिखित शर्त नहीं होगी, जो यह है कि भारतीय बाजार में अधिक माल निर्यात की अनुमति दी जायेगी। चीन को संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ अपने घटते व्यापार अधिशेष को आंशिक रूप से कवर करने के लिए एक स्थिर निर्यात बाजार की आवश्यकता है। नवंबर में चीन के निर्यात में तेजी से गिरावट आई क्योंकि



डोनाल्ड ट्रम्प की व्हाइट हाउस में आसन्न वापसी नये व्यापार जोखिम लेकर आई है। चीन भारत के विशाल बाजार को हथियाने के लिए कई तरह के माल को डंप करने को आगे बढ़ रहा है। भारत चीन (हांगकांग सहित) का दूसरा सबसे बड़ा व्यापार अधिशेष स्रोत और अमेरिका, दक्षिण कोरिया और वियतनाम के बाद चौथा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य बन गया है। दुनिया का नंबर 1 निर्यातक चीन शायद भारतीय बाजार के बड़े हिस्से के बदले में लद्दाख सीमा पर एक छोटे से सैन्य समझौते के लिए तैयार हो जायेगा।

अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर संयुक्त राष्ट्र के कॉमट्रेड डेटा बेस के अनुसार, पिछले साल भारत का चीन से आयात 121.97अरब डॉलर का था। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रम्प ने चीनी वस्तुओं पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने का वायदा किया है। ट्रम्प चीनी माल पर 60 प्रतिशत से अधिक टैरिफ लगाना चाहते हैं। ट्रम्प की धमकियों ने चीन के औद्योगिक हलकों को हिला दिया है, जो अमेरिका को सालाना 400अरब डॉलर से अधिक का सामान बेचता है। पिछले साल, अमेरिका के साथ चीन का व्यापार अधिशेष 336अरब डॉलर था। एक देश के रूप में भारत दूसरे स्थान पर था। यूरोपीय संघ और आसियान, जो राष्ट्रों के समूहों का प्रतिनिधित्व करते हैं, चीन की व्यापार अधिशेष सूची में भारत से आगे थे। चीन स्वाभाविक रूप से चिंतित है।

यह ध्यान रखना दिलचस्प हो सकता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले चीन ने अनौपचारिक रूप से डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस का समर्थन किया था, जो रूस के खिलाफदेश की लड़ाई में यूक्रेन की प्रबल समर्थक थीं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अमेरिका को उसका निर्यात बाधित न हो। हैरिस की जीत ने रूस-यूक्रेन युद्ध को और बढ़ा दिया होता। चीन को शायद इस बात से कोई आपत्ति नहीं थी कि अमेरिका को अपने निर्बाध निर्यात के लिए रूस, जो उसका तथाकथित प्रमुख श्सहयोगीश् है, के खिलाफयूक्रेन का नाटो समर्थित सैन्य प्रतिरोध जारी रहे। पिछले कुछ वर्षों में, निक्सन युग के बाद से अमेरिका को चीन के बड़े पैमाने पर निर्यात ने पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) को दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में मदद की है।

**उम्मीद है कि चीनी शांति प्रस्ताव के साथ कोई अलिखित शर्त नहीं होगी, जो यह है कि भारतीय बाजार में अधिक माल निर्यात की अनुमति दी जायेगी। चीन को संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ अपने घटते व्यापार अधिशेष को आंशिक रूप से कवर करने के लिए एक स्थिर निर्यात बाजार की आवश्यकता है। नवंबर में चीन के निर्यात में तेजी से गिरावट आई क्योंकि डोनाल्ड ट्रम्प की व्हाइट हाउस में आसन्न वापसी नये व्यापार जोखिम लेकर आई है। चीन भारत के विशाल बाजार को हथियाने के लिए कई तरह के माल को डंप करने को आगे बढ़ रहा है। भारत चीन (हांगकांग सहित) का दूसरा सबसे बड़ा व्यापार अधिशेष स्रोत और अमेरिका, दक्षिण कोरिया और वियतनाम के बाद चौथा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य बन गया है।**

1972 में जब तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने ताइवान में चीन गणराज्य के पक्ष में अमेरिकी कूटनीतिक नीति के वर्षों के बाद पीआरसी के साथ संबंध स्थापित करने के लिए चीन का दौरा किया था, तब चीन की अर्थव्यवस्था केवल 113.69अरब डॉलर की थी। इसने एक बड़ी अमेरिका-चीन आर्थिक और व्यापार साझेदारी को खोलने में भी मदद की, जिससे चीन आज एक दुर्जेय आर्थिक और सैन्य शक्ति बन गया है।

1972 में माओत्से तुंग के नेतृत्व में चीन के साम्यवादी शासन ने 23 वर्षों के अंतराल के बाद अमेरिका के साथ एक राजनयिक संबंध स्थापित करने का फैसला किया। साम्यवादी चीन के पास अमेरिका के साथ बातचीत शुरू करने के अपने रणनीतिक कारण थे क्योंकि एशिया में यूएसएसआर के बढ़ते प्रभाव के साथ उनकी साझा राजनीतिक विचारधारा के बावजूद अधिक शक्तिशाली कम्युनिस्ट पड़ोसी, सोवियत संघ के साथ उसके संबंध खराब होने के खतरे उत्पन्न हो गये थे। 1960 के दशक के अंत तक, चीन और सोवियत संघ लगातार सीमा पर झड़पों में शामिल थे, जिससे पूर्ण युद्ध की कगार पर पहुंचने का खतरा था। राष्ट्रपति निक्सन और उनके विदेश मंत्री हेनरी किसिंजर ने सोवियत संघ को किनारे करने के लिए चीन के साथ संबंधों को फिर से बनाने के अवसर का फायदा उठाने का फैसला किया ताकि अमेरिका और शक्तिशाली यूएसएसआर के बीच शक्ति संतुलन बनाया जा सके।



# राशिफल

**मेष:-** घर-परिवार में खुशी का वातावरण रहेगा। पिछले दिनों उत्पन्न को व्यवसायिक अवरोध के हल ढूंढने में मन केंद्रित होगा। किसी पुराने मित्र की मध्यस्तता से बिगड़े हुए सम्बन्धो में सुधार होगा।

**बृषभ:-** परिश्रम द्वारा आर्थिक क्षेत्र में सफलता अर्जित करेंगे। समय बड़ा मूल्यवान है। अतः इसे व्यर्थ न गंवायें। किसी नए सम्वेदना का प्रभाव नए रिश्ते को जन्म देगा। अभिभावकों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन:-** परम्पराओ व संस्कारों कें प्रति आस्था बढ़ेगी। निर्थक हीनभाव एवं कुछ साथ के प्रगतिशील व्यक्तियों से ईष्या भाव ठीक नही। अस्थिर मन लक्ष्य के प्रति केन्द्रित होने मे असमर्थ होगा।

**कर्क:-** किसी महत्वपूर्ण कार्य वश घर से दूर रहना अरुचिकर लगेगा। आपका मिलनसारिता के कारण सम्बन्धो का बिस्तार होगा।

**सिंह:-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में थोड़ी कठिनाई का अभास होगा। संवेदनशील मन पूरानी मर्मस्पर्शी घटनाओं से ओत-प्रात होगा। परिवारिक दायित्वों को समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिन्तित होगा।

**कन्या:-** प्रयासरत क्षेत्रों में अवरोध तथा दाम्पत्य जीवन में कष्ट संभव। परन्तु ईरीय आस्था हर परीस्थिती पर बिजय प्राप्त करेंगे। धैर्यपूर्वक महत्वपूर्ण योजनाओं को क्रियान्वित करें।

**तुला:-** आपकी महत्वाकांक्षाए सफलता की राह पर संघर्ष हेतु प्रेरित करेंगी। अच्छी भावनाऐं आपके मकसद सफलता दिलाऐंगी। कार्य क्षेत्र में अपनें बौद्धिक क्षमता का लाभ उठाऐंगे।

**वृश्चिक:-** मनोवांछित सफलता न मिलने से उत्साह में कमी होगी। भौतिक चका-चौंद से प्रभावित मन अभाव की अनुभूति से दुखित होगा। धैर्यहीनता व परिवर्तनशीलता लक्ष्य से दिग्भ्रमित करेगा।

**धनु:-** परिजनों व मित्रों का सनिध्य से मन प्रसन्न रहेगा। कार्य-पेशे में कोई अवरोधित कार्य सार्थक होने के आसार है। मांगलिक एव सास्कृतिक आयोजनों में सम्मलित होंगे।

**मकर:-** कुछ नये सम्बन्द बनेगें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद सम्भव। कर्तव्य व जिम्मेदारियों से घिरा मन अपनी कल्पनिक आकांक्षाओं से समझौता करने में सक्षम होगा।

**कुंभ:-** मन को खराब विचारो से दूर रखते हुए अच्छे कायरे में केन्द्रित करें। नई स्थितियाँ आप मे नई प्रतिभाओं का संचार करेगा।

**मीन:-** अपनी वाणी पर नियंतण्ररखते हुए सम्बन्धों को मधुर बनाने की चेष्टा करें। प्रतिभा व आत्मबल कुछ महत्वपूर्ण सफलताओ के प्रति आशान्वित करेगा। आर्थिक लाभ के आसार हैं।

# महाकुंभ का आध्यात्मिक, वैज्ञानिक व आर्थिक महत्व

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

आधुनिकता की उन्मत्त गति की विशेषता वाली दुनिया में, कुछ ही आयोजन ऐसे होते हैं जो लाखों लोगों को अपने से बड़े उद्देश्य की खोज में एकजुट करने की क्षमतारखते हैं। महाकुंभ मेला, 12 वर्षों की अवधि में चार बार होने वाला एक श्रद्धेय मेला, इस उद्देश का उदाहरण है।कुंभ मेला, दुनिया भर में सबसे बड़ा शांतिपूर्ण सम्मेलन है, जिसमें लाखों तीर्थयात्री आते हैं जो अपने पापों को शुद्ध करने और आध्यात्मिक मुक्ति प्राप्त करने के लिए पवित्र नदियों में डुबकी लगाते हैं।

तीर्थयात्री 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज की अपनी यात्रा की तैयारी करते हैं, वे आध्यात्मिक अनुष्ठानों की एक श्रृंखला में भाग लेंगे और एक ऐसी यात्रा पर निकलेंगे जो भौतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सीमाओं को पार करती है। हर हिंदू उत्सव और अनुष्ठान के पीछे शास्त्रीय आधार होता है। उन्हें जोश और उत्साह के साथ-साथ एक ठोस वैज्ञानिक, ऐतिहासिक और दार्शनिक आधार के साथ सम्मानित किया जाता है ये सभी विशेषताएँ मिलकर किसी त्योहार को मनाने या अनुष्ठान करने का कारण प्रदान करती है। इन अनुष्ठानों का उद्देश्य किसी व्यक्ति को आध्यात्मिक मार्ग पर ले जाना है जहाँ वे पूर्ण मनोवैज्ञानिक संतुलन, नवीनीकरण और विश्राम प्राप्त कर



सकें। महाकुंभ मेले के कुछ वैज्ञानिक तत्व इस प्रकार हैं महाकुंभ मेला एक ऐसा उत्सव है जिसमें विज्ञान, ज्योतिष और आध्यात्मिकता का समावेश होता है।

महाकुंभ की तिथियों की गणना वैज्ञानिक तकनीकों का उपयोग करके की जाती है, जिनमें से अधिकांश ग्रहों की स्थिति का उपयोग करते हैं। जब बृहस्पति ग्रह ज्योतिषीय राशि वृषभ में प्रवेश करता है, तो यह सूर्य और चंद्र के मकर राशि में प्रवेश के साथ मेल खाता है। ये परिवर्तन जल और वायु को प्रभावित करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप प्रयागराज के पवित्र शहर में पूरी तरह से सकारात्मक वातावरण बनता है। बस उस पवित्र स्थल पर होना और गंगा में पवित्र डुबकी लगाना आध्यात्मिक रूप से आत्मा को प्रबुद्ध कर सकता है, जिससे शारीरिक और मानसिक तनाव कम हो सकता है। ज्योतिष यह उत्सव तब होता है जब सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति कुछ निश्चित स्थितियों में होते हैं। यह आयोजन नदी संगम पर होता है जहाँ सौर चक्र में विशिष्ट अवधियों में अद्वितीय शक्तियाँ कार्य करती हैं। जल~ माना जाता है कि यह आयोजन जलमार्गों के ऊर्जा मंथन से जुड़कर शरीर (72 प्रतिशत जल) को लाभ पहुँचाता है। महाकुंभ मेला पूरे भारत से लोगों का एक विशाल जमावड़ा है जो पवित्र गंगा नदी में स्नान करने के लिए आते हैं। यह आयोजन ज्ञानसे भरा हुआ है और इसमें कई अनुष्ठान और सांस्कृतिक गतिविधियाँ शामिल हैं। कुंभ मेला न केवल दुनिया का सबसे बड़ा मानव समागम है, बल्कि आध्यात्मिक रूप से सबसे गहरा भी है, जो दुनिया भर से लाखों भक्तों, संतों और साधकों को आकर्षित करता है।

प्रयागराज में अगला कुंभ मेला 2025 लोगों के लिए अपने आध्यात्मिक सार से फिर से जुड़ने, अपनी आत्मा को शुद्ध करने और सहस्राब्दियों से चली आ रही पवित्र यात्रा पर निकलने का एक अनूठा अवसर है। संक्षेप में, कई ग्रहों की स्थिति का हमारे ग्रह के जल और वायु पर प्रभाव पड़ता है। कुछ ग्रहों की स्थिति में, एक विशिष्ट समय के दौरान एक विशिष्ट स्थान के सकारात्मक ऊर्जा स्तर उच्च हो जाते हैं, जो आध्यात्मिक विकास और जागृति के लिए एक आदर्श वातावरण बनाते हैं। कुंभ मेले का आर्थिक महत्व प्रधानमंत्री ने हाल ही में महाकुंभ 2025 की तैयारी के लिए उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में कुल ?5,500 करोड़ की 167 विकास परियोजनाओं का अनावरण किया। 11 भारतीय भाषाओं में श्रद्धालुओं की मदद के लिए बहुभाषी एआय-संचालित चैटबॉट, सह%ए%यक को पेश किया गया। लगभग 4,000 हेक्टेयर में फैले महाकुंभ में 40-45 करोड़ तीर्थयात्रियों के आने की उम्मीद है, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक समागम बन जाएगा।

उत्तर प्रदेश सरकार के आर्थिक सलाहकार केवी राजू का दावा है कि अनुमानित 45 करोड़ तीर्थयात्रियों के साथ, महाकुंभ से कम से कम 2 लाख करोड़ रुपये की आय हो सकती है। मुख्यमंत्री को सलाह देने वाले पूर्व आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी ने अनुमान लगाया कि यदि प्रत्येक तीर्थयात्री 8,000 रुपये खर्च करता है, तो कुल आर्थिक गतिविधि 3.2 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो सकती है, जो इस आयोजन के विशाल वित्तीय महत्व को दर्शाता है। वरिष्ठ पर्यटन विशेषज्ञों का मानना है कि मेले के बुनियादी ढांचे और संपूर्ण विश्व से आने वाले कई यात्री वर्षो तक पर्यटन को लाभ पहुचायेंगे। उन्नत सुविधाएं और कनेक्टिविटी क्षेत्र पर स्थायी प्रभाव डालेगी। सीआईआई की एक पुरानी रिपोर्ट के अनुसार, 2013 में हुए महाकुंभ से कुल 12,000 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था, जिसमें हवाई अड्डों और होटलों के बुनियादी ढांचे में सुधार शामिल था, जबकि 2019 में कुंभ मेले से कुल 1.2 लाख करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। सीआईआई के अनुसार, हालांकि कुंभ मेला आध्यात्मिक और धार्मिक प्रकृति का है, लेकिन इससे जुड़ी आर्थिक गतिविधियों ने 2019 में विभिन्न क्षेत्रों में छह लाख से अधिक लोगों को रोजगार दिया। योगी सरकार राज्य की पर्यटन अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पर्याप्त प्रयास कर रही है, जिसमें आने वाला महाकुंभ इस पहल में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

उम्मीद है कि इस शानदार आयोजन से संबंधित प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रोजगार की संभावनाओं से लगभग 45,000 परिवार लाभान्वित होंगे और विभिन्न क्षेत्रों में लाखों लोग लाभान्वित होंगे। समय के साथ एक यात्रा कुंभ मेला, एक हिंदू तीर्थ मेला है, जो हर बारह साल में चार बार चार अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किया जाता है~ प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक। कुंभ मेला 2025 प्रयागराज में होगा, जहाँ पवित्र नदियाँ गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती संगम पर मिलती हैं। कुंभ मेले का इतिहास हज़ारों साल पुराना है, जिसका आरंभिक उल्लेख मौर्य और गुप्त काल (चौथी शताब्दी ईसा पूर्व से छठी शताब्दी ई.पू.) से मिलता है। प्रारंभिक मेलें, हालाँकि वर्तमान कुंभ मेले जितनी बड़ी नहीं थीं, लेकिन भारतीय उपमहाद्वीप के सभी हिस्सों से तीर्थयात्रियों को आकर्षित करती थीं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो.नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# शीघ्र डाटा न उपलब्ध कराने वाले अधिकारी पर होगी कार्रवाई

**जिलाधिकारी ने अटल भूजल योजना के तहत ली बैठक**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में अटल भूजल योजना की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में जल संरक्षण संबंधी जो भी कार्य किए गए हैं उन सभी कार्यों का अच्छे ढंग से अभिलेखीकरण कर उससे संबंधित डेटा कल तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दिया जाए।

इस कार्य में किसी भी तरह की शिथिलता न बरती जाए। कल तक डाटा उपलब्ध न कराने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि जनपद में अटल भूजल योजना का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन कर जल संरक्षण कार्यों को बढ़ावा दिया जाय। जल के परंपरागत स्रोतों यथा कुओं, तालाबो, पोखरों झीलों का जीर्णोद्धार किया जाय। सभी सरकारी व अर्धसरकारी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किया जाय। खेत तालाब योजना को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जाय।

जल संरक्षण संबंधी अच्छा कार्य कर जनपद के सेमी क्रिटिकल ब्लॉकों सुमेरपुर व गोहांड को सेफ जोन में लाया जाए। जिलाधिकारी ने कार्यदायी विभागों को निर्देशित किया कि अटल भूजल योजना के अनुरूप जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण एवं जल संचयन की कार्य योजना बनायें जिससे आने वाले वर्षों में भूजल स्तर में सुधार आये और साथ ही साथ ग्राम पंचायत स्तर में जनपद बांदा के जखनी गांव के अनुरूप जन सहभागिता एवं जन जागरूकता को बढ़ावा मिले। इस मौके पर सीडीओ चंद्र शेखर शुक्ला प्रभागीय वनाधिकारी उपायुक्त मनरेगा पीडी साधना दीक्षित समस्त बीडीओ जिला पंचायत राज अधिकारी जिला कृषि अधिकारी एवं अटल भूजल योजना के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## खेत में जबरन कब्जा करने व गाली-गलौज करने की रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के पतारा गांव निवासी किसान ने खेत मे बोई गई फसल में जबरन कब्जा करने व मना करने पर गाली गलौज करने की दो लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है।क्षेत्र के पतारा गांव निवासी किसान जगत सिंह पुत्र हरीराम ने थाने में बताया कि बचरौली गांव निवासी संजय यादव ने हमारे खेत के पास खेत क्रय किया है।जिसकी रकबा पूरी करने के लिए मेरे खेत में बोई फसल को नुकसान कर रहे है। सात दिसंबर को संजय यादव व इसका भाई अचल यादव पुत्र गण रामरतन खेत में आए तथा बोई फसल को नुकसान कर रहे थे। जब मैने उनको मना किया तो गाली गलौज किया तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दोनो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने बुंदेलखंड के किसानों के लिए सदन में रखी 20 घंटे विद्युत सप्लाई की मांग

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद शीतकालीन सत्र के अवसर पर चित्रकूट मंडल के जिला बांदा, हमीरपुर, चित्रकूट एवं महोबा में किसानों को ट्यूबवेल विद्युत हेतु सरकार द्वारा निःशुल्क बिजली के साथ 10 घंटे आपूर्ति का निर्देश है जब कि लोकल फॉल्ट एवं रोस्टिंग अन्य कारणों से किसानों को मात्र 6, 7 घंटे ही बिजली प्राप्त हो रही है जिससे किसानों को खेती में सिंचाई,पलेवा के लिए पर्याप्त विद्युत आपूर्ति नहीं मिल पा रही है जिससे किसानों को असुविधा कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ऐसी स्थिति में किसानो को पर्याप्त विद्युत आपूर्ति हेतु 24 घंटे में 20 घंटे आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है जिससे किसानों को सरकार की योजना का भरपूर लाभ प्राप्त हो सके द्य बुंदेलखंड क्षेत्र को विशेष वरीयता प्रदान कर किसानों को 20 घंटे बिजली आपूर्ति की जाए। अतःइस लोक महत्व के सुनिश्चित विषय पर सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बुंदेलखंड क्षेत्र के हमीरपुर,बांदा, चित्रकूट एवं महोबा के किसानों को विशेष वरीयता प्रदान कर कम से कम 20 घंटे बिजली आपूर्ति अविलंब कराए जाने हेतु सदन के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही किए जाने की मांग की। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह द्वारा उक्त प्रकरण पर आवश्यक कार्यवाही हेतु सरकार को निर्देशित किया।

## खबरें एक नजर में

### कैंसर पीड़ित पूर्व प्रधान के पिता ने इंटरसिटी के सामने कूदकर की आत्महत्या, परिवार में छाया मातम

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** कैंसर की असहनीय पीड़ा से जूझ रहे पूर्व प्रधान के पिता ने रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी। उन्होंने घरवालों से बांदा जाने की बात कहकर घर छोड़ा और स्टेशन से टिकट लेकर प्लेटफॉर्म पर पहुंचे। कुछ देर बाद ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और परिजनों को सूचना दी। यह दर्दनाक घटना पचखुरा खुर्द के पूर्व प्रधान जुगल किशोर खंगार के 65 वर्षीय पिता इंद्रपाल खंगार के साथ हुई। बताया जा रहा है कि वह लंबे समय से कैंसर की बीमारी से परेशान थे। बुधवार को उन्होंने घरवालों से बांदा जाने की बात कहकर घर छोड़ा। कस्बे के रेलवे स्टेशन पहुंचकर दोपहर एक बजे बांदा के लिए टिकट खरीदा और प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर चले गए। इसी दौरान कानपुर से प्रयागराज जा रही इंटरसिटी ट्रेन के सामने कूदकर उन्होंने आत्महत्या कर ली। स्टेशन मास्टर अमानुउद्दीन ने बताया कि ट्रेन के गुजरने के बाद प्लेटफॉर्म पर उनका शव पड़ा मिला। घटना की जानकारी जीआरपी बांटा को दी गई। जीआरपी ने मौके पर पहुंचकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी सहित तीन पुत्रों को रोता बिलखता छोड़ गया है।

### एक सप्ताह पूर्व घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** एक सप्ताह पूर्व बाइक सवार की टक्कर से घायल महिला की इलाज के दौरान हैलट कानपुर में मौत हो गई। इस घटना से मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर मृतका के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। नगर के केवटरा हुसैनगंज निवासी महादेईया (65) पत्नी रमैया निषाद 13 दिसंबर की सुबह खेत को निराने के लिए मजदूरी में जा रही थी तभी मौदहा सिसोलर मार्ग पर बिसंडा बाबा के स्थान के समीप मौदहा की ओर से आ रहे बाइक सवार ने महादेईया को टक्कर मार घायल कर दिया जिस उसे कानपुर के हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां मंगलवार की सुबह इलाज के दौरान महादेईया की मौत हो गई। बुधवार की सुबह कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतका के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

**सुमेरपुर (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** तेज रफ्तार ट्रैक्टर.ट्राली की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। हादसा मंगलवार रात बांकी मार्ग पर हुआ। गंभीर रूप से घायल युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गयाए लेकिन हालत नाजुक होने पर उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गयाए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बांकी गांव निवासी 25 वर्षीय राजकुमार यादव मंगलवार की रात कस्बे से स्कूटी पर सवार होकर घर लौट रहा था। इसी दौरान बिलहड़ी गौशाला के पास बालू से लदे तेज रफ्तार ट्रैक्टर.ट्राली ने उसकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गयाए लेकिन हालत बिगड़ने पर उसे रात में ही सदर अस्पताल भेजा गयाए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।राजकुमार की दो वर्ष पहले शादी हुई थीए लेकिन उसकी कोई संतान नहीं है। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो.रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया है। फिलहाल परिजनों की ओर से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सुशासन सप्ताह को लेकर कार्यशाला आयोजित

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** शासन द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में जनपद में 19 से 24 दिसंबर 2024 तक आयोजित किए जाने वाले सुशासन सप्ताह के संबंध में जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में सुशासन सप्ताह को पूरे भव्यता के साथ आयोजित किया जाए। इसके अंतर्गत शासन द्वारा जो भी दिशा निर्देश दिए गए हैं उनका शत प्रतिशत अनुपालन किया जाए। सुशासन सप्ताह के अंतर्गत सभी विभागों द्वारा जो भी अच्छे कार्य व किए गए हैं उसको पोर्टल पर अपलोड किया जाए। सुशासन सप्ताह के अंतर्गत सभी विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन फरियादियों की सुनी जा रही शिकायतों का का निस्तारण कर उसे पोर्टल पर भी अपलोड किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सुशासन सप्ताह के अंतर्गत सभी विभागों द्वारा किये जाने वाले कार्यों को टिवटर फेसबुक यूट्यूब आदि के माध्यम से भी प्रचारित किया जाए। सुशासन सप्ताह के तहत स्कूलों में निबंध प्रतियोगिताए बच्चों की रैली मानव श्रृंखला की गतिविधियां की जाय।

### ग्रामीण पेड़ से गिरकर घायल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के सुजौली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कारीकोट के विशुनटाडा गांव निवासी ग्रामीण मनोज 45 पुत्र रामऔतार गांव के करीब कतर्नियाघाट कर जंगल में जलौनी लकड़ी लेने गया था इस दौरान वह कुसुम के पेड़ पर चढ़कर लकड़ी तोड़ रहा था तभी अचानक अनियंत्रित होकर वह पेड़ से गिर गया। ग्रामीण के पेड़ से गिरते ही उसकी चीखें सुनकर आसपास मौजूद लोग दौड़ पड़े सभी उसे आननफानन में स्थानीय निजी चिकित्सक के यहां ले गए जहां से उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे रेफर कर दिया गया। जिसके बाद परिवार के लोगों ने उसे पड़ोसी जनपद लखीमपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। ग्रामीण की हालत गंभीर बनी हुई है।

# स्थानीय पुलिस ने शक्ति प्रदर्शन करने जा रहे कांग्रेसियों को किया हाउस अरेस्ट



**चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज।**

जब कांग्रेसी कार्यकर्ता शक्ति प्रदर्शन करने के लिए जा रहे थे, तभी चरखारी पुलिस ने चौकी प्रभारी सनय कुमार के नेतृत्व में सभी कांग्रेसियों को हाउस अरेस्ट कर लिया है। वहीं कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बताया कि यह प्रदर्शन राज्य सरकार की नीतियों और मुद्दों के खिलाफ किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी बेरोजगारी, महंगाई, हिन्दु-मुस्लिम की राजनीति, बिजली, स्वास्थ्य व्यावस्था, शिक्षा, संभल सहित तमाम मुद्दों पर योगी सरकार को घेरेगी हाउस अरेस्ट में शहंशाह अली सिद्दीकी, एडवोकेट राहुल मिश्रा, खेम चंद अहिरवार, राजू विश्वकर्मा, प्रमोद कुमार सोनी, राकेश राजपूत, पुष्पेन्द्र राजपूत, जागीरदार, अंशु मिश्रा, पंकज रैकवार, अनुभव गुप्ता रहे।

# किशोरियों को, लैंगिक असमानता, बाल विवाह रोकने के लिए किया जागरूक

**चरखारी ( महोबा), समृद्धि न्यूज।**



चरखारी ब्लॉक क्षेत्र के छह ग्राम पंचायतों के सोहजना, लुहारी, नौसारा, इम्लिखेदा, बम्हेता, रोशनपुरा, अस्थौन, अकठौहां और भैसाई सहित 11गावों में लोकपथ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा दो दिवसीय किशोरी आत्मबल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत भवन में आयोजित प्रशिक्षण में 200 किशोरियों ने प्रतिभाग लिया जिसमें ग्राम प्रधान, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा बहुओं का विशेष सहयोग रहा।

शिविर का मुख्य उद्देश्य किशोरियों में नेतृत्व कौशल विकसित करना था। इसमें किशोरियों को अच्छा नेता बनने के गुण सिखाए गए। बाल विवाह, लैंगिक असमानता, शिक्षा में रुकावट, और माहवारी स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद किया गया। इसके अलावा, टीम प्रबंधन और योजना निर्माण पर जोर दिया गया, जहां किशोरियों ने अपने गांवों में बदलाव लाने के लिए योजनाएं तैयार कीं। सकारात्मक सोच और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए भी प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए।

शिविर में मार्गदर्शन राजेंद्र निगम, सचिव, लोकपथ चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया। प्रशिक्षकों में दीपक कुमार, देवेंद्र कुमार, ब्रजेंद्र कुमार, और अपर्णा त्रिवेदी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस आयोजन में स्थानीय समुदाय का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ। ग्राम प्रधान, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आशा बहुओं ने न केवल आयोजन में मदद की, बल्कि किशोरियों को प्रेरित भी किया। इस प्रशिक्षण शिविर ने किशोरियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनने की दिशा में प्रेरित किया। प्रशिक्षित किशोरियां अब अपने गांवों में नेतृत्व की भूमिका निभाते हुए सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए तत्पर हैं।

लोकपथ चैरिटेबल ट्रस्ट का यह प्रयास किशोरियों को जिम्मेदार नागरिक बनाने और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

# जनमानस सेवार्थ भाव से अग्रणी पंक्ति में शामिल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जनपद महोबा के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर में प्रतिदिन हजारों की संख्या में मरीज आते हैं और उनका निशुल्क इलाज यहां पर तैनात अनुभवी डॉक्टरों के द्वारा किया जा रहा है। जिनमें प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष तिवारी और चिकित्सा अधिकारी डॉ पवन राजपूत के द्वारा उत्तम तरीके से मरीजों का इलाज किया जा रहा है जिसकी क्षेत्रवासी प्रशंसा भी कर रहे हैं।

क्षेत्र के लोग जिनमें सुंदर लाल अनुरागी, जसपाल राजपूत, जगदीश, अवध किशोर लक्ष्मी पांचाल, बल्लू विश्वारी ने स्पष्ट तौर पर बताया है कि सीएचसी जैतपुर में हमारा निःशुल्क इलाज किया गया है हम लोगों को पूर्ण आराम हैं। इसके साथी ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अकौना,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अजनर व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खमा में भी मरीज को न केवल निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं व शासन द्वारा प्रदत्त विभिन्न विशिष्ट शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं।

वर्तमान सप्ताह में प्रत्येक सोमवार व गुरुवार को शासन के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक जनसंख्या प्रबंधन अंतर्गत निशुल्क महिला नसबंदी शिविर का आयोजन हो रहा है। जिसमें कुशल एवं अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा सफल ऑपरेशन किए जा रहे हैं जिनमें अभी तक कुल 258 ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए जा चुके हैं। ऑपरेशन के साथ ही निशुल्क दवा एवं प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाती है तथा निशुल्क उत्तम क्वालिटी का स्वल्पाहार भी उपलब्ध कराया जा रहा है इसमें प्रभारी चिकित्सा अधिकारी और चिकित्सा अधिकारी के द्वारा पौष्टिक आहार को वरीयता क्रम में रखा गया है ताकि महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जा सके इसके साथ ही यह दोनों डॉक्टर अपने निजी खर्चे से भी महिलाओं को स्वल्पाहार की उत्तम व्यवस्था भी कर रहे हैं। जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर आसाराम के निर्देशन में प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर में पदस्थ डॉक्टर आशीष तिवारी द्वारा बताया गया कि अधीनस्थ समस्त अधिकारी एवं समस्त कर्मचारियों के पूर्ण सेवा भाव से ही शासन द्वारा प्रदत्त योजनाओं को जनमानस तक पहुंचा रहे हैं जिनका प्रभारी द्वारा निरंतर उत्साह वर्धन किया जा रहा है। जनसंख्या पखवाड़ा में डॉक्टर आशीष तिवारी द्वारा जनता से अपील की जाती है कि महिलाएं अधिक से अधिक महिला नसबंदी की ओर जागरूक हो तथा नसबंदी कराकर देश के विकास में सहयोग करें।प्रचार प्रसार की उत्तम व्यवस्था के द्वारा क्षेत्र में जागरूकता की जा रही है। इस प्रकार से डॉक्टर आशीष तिवारी और डॉ पवन राजपूत के द्वारा किए जा रहे कार्यों की पूरे क्षेत्र में प्रशंसा हो रही है।

# राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का किया गया आयोजन



**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के मूसानगर रोड स्थित राजकीय बालिका इंटर कालेज में 18 दिसंबर 2024 दिन बुधवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज घाटमपुर ,जवाहर नगर पश्चिमी वार्ड 6 ,कानपुर नगर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया विज्ञान प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि श्री उमा सिंह जी ,श्री अमरदीप उर्फ रोहित सिंह एडी जी, सभासद वार्ड 06,श्री प्रदीप मिश्रा जी द्वारा दीप प्रज्वलनकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यालय की छात्राओं द्वारा विज्ञान के मॉडल के द्वारा विज्ञान के नवाचार के बारे में बड़े ही प्रभावी ढंग से बताने का प्रयास किया गया विज्ञान शिक्षिका श्रीमती मंजू यादव श्रीमती कंचन वर्मा, श्रीमती पूनम यादव द्वारा विज्ञान के नवाचार के बारे में जानकारी दी गई विज्ञान प्रदर्शनी में जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान कुंवारी विदा कक्षा 8 की छात्रा एवं द्वितीय स्थान पर कुंवारी कुंती एवं हिना ने कक्षा 8 संयुक्त रूप से तथा तृतीय स्थान पर कुंवारी रश्मि कक्षा 7 में स्थान प्राप्त किया तथा सब जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान कुंवारी भारतीय कक्षा 9 द्वितीय स्थान कुंवारी अर्शी कक्षा 10 व तृतीय स्थान कुंवारी करती कक्षा 9 द्वारा प्राप्त किया गया सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्रथम स्थान कुंवारी हिमांशी ने एलिवेटेड लिफ्ट बनाकर सभी का ध्यान आकर्षित किया द्वितीय स्थान पर कुमारी नाजिया व तृतीय स्थान पर कुंवारी काजल ने प्राप्त किया सभी छात्राएं सभी छात्राओं को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया एवं मुख्य अतिथियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनियों का अवलोकन किया गया बच्चों के प्रयास को सराहा गया सामूहिक सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत शपथ प्रतिशत अभिवाद को द्वारा प्रतिभा किया गया तथा विद्यालय में ओलंपियाड द्वारा आयोजित बौद्धिक कौशल आधारित छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षा का भी अवलोकन किया गया जिसमें 310 छात्राओं ने प्रतिभा किय।

माननीय पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई जी जन्म दिवस 25 दिसंबर 2024 के उपलक्ष्य में भाषण निबंध एवं क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया उक्त कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रधानाचार्य श्रीमती अंजू सिंह द्वारा की गई तथा कार्यक्रम का संचालन श्री अशोक कुमार शुक्ला श्रीमती लक्ष्मी दमेरिया द्वारा किया गया श्रीमती तृप्ति गुप्ता एवं श्रीमती सीमा रानी श्रीमती आशा देवी व बीना मुल्तानी आदि शिक्षिकाएं व कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

# अल्पसंख्क दिवस पर लोगों को दिये गये टिप्स, लोगों को किया गया जागरुक

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



अल्पसंख्यकों की शैक्षिक एवं सामाजिक विकास लिए जागरूकता के मकसद से प्रत्येक वर्ष 18 दिसंबर को अल्पसंख्यक दिवस के रूप में मनाया जाता है।जानकारी के अनुसार कस्बे के मदरसा रहमानिया अनवारुल उलूम में एक बैठक कर अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाया गया शासन के निर्देशानुसार अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए प्रत्येक वर्ष दिसंबर माह में जैन पारसी ईसाई मुस्लिम समुदायों को जो आर्थिक एवं सामाजिक विकास हेतु शासन की मंशा के अनुरूप दिसंबर माह में अल्पसंख्यक दिवस के रूप में मनाया जाता है उनको जागरुक करते हुए सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े हुए लोगों को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए उनको जागरूक किया जाए जिससे सम्भ्रांत नागरिक बनकर राष्ट्र की सेवा की सेवा कर सके। जिला अल्पसंख्यक अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि मौदहा हमीरपुर सदर राठ आदि स्थानों पर बैठक कर अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए दिसंबर के माह में अल्पसंख्यक दिवस मनाया गया है।

## बाइक सवार ने आंगनवाड़ी कार्यकत्री को मारी टक्कर

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के सिकरोड़ी गांव निवासी आंगन वाडी कार्यकत्री को बाइक चालक ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गई। जिसका उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। उसने बाइक चालक के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है। क्षेत्र के सिकरोड़ी गांव निवासी आंगनवाड़ी कार्यकत्री शारदा दिवेदी पत्नी देवीदिन ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बुधवार को तीन बजे पैदल मंडी तरफ से आ रही थी तभी कोआपरेटिव बैंक के सामने बाइक चालक राजा पुत्र नरेश ने लापरवाही से बाइक चलाकर मेरे टक्कर मार दी। जिससे सड़क में गिर गई तथा चोट आई है। कार्यकत्री ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# गर्ल्स टीमों में बांदा ने झांसी को दी 4-0 से शिकस्त

**खेल के उपरांत नगर के संभ्रांत नागरिकों को कमेटी ने किया सम्मानित**

**मौदहा, हमीरपुर।**




कस्बे में आयोजित मौलाना सलीम मेमोरियल ऑल इंडिया खेल महोत्सव के अंतिम दिन फाइनल मुकाबले से पूर्व बांदा तथा झांसी गर्ल्स टीमों के बीच जबरदस्त भिड़ंत हुई जिसमें बांदा की टीम ने झांसी की टीम को 4-0 से करारी शिकस्त देकर ट्राफी पर कब्जा कर लिया।

कस्बे के रहमानिया ग्राउंड में आयोजित मौलाना सलीम मेमोरियल ऑल इंडिया खेल महोत्सव के अंतिम दिन फाइनल मुकाबले से पूर्व बांदा तथा झांसी की गर्ल्स टीमों के बीच हांकी मैच खेला गया जिसमें बांदा की टीम ने झांसी की टीम को 4-0 से करारी मात देकर ट्राफी अपने नाम कर ली। इस गर्ल्स टीमों के मुकाबले में बतौर मुख्य अतिथि रहमानिया कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ रजिया सुल्तान तथा विशिष्ट अतिथि हिना कमाल ने विजेता तथा उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र समेत अन्य पुरस्कार देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

वहीं रहमानिया कॉलेज की प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन में कहा कि निजामी स्पोर्ट्स मौदहा के तत्वावधान में आयोजित किया गया खेल महोत्सव बुंदेलखंड ही नहीं अपितु पूरे प्रदेश में नाम कमा रही है तथा यहां के ग्राउंड ने प्रदेश स्तरीय ही नहीं बल्कि सैकड़ों की संख्या में राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी देश को समर्पित किया है। गर्ल्स टीमों के बीच खेला गया हांकी मैच देखने के लिए यहां का ग्राउंड खचाखच दर्शकों से भरा रहा। इस दौरान कस्बे के संभ्रांत नागरिकों में नसीम अहमद, गुलाम मुहम्मद, सुभान वकील, संदीप बाल्मीकि, डॉ मुबीन सहित अन्य लोगों को कमेटी ने शॉल व प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

# नगर पालिका ने अतिक्रमण हटा लोगों से वसूला जुर्माना



**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

चौथे दिन कस्बे के नहर बाईपास रोड पर नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण किए दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने की चेतावनी देने के बाद भी उनके द्वारा अपने सामानों को न हटाए जाने पर बुधवार को सख्ती के साथ अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान सड़क किनारे ईंट गुम्मा व गुमटियों को हटाकर हजारों रुपया का जुर्माना भी वसूला गया।

बुधवार को उपजिलाधिकारी अभिमन्यु कुमारए नगर पालिका के ईओ राजेश कुमार वर्मा ने पुलिस बल के साथ नवीन गल्ला मंडी बाईपास से उरई रोड नहर बाईपास तक अतिक्रमण अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क किनारे रखे ईंट व गुमटियों पर नगर पालिका का बुलडोजर चलाया गया। साथ ही नगर पालिका कर्मियों ने हजारों का जुर्माना बसूला गया है। प्रशासन की इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। नगर पालिका ईओ राजेश सिंह ने बताया कि यह अभियान अभी लगातार जारी रहेगा। गुरुवार को बाजार से अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। सभी दुकानदारों को पहले से नोटिस व चेतावनी दे दी गई थी। इस दौरान नगर पालिका के बड़े बाबू विजय कुमारए सफाई निरीक्षक मोहित शर्मा उर्फ जोन्टी सहित तमाम सफाई कर्मी मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार वाहनों की टक्कर से महिला समेत दो की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**



अलग अलग थाना क्षेत्रों में तेज रफ्तार वाहनों की टक्कर से महिला समेत दो लोगो की मृत्यु हो गयी, पहली घटना चिकासी गांव निवासी कुलदीप यादव पुत्र वंश गोपाल यादव ने बताया कि मंगलवार की शाम पांच बजे उसका छोटा भाई 35 वर्षीय अजीत हरदुआ गांव में ट्रैक्टर में भाड़े की गिट्टी भरकर ले गया था। गिट्टी डालकर वापस लौट रहे थे। तभी लौटते समय शाम करीब छह बजे गांव से निकलते ही ट्रैक्टर में तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। इस हादसे में ट्रैक्टर में दबकर उसके भाई की मौत हो गई। चिकासी थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया गया है।

दूसरी घटना जरिया थाने के इटैलियाबाजा गांव निवासी दीपक राजपूत ने बताया कि मंगलवार को उसकी मां 55 वर्षीय अनुसुइया पत्नी श्रीकांत राजपूत खेत गई थी। शाम करीब साढ़े पांच बजे वह खेत से घर आ रही थी। तभी वह फसल को जानवरों से बचाने के लिए जमनगबां मौजा एक्सप्रेस वे के सर्विस लाइन के बगल में खेत किनारे झांकर वारी लगाने लगी। उसी तेजी से आ रहे बाइक सवार युवक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया। बताया कि उरई ले जाते समय रास्ते में उसकी मां की मौत हो गई। जरिया थानाध्यक्ष मयंक चंदेल ने बताया कि कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# संवासिनियों को कंबल व हाइजेनिक किट वितरित

**आपको अपनी ऊर्जा रचनात्मक कार्यों में लगानी चाहिए, शिक्षा,जीवन कौशल के हुनर आपके उज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



जनपद न्यायाधीश पंकज कुमार सिंह तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कृष्णचन्द्र सिंह द्वारा रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में आवास विकास स्थित राजकीय सम्प्रेक्षण गृह की संवासिनियों को कम्बल एवं हाइजेनिक किट, मास्क तथा पल्स ऑक्सिमिटर का वितरण किया गया। इस मौके पर रेडक्रॉस के चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह ने जनपद न्यायाधीश का स्वागत किया। जनपद न्यायाधीश ने संवासिनियों को किट वितरित करते हुए कहा कि स्वस्थ्य मस्तिष्क में स्वस्थ्य बुद्धि का विकास होता है। आपको दी जा रही यह हाइजेनिक किट आपके स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। संवासिनियों से जनपद न्यायाधीश ने कहा कि आपको अपनी ऊर्जा रचनात्मक कार्यों में लगानी चाहिए, शिक्षा,जीवन कौशल के हुनर आपके उज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा। इस मौके पर डालसा के सचिव कृष्णचन्द्र सिंह ने भी संवासिनियों को रचनात्मक कार्यों में मन लगाने के लिए सम्बोधित किया और रेडक्रास को धन्यवाद ज्ञापित किया। रेडक्रॉस के चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह ने बालिकाओं को ठंड से बचाने, स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए हाइजेनिक किट की स्वीकृति देने के लिए रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस के संरक्षक सदस्य आशीष वर्मा, प्रबन्ध कार्यकारिणी सदस्य डॉ सुविद्या वत्स, वाइस चेयरमैन अधिवक्ता हुमायूं नईम खां, चन्द्रशेखर कांडपाल, अंकुर माथुर, डॉ मंजूलता, श्रीमती शाईस्ता अख्तर, अजय कुमार मिश्रा, रत्नेश कुमार, गुलजार बानो, आशा सिंह सहित सम्प्रेक्षण गृह की अधीक्षिका मधु तिवारी, केयर टेकर, दिनेश कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

## खेत पर जबरन अवैध कब्जा करने का प्रयास, हुई शिकायत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** खेत पर जबरन अवैध कब्जा करने का आरोप लगाते हुए महिला ने उप जिलाधिकारी से मामले की शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है । कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत बरावा गांव निवासनी पियारा पत्नी अंबर प्रसाद ने उप जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि गाटा संख्या 1035 रकबा 0.368 हेक्टर बतौर खतौनी पर सरकारी अभिलेख में उसका नाम दर्ज है। महिला का आरोप है कि गांव के ही विपक्षी रज्जन पुत्र गोकुल जबरन उसकी जमीन पर अवैध कब्जा करना चाहते हैं ।जमीन की पैमाइश के लिए धारा 24 के तहत वाद दायर किया था, जो निरस्त कर दिया गया है। बिना किसी सरकारी आदेश के जबरन जमीन पर अवैध कब्जा करना चाहते हैं ।मना करने पर लड़ाई झगडे व फौजदारी पर आमादा होते हैं ।उपजिलाधिकारी ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है। जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# एसडीएम ने सीएचसी का किया निरीक्षण



**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

शासन के निर्देशानुसार एसडीएम ने देर रात सीएचसी फतेहपुर का औचक निरीक्षण किया। मालूम हो की बीती देर रात को फतेहपुर उपजिलाधिकारी राजेश कुमार विश्वकर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होने सबसे पहले इमरजेंसी वार्ड मे जाकर मौजूद मरीजो के परिजनो से स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में पूरी जानकारी ली निरीक्षण के दौरान उन्होने चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में जाकर आकस्मिक ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों की उपस्थिति और स्टाफ की मौजूदगी के बारे में जानकारी लेते हुए उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में सभी कुछ संतोषजनक मिलने पर वह संतुष्ट नजर आए और स्वास्थ्य सुविधाओ को और भी बेहतर करने के लिए आकस्मिक ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉक्टर हिमांशु को निर्देश दिए।एसडीएम राजेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार सीएचसी फतेहपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया इस दौरान सभी कुछ संतोषजनक मिला। स्वास्थ्य सुविधाओ को और भी बेहतर करने के निर्देश दिए गए है।

## शनिवार से लगेगा ब्रम्हदेव बाबा का मेला

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के सराय वन पुकार गांव में हर वर्ष लगने वाला बाबा ब्रह्मदेव मेल आगामी शनिवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ होने जा रहा है। जिसमें पास पड़ोस के कई गांव से बड़ी संख्या में ग्रामीण मेला देखने आएंगे। यह जानकारी देते हुए मेला प्रबंधक श्रवण कुमार दीक्षित ने बताया कि एक दिवसीय मेले में स्थानीय कलाकारों द्वारा दिन में रामलीला का मंचन किया जाएगा एवं रात में नौटंकी का आयोजन किया जाएगा।

# सड़क पर पैदल जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, गम्भीर घायल

**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र फतेहपुर अन्तर्गत मिरदहन पुरवा भगौली मार्ग पर सड़क किनारे जा रहे युवक को पीछे से तेज रफ्तार आज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर फरार हो गया।

जिससे युवक वहीं पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।ज्ञात हो नगर पंचायत फतेहपुर मिरदहनपुरवा गांव निवासी ओंकार मंगलवार की देर शाम मिरदहन पुरवा भगौली मार्ग पर अपने घर जा रहे थे की पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।

घटना के बाद ओंकार वहीं सड़क किनारे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये।घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर घायल का घर होने से पारिवारिकजनो को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर तत्काल एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी फतेहपुर में ले जाकर भर्ती करवाया।जहां मौजूद डॉक्टरों ने उनकी हालत को नाजुक होने के कारण प्राथमिक उपचार कर उन्हें जिला अस्पताल बाराबंकी रेफर कर दिया है।वहीं युवक की हालत चिंताजनक होने पर पारिवारिक जनों में कोहराम मचा है।

## विधानसभा घेराव करने जा रहे कांग्रेसजनो को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आवाहन पर भाजपा के कुशासन के विरुद्ध विधानसभा का घेराव करने जा रहे त्रिवेदीगंज क्षेत्र के कांग्रेसी नेताओ व कार्यकर्ताओं को लोनी कटरा पुलिस द्वारा बुधवार को 12 बजे हाउस अरेस्ट किया गया। जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष त्रिवेदीगंज सुशील कुमार वर्मा, राम किंकर रावत, हरी राम वर्मा, राकेश कुमार वर्मा, रत्नेश मौर्या आदि नेता व कार्यकर्ता गण मौजूद रहें। इसी क्रम में नगर पंचायत सुबेहा के सुलेमानपुर वार्ड से अपने समर्थकों के साथ विधानसभा घेराव के लिए कूच करने की तैयारी कर रहे कांग्रेसी नेता शोएब चौधरी एवं उनके समर्थकों को घर पर पहुंच पुलिस ने होम अरेस्ट कर लिया।

# केवीके पर मनाया गया किसान दिवस, कृषि, बागवानी के बताये गुर

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**




प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाला किसान दिवस जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के निर्देश पर बुधवार को पहली बार हैदरगढ़ स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में आयोजित किया गया। कृषि विभाग द्वारा आयोजित किसान दिवस उपनिदेशक कृषि श्रवण कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

इस अवसर पर कृषि विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। फसल के उत्पादन में वृद्धि, रोगो से बचाव व रोकथाम की जानकारी दी गई। इस मौके पर जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि यदि कोई किसान आम, अमरूद, लौकी, तोरई आदि की खेती करता है तो उसे सब्सिडी के तौर पर अनुदान मिलता है। डिस्ट्रिक्ट कॉपरेटिव ने यूरिया की उपलब्धता के बारे में बताया कि जिले में खाद की कोई कमी नहीं है।

किसान दिवस की अध्यक्षता कर रहे उपकृषि निदेशक श्रवण कुमार ने बताया कि रासायनिक खादो के उपयोग से जहां भूमि की उपजाऊ क्षमता दिनों दिन कम होती जा रही है वही रासायनिक उर्वरकों के इस्तेमाल से खेत में पैदा होने वाले अनाज को खाने से सेहत पर भी बुरा असर पड़ रहा है। इसलिए रासायनिक खादों के उपयोग में धीरे धीरे कमी लाये और प्राकृतिक खादो के इस्तेमाल को बढ़ावा देने का कार्य करे, जिससे फसल की उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी तो वहीं हम स्वस्थ व निरोगी जीवन भी जी सकेंगे।उन्होंने आगे बताया कि कृषि यंत्र खरीदने पर सरकार सब्सिडी प्रदान कर रही है।

उन्होंने फॉर्मर रजिस्ट्री बनवाने के लिए किसानो से अपील करते हुए कहा कि अभी तक जिन किसानों ने फॉर्मर रजिस्ट्री नहीं बनवाया है उन्हें पी एम किसान सम्मान निधि की 19 वी किस्त का लाभ नहीं मिलेगा ।इसलिए मोबाइल, आधार , खेतौनी के साथ जनसुविधा केंद्र पर जाकर अवश्य फॉर्मर रजिस्ट्री बनवा ले। कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी राजित राम, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता लोकेश त्रिपाठी , जिला कृषि रक्षा अधिकारी विजय कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी सौरभ कुमार , जिला उद्यान अधिकारी, डॉक्टर अश्वनी कुमार सिंह कृषि वैज्ञानिक , डॉक्टर समीर पांडेय, एडीओ कॉपरेटिव हैदरगढ़ विजय सिंह, त्रिवेदीगंज एडीओ कॉपरेटिव मनोज मिश्रा, एडीओ ज्ञानेंद्र सिंह, भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचन्द्र सिंह , जिला अध्यक्ष विधि चंद यादव,रामबरन वर्मा, आशा देवी, बेचा लाल रावत, सुमन सिंह, कुंवर बहादुर सिंह, राम किशोर पटेल,त्रिभुवन गिरी आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### बुजुर्ग दम्पति के साथ हुई मारपीट में बुजुर्ग की मौत

**मसौली बाराबंकी।** बुधवार की दोपहर बुजुर्ग दम्पति के बींच हुई मारपीट मे पत्नी द्वारा किये गये हमले मे गंभीर रूप से घायल 67 वर्षीय बुजुर्ग पति की जिला अस्पताल मे मृत्यु हो गयी। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भैसूरिया निवासी निसंतान दम्पति 67 वर्षीय शरीफ पुत्र सत्तार अपनी 64 वर्षीय पत्नी साफिया के साथ गांव की मस्जिद के निकट रहते है बुधवार की सुबह बुजुर्ग दम्पति के बींच हुई कहासुनी के बाद दोपहर मे हुई मारपीट मे पति शरीफ ने पत्नी साफिया के सिर पर ईट मार दी जिससे गुस्से मे पत्नी ने पति पर धारदार से हमला कर दिया जिसमे बुजुर्ग पति शरीफ गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे एम्बूलैंस से जिला अस्पताल मे भर्ती कराया इलाज के दौरान घायल बुजुर्ग की मौत हो गयी। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### विद्युत मेगा कैंप में हुई 8 लाख रुपये से अधिक की राजस्व वसूली

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** नगर पंचायत सुबेहा में आयोजित विद्युत मेगा कैम्प में 8,06,926 की राजस्व वसूली की गयी। यहीं नहीं अनुरोध के बावजूद बकाया बिजली बिल न जमा करने वाले 52 बकायेदारों के कनेक्शन भी काटे गए। कस्बा के बस स्टॉप पर अवर अभियंता सद्दाम हुसैन के नेतृत्व में लगाए गए इस शिविर में उपभोक्ताओ के बिजली बिल जमा कराए गए ।इस दौरान टीम द्वारा कस्बा का भ्रमण करके 165 कनेक्शनो की जांच भी की गई। 132 उपभोक्ताओं का ओटीएस योजना के तहत पंजीकरण करने के अलावा उपभोक्ताओं के 16 बिल भी संशोधित किए गए।

### ऑटो की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**जालौन, उरई।** बाइक से घर लौट रहे युवक की बाइक में ऑटो ने टक्कर मार दी थी। हादसे की रिपोर्ट घायल के पिता ने कोतवाली में दर्ज कराई है। रेंढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम कुसमरा निवासी राजाराम ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा बीती 16 दिसंबर को किसी काम के चलते जालौन आया था। काम निपटाकर शाम को जब वह वापस लौट रहा था। तभी सुढ़ार के पास स्थित पुलिया के पास सामने से आ रहे ऑटो चालक ने बेटे की बाइक में बेकाबू होकर टक्कर मार दी थी। हादसे में उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे पहले सीएचसी फिर उच्च संस्थान रेफर कर दिया गया। वहीं हादसे के बाद ऑटो चालक ऑटो लेकर मौके से भाग निकला। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ऑटो व उसके चालक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डीएम ने नोडल अफसरो को दिए गौशाला निरीक्षण के निर्देश

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने वीडियो कॉन्फ्रेंस कर जनपद के सभी नोडल अफसरो को गौशालाओं में जाकर निरीक्षण करने व सही रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी को कुछ गौआश्रय स्थलों पर अव्यवस्थाओं की जानकारी मिली थी इसलिए उन्होंने आज सभी गौशालाओं में गोवंशों की गणना, गोवंशों को मिलने वाला भूसा, हरा चारा, चोकर, पानी आदि व सर्दी से बचाव के इंतजामात की हकीकत परखने के लिए सभी नोडल अधिकारियों की बैठक ली व स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि सभी नोडल अधिकारी अपनी गौशालाओं में स्वयं जाकर मौके पर मौजूद गोवंशों की गणना करेंगे व गोवंशों के लिए भूसा, हरा चारा आदि की उपलब्धता भी देखेंगे। गौशाला में साफ सफाई व गोवंशों को सर्दी से बचाने के लिए उचित इंतजामात किए गए हैं या नहीं यह भी देखेंगे। नोडल अधिकारी गौशाला का ईमानदारी से निरीक्षण कर बिंदुवार रिपोर्ट जिला विकास अधिकारी महेंद्र चौबे व ईडीएम पुष्पेंद्र सिंह को भेजेंगे। वीडियो कांफ्रेंस के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी मनोज कुमार अवस्थी को अपने कार्य में ढिलाई बरतने व मौके पर समुचित दस्तावेज उपलब्ध न करा पाने के रवैये में सुधार हेतु कड़े निर्देश दिए।

# पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया स्मार्टफोन टैबलेट का वितरण

**अंबेडकरनगर, समृद्धि न्यूज।**



मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विद्यालयों के विद्यार्थियों को शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में स्मार्ट बनाने के लिए 19 अगस्त 2021 को शुरू की गई टैबलेट फोन का वितरण विद्यालयों में किया जा रहा है।इस कड़ी में बुधवार को पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल वर्मा ने विद्यालय के संरक्षक डॉ एस.एम.वर्मा तथा प्राचार्य डॉ ए.जे. प्रजापति की उपस्थिति में हुलासी देवी स्मृति महाविद्यालय देव धाम गंजा में विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन टैबलेट वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 19 अगस्त 2021 को प्रदेश के विद्यार्थियों को शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के क्षेत्र में स्मार्ट और योग्य बनाने के लिए टैबलेट और स्मार्ट फोन का वितरण की योजना का शुभारम्भ किया गया था। इस योजना से करोड़ों युवाओं को स्मार्ट फोन टैबलेट फोन वितरण करने के लिए तीन हजार करोड़ रुपए धन का आवंटन किया गया है। यह योजना मेधावी छात्र छात्राओं की प्रतिभाओं को निखारने में अचूक साबित हुई है।उन्होंने कहा कि यू.पी. टैबलेट स्मार्ट फोन योजना का लाभ ग्रेजुएशन,पोस्ट ग्रेजुएशन, टेक्निकल और डिप्लोमा की पढ़ाई करने वाले छात्र प्राप्त कर सकते हैं।छात्र इन टैबलेट और स्मार्ट फोन के माध्यम से शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

# डीएम ने नगर भ्रमण कर अलाव व्यवस्था की देखी हकीकत

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़।**



शीत लहर को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने देर रात शहर के जिला अस्पताल, शहीद भगत चौराहा, रेलवे स्टेशन उरई व कोंच नगर पहुंचे, जहां उन्होंने मारकंडेश्वर तिराहा पर नगर पालिका द्वारा जलाए जा रहे अलाव की व्यवस्था हकीकत जानी, जो सुचारू रूप से प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे। इसके बाद उन्होंने कोंच रेलवे स्टेशन जाकर रात्रि के समय आने वाली ट्रेन से आने जानेवाले यात्रियों से बात की। इस दौरान उन्होंने स्टेशन के बाहर जल रहे अलाव की भी व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सीएचसी में पहुंच कर मरीजों से वार्ता कर हाल जाना, साथ ही व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। वहीं अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में गंदगी मिलने पर त्वरित साफसफाई कराई गई, तथा सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। मरीजों के तीमारदारों से बात करते हुए उन्हें कंबल का भी वितरण किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश है कि कोई भी व्यक्ति खुले आसमान में न सोने पाए। इसके लिए उप जिलाधिकारी व सम्बंधित अधिकारियों द्वारा निरंतर सर्दी को देखते हुए निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रैन बसेरा व आश्रय शेल्टर होम में खुले आसमान में सोने वाले व्यक्तियों के लिए व्यवस्था की गई, जनपद में कोई भी व्यक्ति खुले आसमान में सोते हुए नही पाया गया। सभी जगह रेन बसेरे बनवाए गए है, साथ ही अलाव भी नगर पालिका और प्रशासन की तरफ से जलवाए जा रहे हैं इतना ही नहीं जरूरतमंद लोगों को लगातार कम्बल का वितरण किया जा रहा है, उन्होंने सभी अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी व्यक्ति को खुले आसमान में सोने न दिया जाए, रैनबसेरे बने है वहां पर और आश्रय शेल्टर होम में पहुंचाया जाए।

## पत्नी की हत्या कर फरार चल रहा पति पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जालौन,उरई।** लगभग 10 दिन पूर्व महिला की हत्या के बाद उसके शव को खजुरी के पास माइनर में फेंके जाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने फरार चल रहे पति को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खजुरी गांव के पास माइनर में 13 दिसंबर की सुबह एक महिला का शव मिला था। उस दिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। अगले दिन महिला के हाथ पर लिखे नाम से उसकी शिनाख्त मोहल्ला गणेशजी निवासी ज्योति पत्नी अमित बेलदार के रूप में हुई थी। इस मामले में महिला का गला रेतकर महिला की हत्या की गई थी। पुलिस हत्या के मामले में आरोपियों की तलाश कर रही थी। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि महिला की हत्या में उसके भाई रामप्रकाश व जीतेंद्र उर्फ जीतू के साथ पति का भी हाथ था। पुलिस ने भाइयों की हिरासत में लेकर जब उनसे पूछताछ की तो दोनों ने ज्योति की हत्या की बात कुबूल कर ली थी।

# साइबर ठगी करने वाले छह ठग गिरफ्तार

**रूपयों को विभिन्न ऐप से डॉलर में कन्वर्ट करके बेच कर कमाते थे मोटा मुनाफा**

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



ठगो से मोबाइल, सिम कार्ड, लग्जरी गाड़ियों समेत 1 करोड़ से ज्यादा का सामान बरामद आम लोगों को मनरेगा, इंश्योरेंस, पीडब्ल्यूडी इत्यादि में काम दिलाने का झांसा देकर खुलवाते थे।

बैंक अकाउंड, खाता धारक को झांसे में लेकर उनकी चेकबुक, एटीएम, इत्यादि रख लेते थे अपने पास बिना खाता धारक को बताए इन अकाउंट का साइबर ठगी के रुपए खोलने में करते थे इस्तेमाल ठगी के रूपयों को विभिन्न ऐप के जरिए डॉलर में कन्वर्ट करके बेच कर मोटा मुनाफा कमा रहे थे। इंडियन साइबर क्राइम कॉर्डिनेशन सेंटर से मिले संदिग्ध खातों की सूचना के बाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर की कार्यवाही एसएसपी संजय कुमार के निर्देशन में और एसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह और सीओ सैफई पहुंप सिंह ने नेतृत्व में थानाध्यक्ष बसरेहर समित चौधरी, उप निरी अनीश अहमद, उप निरी सौरभ राणा, उप निरी राघवेंद्र और थाना पुलिस के साथ साइबर थाना प्रभारी रणबहादुर सिंह कॉन्स्टेबल ब्रजेश गोला और संदीप ने कार्यवाही की।

# एसडीएम को कान्हा गौशाला निरीक्षण में मिले 381 गौवंश

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़।**

शीतलहर के चलते सामान्य जन जीवन प्रभावित हो रहा है। शीतलहर के बचाव को लेकर एसडीएम ने नगर में संचालित कान्हा गोशाला, रैन बसेरा व अलाव का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गोशाला में 381 गोवंशों मिले तथा ठंड से बचाव के लिए व्यवस्थाएं दुरुस्त दिखी तथा रैन बसेरा में दो लोग मिले।

अलाव के साथ अन्य व्यवस्थाएं दुरूस्त मिली। उप जिलाधिकारी विनय मोर्य ने औरैया मार्ग पर प्रतापपुरा के पास संचालित कान्हा गोशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गोशाला में 381गोवंश मिले जिसमें 1 बीमार था। कान्हा गोशाला के गोवंशों को ठंड से बचाव के लिए प्रत्येक टीन शैड में अलाव जलता हुए मिले तथा बिजली के रुम हीटर चलते मिले। इसके साथ ही खाने के भूसा, हरा चारा व गुड़ खिलाये जाने की जानकारी दी गयी।बीमार गोवंशों को देखकर उपजिलाधिकारी ने नियमित देखभाल करने तथा पशु चिकित्सक को सूचना देकर उपचार कराये।


## सूचना

मैंने अपने पुत्र गौरव सिंह राठौर व उसकी पत्नी सोनी सिंह, सौरभ सिंह राठौर व उसकी पत्नी नेहा सिंह राठौर के गलत चाल चलन के चलते मैंने अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उन सभी के द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों से मेरा व मेरी पत्नी शकुंतला राठौर तथा अन्य परिजनों का कोई सरोकार नहीं होगा। जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें।

**प्रमोद कुमार सिंह पुत्र धरमपाल सिंह राठौर निवासी 5/174 आवास विकास कालोनी, थाना कादरीगेट, फर्रु0**


# बाल वैज्ञानिकों ने किया अपने प्रदर्श का प्रस्तुतीकरण

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



52वीं राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के दूसरे दिन बुधवार को सभी 18 मंडलों के बाल वैज्ञानिकों ने अपने प्रदर्श का प्रस्तुतीकरण किया। विभिन्न विषयों पर आधारित प्रदर्श रोमांच भर रहे थे तो बाल वैज्ञानिकों की नवाचार पर आधारित चिंतन का सहज ही प्रदर्शन भी कर रहे थे। कुछ बाल वैज्ञानिकों ने आपदा प्रबंधन पर बेहतरीन प्रदर्श प्रस्तुत किया। कुछ ने श्रीअन्न और भविष्य की संभावनाओं को प्रदर्शित किया। प्रदर्शनी के दौरान बाल वैज्ञानिकों ने यातायात, आपदा, विद्युत, संचार,आवागमन सहित ऊर्जा पर आधारित कई मॉडल प्रस्तुत किए। बाल वैज्ञानिकों ने आधुनिक हो रही टोल प्लाजा को भी केंद्रित किया। वाहन चलाते समय शराब से होने वाली दुर्घटनाओं से बचने के लिए टोल पर ही एक सिस्टम लगाने का प्रदर्श सभी को सोचने पर मजबूर किया। लखनऊ के बाल बैज्ञानिक के इस प्रदर्श की खासियत रही की टोल प्लाजा से गुजरने पर वाहन में शराब होने की जानकारी वह टोल प्लाजा के जिम्मेदारों तक पहुंचा देता है। कमोवेश ऐसी ही मॉडल लोगों को अचंभित करते रहे।प्रदर्शनी का बापू बालिका इंटर कॉलेज, एमएलएमएल इंटर कॉलेज सहित कई विद्यालय के विद्यार्थियों ने अवलोकन किया। प्रदर्शनी में कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज,अवध विश्वविद्यालय और साकेत महाविद्यालय के प्रोफेसर,प्राध्यापक बाल वैज्ञानिकों के प्रदर्श का मूल्यांकन कर रहे हैं।

## बनावटी भाषा इंसान के बीच रिश्तों को तोड़ने का कारण बनती

**जालौन,उरई।** उरई मार्ग स्थिति श्रीवीर बालाजी हनुमान मंदिर परिसर पर चल रही शिव महापुराण कथा में कथावाचक पंडित शिवम नगायच ने कहा कि इंसान को बनावटी नहीं होना चाहिए। बनावटी भाषा रिश्तों को तोड़ती है। जीवन में दिखावा नहीं आना चाहिए। झूठ नहीं बोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि 84 लाख योनियों में आखिरी योनी मनुष्य योनी है। ईश्वर केवल मनुष्य को ही सोचने और समझने की क्षमता देता है। मनुष्य का जन्म ईश्वर भक्ति के लिए हुआ है। शिव को पाने के लिए इंसान को गलत विचार, बुरी सोच, बुरी दृष्टि को त्यागना होगा। सजावट, बनावट और दिखावट से दूर रहो। बनावट की बात सनातन धर्म के लिए श्रेष्ठ नहीं है।




## स्पोर्ट्स वीक पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न आयोजित

**इटावा।** पानकुँवर इंटरनेशनल स्कूल, इटावा में आयोजित स्पोर्ट्स वीक के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि इटावा के डीएफओ श्री अतुलकांत शुक्ला जी ने बच्चों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश चंद्र यादव (सीबीएसई डीटीसी) ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर और प्रतीक चिह्न प्रदान कर स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान पर आने के लिए पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि श्री शुक्ला ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को प्रोत्साहित किया और पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शुभाशीर्वाद दिया। इस वर्ष ब्ल्यू हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और विजयी ट्रॉफी अपने नाम की।


## कार्यालय ग्राम पंचायत निबिया विकास खण्ड राजेपुर, फर्रुखाबाद

पत्रांकःमीमो/ग्रा0पं0/ राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2024-25 दिनांक 18/12/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2024-25 अन्तर्गत ग्राम पंचायत निबिया की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 19/12/2024 से दिनांक 25/12/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 25/12/2024 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | बुधपाल के मकान से महादेव के मकान के सामने इंटरलाकिंग कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल आफ क्वांटिटी | 1,38014 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | महादेव के मकान से भंवरपाल के मकान तक इंटरलाकिंग कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल आफ क्वांटिटी | 1,30774 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी। ग्राम प्रधान- ग्रा0पं0 निबिया, वि0ख0 राजेपुर सचिव-

## कार्यालय ग्राम पंचायत थुरट वि.ख. जैतपुर, महोबा

पत्रांक मेमो/15वां वित्त/ पंचम राज्य वित्त आयोग/निविदा/2024-25 दिनांकः 17.12.2024

**निविदा सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/ पंचम राज्य वित्त आयोग 2024-25 के अंतर्गत ग्राम पंचायत थुरट महोबा की स्वीकृत कार्य योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 18.12.2024 से 23.12.2024 में सीलबंद निविदाएँ अपरान्ह 03:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के पंचायत भवन में निविदा पेटिका में डाली जाएगी। दिनांक 23.12.2024 को सायं 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओ /प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष निविदाएँ खोली जाएंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाख में. | सामग्री का विवरण | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत थुरट में मंगल अनुरागी के घर से महेश अहिरवार के घर तक सीसी रोड निर्माण एवं मरम्मत कार्य | 3.29 लाख | सीमेन्ट,बालू,ईटा, ग्रिट 20 एमएम-40 एमएम,आदि। | 2 माह |

**नियम व शर्ते-**

1. आपूर्तिकर्ता/ ठेकेदार द्वारा उपरोक्त धरोहर राशि एनएससी/ केवीपी/डाकघर पासबुक/ टीडीआर ग्राम पंचायत के पक्ष में कराकर निविदा के साथ संलग्न करनी होगी। 2. आपूर्तिकर्ता / ठेकेदार को कार्यस्थल पर सामग्री की पहुंचता दरे निविदा प्रपत्र पर अंकित करनी होगी। 3. आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार को निर्धारित अवधि में कार्य स्थल पर सामग्री की आपूर्ति करनी होगी, अन्यथा धरोहर राशि जप्त करने की कार्यवाही अमल में लाई जाए। 4. निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने अथवा स्वीकार करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा, स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार समिति का होगा।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत थुरट**
**विकास खण्ड जैतपुर, महोबा।**

**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत थुरट**
**विकास खण्ड जैतपुर, महोबा।**

# कन्नौज के कांग्रेसी नेताओं को लखनऊ में किया गया नजरबंद

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में विधानसभा घेराव कार्यक्रम लखनऊ पहुंचे कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्र, जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल को कन्नौज पुलिस ने होटल गैलेक्सी चारबाग में रात्रि में पहुंचकर कमरे में नजरबंद कर कार्यक्रम में जाने से रोक लिया। जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने कहा सरकार जनता के अधिकारों का हनन कर रही है। पूर्व सचिव विजय मिश्र ने कहा आज का दिन सरकार की विफलताओं को दर्शाता है। सरकार किसान महिला उत्पीड़न ध्वस्त कानून व्यवस्था बेरोज़गारी सरकारी विभागों का निजीकरण बिजली विभाग का निजीकरण जैसी प्रदेश में बहुत सी समस्याओं को लेकर विधानसभा का घेराव कर सरकार को जगाना चाहती थी। लेकिन सरकार ने प्रशासन के बलबूते कांग्रेस के लोगों को घर में रास्ते में रोककर लोकतन्त्र का गला घोंटने का काम कर रही है। लेकिन जनता जागरूक हो गईं है। आने वाले समय में जनता इसका हिसाब इन्हें सत्ता से बेदखल करके लेगी। इस दौरान आशीष शुक्ला, मोहित सिंह सहित आदि लोग रहे।

# जेल में रहकर बंदी करेंगे हाईस्कूल व इंटर मीडिएट की शिक्षा ग्रहण

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

वर्तमान में कारागार की अवधारणा मात्र एक निरुद्धि स्थल के रूप में न होकर एक सुधार गृह के रूप में भी है। अनौगी स्थित जिला कारागार में बंदी सुधार कल्याण व पुनर्वास के कार्य को एक विशेष प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। इस बावत विभिन्न प्रकार के कार्य किये जा रहे है। परन्तु बंदी शिक्षा व साक्षरता पर विशेष बल दिया जा रहा है। सर्वप्रथम निरक्षर बंदियों को चिन्हित कर उनको साक्षर बनाने का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में 58 निरक्षर बंदी साक्षरता कक्षाओं में पढ़ना लिखना सीख रहे है। कक्षा- 05 और कक्षा 08 की पढाई हेतु बंदियों का पंजीकरण निकट के ही परिषदीय विद्यालय में कराया जा चुका है। कक्षा 05 में 15 बंदी तथा कक्षा 08 में 04 बंदी वर्तमान में शिक्षा ग्रहण कर रहे है। हाईस्कूल व इण्टर की शिक्षा हेतु व्यवस्था करना थी। इसके लिये विगत कुछ माह से जेल अधीक्षक मो. अकरम खाँ प्रयासरत थे। अब सफलता प्राप्त हुयी है। हुइहुक का स्पेशल स्टडी सेन्टर जिला कारागार के लिये स्वीकृत हो गया है। अब बंदी भारत सरकार के इस बोर्ड के माध्यम से बंदी जेल में ही रहकर हाईस्कूल व इण्टर की शिक्षा ग्रहण कर सकेंगें। इस केन्द्र का को- आर्डिनेटर जेल अधीक्षक मो. अकरम खाँन और सहायक के रूप में पंकज कुमार कनिष्ठ सहायक को नियुक्त किया गया। अब हुइहुक द्वारा संचालित हाई स्कूल व इण्टर की आगामी परीक्षा जो कि अक्टूबर 2025 में आयोजित होगी। उसमें बंदियों का पंजीकरण कराया जायेगा।

# अभियान चलाकर तीन बच्चों को कराया श्रम मुक्त

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



ढाबे पर ढाबा संचालक को जागरूक करती पुलिस

जनपद में पुलिस द्वारा बालश्रम रोकथाम के लिए ढाबो, मेडिकल स्टोरों आदि स्थानों पर अभियान चलाया जा रहा है। बाल श्रम, बाल भिक्षावृत, एंव मिशन शक्ति- 05 व नशा मुक्ति अभियान के तहत एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देशन में ए.एच.टी. प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र सिंह मय ए.एच.टी. टीम तथा नवनीत कुमार श्रीवास्तव श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा शहर में बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, मैन बाजार, हाईवे पर होटल, ढाबो व मेडिकल स्टोर आदि स्थानों पर बालश्रम रोकथाम, बाल भिक्षावृत एवंम नशा मुक्त व मिशन शक्ति ऑपरेशन, ऑपरेशन रक्षा, ऑपरेशन खोज, ऑपरेशन बचपन हेतु जागरुकता अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत अलग- अलग दुकानों के सेवयोजकों को बालश्रम अधिनियम के बारे में बताया गया एवं सघन चेकिंग अभियान के दौरान 03 बच्चों को श्रम मुक्त कराया गया। लोगो को बाल श्रम, बाल भिक्षावृत एंव नशा मुक्ति अभियान रोकने के के लिए जागरुक किया।

# पुलिस ने दो परिवारों का समझौता कराकर भेजा घर



दोनो पक्षों की में समझौता निरीक्षक रंजना पांडेय

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आंनद के निर्देशन में शहर में परिवार परामर्श केंद्र महिला थाना में आयोजन किया गया। जिसमें निरीक्षक रंजना पांडेय, महिला आरक्षी अनामिका यादव और सीमा यादव की उपस्थिति में दोनो पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया। प्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार है। दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है। दोनो को परिवार परामर्श केंद्र से विदा किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र बिखरे परिवारों को बसाने में अहम भूमिका का निर्वाहन कर रही है।

# सैनिक संस्था के कार्यक्रम में विधवाओ का हुआ सम्मान

**छिबरामऊ, समृद्धि न्यूज़।**



सौरिख कन्नौज 16 दिसंबर 1971 में भारतीय सेना की वीरता के आगे पाकिस्तान की सेना ने आत्मसमर्पण किया और बांग्लादेश को आजादी मिली थी। यह युद्ध 13 दिन चला था। हर वर्ष भारत में 16 दिसंबर का दिन विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। 16 दिसंबर 1971 की ऐतिहासिक जीत की खुशी आज भी हर देशवासियों के मन को जोश व उमंग से भर देती है। आज पूरा देश ऐतिहासिक विजय के नायक रहे भारतीय सेना के वीर जवानों के शौर्य और बलिदान को सलाम कर रहा है। छिबरामऊ सौरिख रोड स्थित मान पैलेस में सैनिक संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शहीद हुए सैनिको की विधवाओ को आमंत्रित कर उनको शाल भेट कर सम्मानित किया गया तथा शहीदो के चित्र पर पुष्प व दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शहीद हुए सैनिकों की विधवाओं से उनके जीवन पर चर्चा की गई सभी विधवाओं को भूतपूर्व सैनिकों ने ये जानकारी देते हुए बताया कि उन पर किसी भी समस्या होने पर उनके साथ सैनिक दल हमेंशा जुड़ा रहेगा कार्यक्रम में आये जिलाध्यक्ष कैप्टन रविन्द्र कुमार व समस्त पूर्व सैनिकों ने आश्वासन दिया कि किसी भी शहीद सैनिक की पत्नी को किसी प्रकार की सैनिक संस्था से आश्यक्ता होती है तो हमसब सैनिक उनके सुख दुःख में उनके साथ हैं। 16 दिसंबर की शाम ही जनरल नियाजी ने आत्मसमर्पण के कागजों पर हस्ताक्षर किए थे। जब नियाजी ने आत्मसमर्पण के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए, तब उन्होंने अपनी रिवाल्वर जनरल अरोड़ा के हवाले कर दी। इस दौरान नियाजी की आंखों में आंसू थे। ऐसे में 16 दिसंबर का दिन भारत की सैन्य ताकत और कूटनीतिक नेतृत्व का प्रतीक है। इसे उन वीर सैनिकों और नागरिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है जिन्होंने अपनी जान कुर्बान की। इस दिन भारत के सैन्य प्रतिष्ठानों में परेड और श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किए जाते हैं, और सैनिकों के अदम्य साहस को सलाम किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष कैप्टन रविन्द्र कुमार सेना मेडल, प्रवीन कुमार, श्याम सिंह, कैप्टन जोगराज सिंह, नन्द सिंह, गौरी शंकर पाल, निर्मल सिंह, बलवीर सिंह, रामपाल सिंह, सर्वेश कुमार, विनोद कुमार, नरेन्द्र सिंह, सतेन्द्र सिंह, नीलेश यादव,गिरन्द सिंह, रामवीर सिंह, रामबाबू, राजेन्द्र सिंह सहित सैकड़ों सैनिकों ने भाग लिया।

# संदिग्धों की तलाश में सड़क पर उतरी कन्नौज पुलिस, चलाया चेकिंग अभियान

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



बैरियर लगाकर वाहनों की तलाशी लेती पुलिस

आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाने के लिए कन्नौज पुलिस महकमे की ओर से सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस ने बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की सघन चेकिंग की गई। शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाएं रखने के लिए एसपी अमित कुमार आंनद के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना पुलिस बल द्वारा अपने- अपने क्षेत्रांर्तगत मुख्य मार्गों, चौराहों व जनपदीय बॉर्डरों पर बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग की। पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाकर नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया। चार पहिया वाहन चालकों को सीट वेल्ट और दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने के फायदे बताएं और वाहन चलाते समय सीट वेल्ट और हेलमेट लगाकर वाहन चलाने की बात कही।

# ग्राम मलपुरा सरैया में पीडीए महापंचायत का हुआ आयोजन

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**

पीडीए महापंचायत का आयोजन हुआ जिसके मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव थे कार्यक्रम के आयोजक अनिलेश वर्मा और रोहित पाल थे पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने कहा इस बार का चुनाव बाद महत्वपूर्ण चुनाव है जो देश की दशा दिशा दोनों को तय करने का चुनाव आए और नौजवान पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए उन्होंने अपने द्वारा कराए गए विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा कि 100सैया अस्पताल और राजकीय इंटर कॉलेज बिजली पानी की समस्याओं से वंचित लोगों को सुविधा देने का काम किया और बड़े पैमाने पर विकास कराकर लोगों के लिए लभावित करने का काम किया और चुनाव में जुट जाने का आवाहान किया और समाज पार्टी के सरकार बनाने का काम हमें और आप सभी लोग करना है कार्यक्रम सभी समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता नेतागढ़ और लगातार ये सरकार समाजपार्टी कार्यकर्ताओं पर जुल्म कर रही है लगातार भाजपा सरकार विपक्ष को लगातार परेशान कर रही आने वाले चुनाव में भाजपा को सबक सिखाने का कार्य करेगी गैस सिलेंडर के दाम 1200 पहुंच गए हैं तभी तो राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गांव-गांव आहान्न रखा अगर हमारे किसी भी कार्यकर्ता को तंग करेगी।

# जेएस स्कूल में वर्कशॉप डिमॉन्सट्रेशन कार्यशाला आयोजित

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**



जयपुर घराने के अंतराष्ट्रीय ख्यातिलब्ध कत्थक कलाकार आचार्य विश्वदीप के द्वारा 4 दिवसीय कत्थक वर्कशॉप के प्रथम दिवस पर आज सीबीएसई से संबद्ध विद्यालय जेएस स्कूल पर आज वर्कशॉप डिमॉन्सट्रेशन कार्यशाला का आयोजन हुआ। स्पिक मैके तथा संस्कृति मंत्रालय , भारत सरकार द्वारा भारतीय संस्कृति एवं लोक कलाओं के प्रचार प्रसार की यह अनूठी शुरुवात जिले में प्रथम बार हुई है। बात करते हुए स्पिक मैके से पिछले 1 दशक से जुड़े संस्था के प्रबंधक श्री हिमांशु सक्सेना तथा प्रिंसिपल मति अलका गुप्ता द्वारा बताया गया कि ऐसे कार्यक्रमों से ना केवल सुदूर क्षेत्र के बच्चे हमारी भव्य सांस्कृतिक विरासत से परिचित होते है बल्कि उनमें राष्ट्रीयता की भावना का भी विकास होता है। स्पिक मैके और संस्कृति मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में कत्थक वर्कशॉप का प्रथम दिवस श्री विश्वदीप जी द्वारा भगवान श्री कृष्ण की माखन चोरी की लीलाओं का भी कत्थक द्वारा शानदार प्रदर्शन किया गया। बच्चों ने अत्यंत रुचिकर और सहज तरीके से कत्थक नृत्य की विभिन्न भावभंगिमाओ को समझा। उनके द्वारा कत्थक नृत्य के माध्यम से विभिन्न भाव भंगिमाएं बच्चो को सिखाते हुए शिव स्तुति की शानदार परफॉर्मेंस स्वराज हॉल में प्रस्तुत की गई।यूरोप सहित 16 से अधिक देशों में कत्थक नृत्य के क्षेत्र में भारत का झंडा गाड़ने वाले श्री।विश्वदीप रानी खानम जैसे पुरोधाओं के साथ मंच साझा कर चुके हैं तथा कत्थक के पितामह कहे जाने वाले पंडित बिरजू महाराज के शिष्य एवं विशेष कृपापात्र हैं। प्रिंसिपल डॉ शैलेंद्र मिश्रा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चो के लिए अनूठा अवसर साथ लेकर आते हैं , जिस से उनके सोचने और जीवन की दिशा भी सकारात्मक रूप से प्रभावित होती है।कोऑर्डिनेटर श्री संदीप वर्मा ने कहा कि बच्चो को ऐसे अनूठे अवसर और 4 दिवसीय वर्कशॉप का पूर्ण लाभ लेना चाहिए , यह एक अद्भुत अवसर है।




## राष्ट्रीय अध्यक्ष का नवीगंज कट पर किसानों ने किया स्वागत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** भारतीय हलधर किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का नवीगंज कट पर जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में किसानों ने स्वागत किया। भारतीय हालदार किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र सोलंकी राष्ट्रीय मुख्य महासचिव देशराज भगत का स्वागत भारतीय हवलदार किसान यूनियन जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप के नेतृत्व में सैकड़ो किसानों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को फूल मालाओं से स्वागत किया रघुपति कोल्ड स्टोरेज के पास सेंगर मार्केट में कन्नौज जनपद के संगठन की समस्या की गई जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा सख्त निर्देश दिए गए कि शीघ्र ग्राम स्तर पर संगठन को पहुंचाया जाए जिससे कि किसानों की समस्याओं के निराकरण में आसानी हो सके भारतीय हालदार किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि शीघ्र जनपद के प्रति ग्राम में संगठन को विस्तार रूप से बिश्रित किया जाएगा बैठक में सैकड़ो किसान शामिल रहे।

## सट्टा पर्ची सहित युवक को दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** सट्टा पर्ची व करीब 770 रुपये के साथ कस्वा चौकी पुलिस ने एक युवक को पकड़ा है। पुलिस ने पकड़े गए युवक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने हमराह सिपाही गजेंद्र सिंह व दीपांशु गंगवार के साथ गश्त करते समय रामगंज टीवी अस्पताल वाली रोड के पास एक युवक सट्टे के नंबर लिख रहा है। सूचना मिलते ही वह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां रामगंज निवासी बृजेश सोनी पुत्र मुन्नालाल लोगों से 10 रुपये लगाने पर 900 रुपये मिलने का लालच देकर सट्टे के नंबर लिख रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही युवक ने भागने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने युवक के पास से डायरी, पेन, सट्टे के नंबर लिखी हुई पर्चियों के साथ 770 रुपये बरामद किए। पुलिस ने युवक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# जिला पंचायत सदस्य दुर्घटना में गंभीर घायल

**तिर्वा कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** जिला पंचायत सदस्य व उमर्दा के पूर्व ब्लाक प्रमुख इन्द्रेश यादव की स्कार्पियो कार मंगलवार की रात को कानपुर नगर जिले के शिवराजपुर थाना क्षेत्र के निकट एक नीलगाय से टकरा गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायल अवस्था में उन्हे कानपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के मंसुखपुर्वा गांव निवासी इन्द्रेश यादव मंगलवार को किसी काम से कानपुर गए थे। देर रात वह वापस लौट रहे थे। जब उनकी कार जीटी रोड पर शिवराजपुर थाना क्षेत्र के निकट पहुंची। तभी अचानक एक नील गाय उनकी कार के सामने आ गई। नीलगाय के टकराने से कार क्षतिग्रस्त हो गई। कार चला रहे इन्द्रेश यादव भी गंभीर रूप से घायल हो गए। बुधवार की सुबह उनके घायल होने की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व सपा नेताओं ने हादसे को लेकर दु:ख जताया। उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

## बाइक अनियंत्रित होने से चालक गिरकर घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से ठेकेदार घायल हो गया। उसे सीएचसी ले जाया गया। जहां से हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कृष्णपाल पुत्र दयाराम राजपूत निवासी कतरौली पट्टी थाना कमालगंज लवकुश कोल्ड में ठेकेदारी करता है। बुधवार को वह बाइक से रजीपुर से कमालगंज जा रहा थ। नशे में होने के कारण बाइक का संतुलन बिगड़ गया। जिससे वह गिरकर घायल हो गया। उसे सीएचसी कमालगंज ले गया गया। जहां से उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

## ईओ ने 38 अतिक्रमणकारियों के काटे चालान

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अधिशासी अधिकारी ने अतिक्रमण अभियान चलाया। इस दौरान सड़क पर अतिक्रमण किये 38 लोगों के चालान काटे। इस कार्यवाही से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। ईओ को देखकर कई लोग अपना-अपना सामान समेटते नजर आये। जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह के निर्देश पर कायमगंज अधिशासी अधिकारी लव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में आरआई अन्शुमान, आनन्द शुक्ला के द्वारा नगर को अतिक्रमण से निजात और जाम की समस्या को कम करने के लिए नगर के पुलगालिब पुलिया से लेकर मैन चौराहा तक अतिक्रमण अभियान चलाया गया। अतिक्रमणकारी सड़कों पर फैलाए रखे सामान तथा रोड पर खडे ठेली वालों सहित 38 लोगों के चालान काटे। इस दौरान सिविल जेई अंकित सिंह, जेई प्रशान्त यादव, सफाई नायक सुभाष, उमेश, रवि, विमलेश, अरशद, सौरभ सहित कस्बा चौकी इन्चार्ज नागेन्द्र सिंह कांस्टेबिल विनीत सिह मौजूद रहे।

# ससुरालियों ने विवाहिता व उसके परिजनों से की मारपीट

**गुरसहायगंज,कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

गुरसहायगंज, कन्नौज। शराब के नशे में आए दिन पत्नी से मारपीट करने का विरोध करने पर ससुरालियों ने महिला व उसके मायके पक्ष के लोगों को बुलाकर मारपीट की। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। हरदोई के मोहल्ला आजाद नगर निवासिनी लक्ष्मी देवी पुत्री रामकरन ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहां है कि 06 वर्ष पूर्व उसका विवाह कोतवाली गुरसहायगंज के ग्राम भीकमपुर निवासी एक युवक के साथ हुआ था। विवाह के कुछ दिनों बाद से ही उसका पति रोज शराब पीकर घर आने लगा और उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। 18 दिसंबर को पीड़िता ने इस बात की सूचना अपने मायके वालों को दी। तो वह उसे लेने के लिए आए। तभी ससुराल में उसके पति सास, देवर व जेठ ने महिला व उसके मायके पक्ष के लोगों से गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट की। साथ ही जेवरात चोरी के झूठे आरोप में फ़साने सहित जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जाम की समस्या से नागरिक त्रस्त, पुलिस मस्त

**तिर्वा कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बे में इन दिनों प्रतिदिन लगने वाले जाम से लोग परेशान है। सभी प्रमुख चौराहो पर दिन में कई बार जाम लग जाता है। जिससे पैदल चलने वाले नागरिकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सभी चैराहो पर पुलिस पिकेट तैनात रहती है। इसके बावजूद भी लोग जाम की समस्या को झेल रहे हैं। कस्बे के गांधी चैक चौराहा, ठठिया रोड चैराहा, इंदरगढ़ तिराहा पर सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक कई बार जाम लगता है। एक बार जाम लग जाने के बाद करीब आधा घण्टे तक यातायात अवरूद्ध हो जाता है। इससे पैदल निकलने वाले लोग परेशान हो जाते हैं। जाम में फंसकर कई दोपहिया व चौपहिया वाहन चालक भी जाम से निकलने के लिए अपने वाहन गलियों से निकालते है। अक्सर मरीज को लाने वाली एम्बुलेंस भी जाम में फंस जाती है। इंदरगढ़ तिराहे से लेकर ठठिया रोड चैराहे तक करीब दो किलोमीटर का रास्ता सबसे अधिक व्यस्त रहता है। फोरलेन होने के बावजूद भी कभी वाहन खराब होने अथवा कभी जल्दी निकलने के चक्कर में लोग वाहन गलत रास्ते से निकालने का प्रयास करते हैं। जिससे जाम की समस्या आ जाती है। इंदरगढ़ तिराहा, गांधी चैक चौराहा व ठठिया रोड पर कोतवाली पुलिस की पिकेट हमेशा तैनात रहती है। पर देखा गया कि ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी इस ओर कोई ध्यान नहीं देते। जब जाम लग जाता है, तो सड़को पर डण्डे पटककर वाहन चालकों को हड़काते हैं। जाम की समस्या को लेकर क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधियों ने एसडीएम को शिकायत की है।

# ब्लाक स्तरीय खेलकूद में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**गुरसहायगंज,कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ब्लाक स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। विजेता छात्र छात्राओं को विकास खण्ड अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने प्रमाण पत्र व मेडल देकर उत्साहवर्धन किया।बुधवार को ग्राम तेराजाकेट स्थित पायका मैदान पर ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वालीबाल में सीनियर टीम विमला देवी ब्रजमोहन सिंह इण्टर कॉलेज सराय प्रयाग, जूनियर टीम में विजेता आकाश एजूकेशन सेंटर गुरसहायगंज विजेता रही। जबकि बैडमिंटन में विमला देवी ब्रजमोहन सिंह इण्टर कॉलेज सराय प्रयाग की सीनियर टीम विजेता व आकाश एजुकेशन सेन्टर गुरसहायगंज की जूनियर टीम विजेता रही। विमला देवी ब्रजमोहन सिंह इण्टर कॉलेज की सब जूनियर टीम विजेता रही। लम्बी कूद में सीनियर टीम से पारुल यादव, सौम्या यादव, सराय प्रयाग जूनियर टीम से पायल, कीर्ति सराय प्रयाग विजेता रही। छात्राओं की 800 मीटर दौड़ में रीना, मुस्कान, सोनी, प्रार्थना, काजल, साक्षी 100 मीटर दौड़ में पायल, काजल, रिचा 400 मीटर दौड़ में कशिश, रिया, दीक्षा 1500 मीटर दौड़ में पारुल, दीक्षा, साक्षी विजेता रही।

## भाकियू लोकशक्ति ने ज्ञापन सौंप कर उठाई मांग

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गौतम बुध नगर की जेल में बंद आंदोलनकारी नेताओं की रिहाई व नगर की कुछ मुख्य समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन कोतवाली प्रभारी को सौंप कर मांग उठाई। बुधवार को भाकियू लोकशक्ति ने मुख्यमंत्री को संबोधित 05 सूत्रीय ज्ञापन कोतवाली प्रभारी शैलेन्द्र कुमार सिंह को सौंपा। जिसमें उन्होंने कहा है कि सरकार की गाइडलाइन को नज़र अंदाज करते हुए कुछ प्राइवेट स्कूल हर वर्ष अपनी किताबें बदल देते हैं और मनमानी फीस वसूलते हैं। निजी स्कूल के संचालक द्वारा रजिस्ट्री कराई गई भूमि के अतिरिक्त भूमि पर विद्यालय का निर्माण की जांच हो। विद्यालय भवन के मानक संचालित शिक्षण कार्य से संबंधित सभी मानकों की जांच के संबंध में ज्ञापन सौंपा। इस मौके भाकियू लोकशक्ति के प्रदेश सचिव अभिषेक यादव, जिलाध्यक्ष मकबूल अहमद,राकेश शर्मा, अंकित शर्मा आदि मौजूद रहे।

# सीडीओ ने दिव्यांगों को बांटे गर्म कपड़े कराया भोजन

- दिव्यांग आश्रय गृह का मुख्य विकास अधिकारी ने किया निरीक्षण

**गुरसहायगंज,कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



दिव्यांगों के साथ मौजूद सीडीओ व अन्य अधिकारी।

नगर के मोहल्ला आजाद नगर स्थित लकी मानसिक मंदित अनाथ आश्रय गृह का मुख्य विकास अधिकारी ने निरीक्षण किया। इसके बाद दिव्यांग लाभार्थियों को गर्म कपड़े वितरित किए और भोजन कराया। व्यवस्था को देख प्रबंधक व संचालक की सराहना की। बुधवार की दोपहर मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी ने दिव्यांग आश्रय गृह का निरीक्षण किया। उन्होने दिव्यांगों के रहने खाने व स्वच्छता को लेकर प्रबंधक से पूछताछ की। इसके बाद शौचालय, बिजली आदि व्यवस्थाओं को देखा। इसके बाद संस्था में मौजूद 32 दिव्यांगों को गर्म कपड़े वितरित कर भोजन कराया। कपड़े पाकर दिव्यांगों की खुशी का ठिकाना न रहा। उन्होने कहा कि दिव्यांगों की मदद करना सबसे बड़ी समाजसेवा है। इस दौरान जिला दिव्यागजन अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी अनुपम राय, बीडीओ तालग्राम मनोज कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष रामवीर कठेरिया, संस्थापक डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार, आरपी सिंह, दीनानाथ, समन्वयक आयुषी यादव, रामदास, प्रशिक्षक निशा राजपूत, दीपक कुमार, मीनाक्षी, आरती आदि मौजूद रहे।

# पूर्व अपर शासकीय अधिवक्ता के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**

श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन बार एसोसिएशन छिबरामऊ के सम्मानित सदस्य श्री अजय यादव पूर्व अपर शासकीय अधिवक्ता के आकस्मिक निधन पर बुधवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन बार एसोसिएशन छिबरामऊ के तत्वाधान में अधिवक्ता सभागार के हुआ। अजय यादव लम्बी बीमारी से ग्रसित थे। बीते 13 दिसम्बर को एम्स अस्पताल दिल्ली में निधन होगा था। बुधवार को अधिवक्ता सभागार में श्री अजय यादव एडवोकेट के आकस्मिक निधन पर शोकसभा का आयोजन श्री अरविन्द कुमार सिंह राठौर की अध्यक्षता एवं ललित प्रताप सिंह के संचालन में हुआ। शोक सभा में उपस्थित सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर एवं फोटो पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष जयवीर सिंह, कन्हई सिंह वर्मा, राजेश शाक्य, मुकेश द्विवेदी, बृजेश द्विवेदी, रावेन्द्र चौहान, शिवनाथ सिंह यादव, जयवीर सिंह यादव, राममुनीश्वर पाण्डेय, बादाम सिंह कुशवाह, यादवेन्द्र प्रताप सिंह यादव, भइया लाल वर्मा, अमित राजपूत, अजय, स्नेहलता गुप्ता, प्रियंका मिश्रा, लता, अंजू पटेल, पुष्पेंद्र यादव बृजेंद्र राजपूत, धीरज तिवारी, सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# आचार्य सुश्रुत शल्य चिकित्सा के पिता हैः डॉ. शिवा प्रसाद मिश्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



छात्र-छात्राओं को जानकारी देते चिकित्सक

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में हो रहे 2024 बैच के पीजी ओरिएन्टेशन एवं बीएएमएस छात्र/छात्राओं के ट्रांजिशनल कार्यक्रम के पद्रहवें दिन प्रातः नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं का ऑनलाइन माध्यम से पोस्ट टेस्ट हुआ। जिसको डॉ. पीयूश माधव एवं डॉ. कविता शर्मा ने सुचारू रूप से सम्पन्न कराया। जिसमें छात्र/छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें कई छात्र/छात्राओं को पूर्ण अंक प्राप्त हुए। पीजी ओरिएन्टेशन कार्यक्रम में प्रातः डॉ. शिवा प्रसाद मिश्रा ने छात्रों को सुश्रुत संहिता का गहन अध्ययन करने की शिक्षा दी। उन्होंनें छात्र/छात्राओं को शल्य तंत्र में उपयोगी शस्त्रों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. कविता ने पीजी छात्र/छात्राओं को अनुसंधान के नियम बताते हुए कहा कि बिना गहन अध्ययन एवं ज्ञान के हम कोई भी शोध नहीं कर सकते। हमें छोटी-छोटी बातों का पूर्ण ज्ञान करते हुए शोध करना चाहिये, आज आयुर्वेद में नवाचार की आवष्यकता है। जिससे हमारी पद्धति देश विदेश ख्याति प्राप्त कर सके और चिकित्सा में भी सफलता प्राप्त हो सके। ट्रांजिशनल कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं ने ''ट्वल्थ फेल'' फिल्म कॉलेज ऑडिटोरियम में देखी जिससे उनको जीवन में कठिन परिश्रम करने उन्की दिशा में प्रोत्साहन मिलेगा। लंच बाद छात्र/छात्राओं ने ''नो योर कैम्पस'' के तहत स्त्री एवं प्रसूती विभाग पंचकर्म विभाग एवं शल्य तंत्र विभाग का भ्रमण किया जिसमें उन्होनें लैब, म्यूजियम, चार्ट एवं मॉडल की सहायता से ज्ञान अर्जित किया। स्त्री एवं प्रसूती विभाग का भ्रमण डॉ. श्वेता सिंह राठौर ने, पंचकर्म विभाग का भ्रमण डॉ. रसना और शल्य तंत्र विभाग का भ्रमण डॉ. अम्रथा की देख-रेख में सम्पन्न हुआ। आज के कार्यक्रम में डॉ. शीलू गुप्ता, डॉ. नीतू श्री, डॉ.शिवओम दीक्षित, डॉ.अरूण कुमार पाण्डेय,डॉ. मुकेश कुमार विश्वकर्मा, डॉ. मधु रंजन, डॉ. भारती पांचाल आदि उपस्थित रहे।

## बाइक लोडर पलटा, बड़ा हादसा टला

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** तम्बाकू के बोरे लेकर जा रहा बाइक लोडर पलट गया। हालांकि इस दुर्घटना में कोई घायल नहीं हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोडर को सीधा करवाकर मार्ग सुचारु करवाया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव प्रेमनगर निवासी चन्द्रपाल पुत्र तोताराम वाइक लोडर द्वारा बोरों में तम्बाकू ट्रांसपोर्ट स्थित एक गोदाम से लेकर लालबाग जा रहा था। जैसे ही वह नगर के जामा मस्जिद के निकट पहुँचा, तभी भारी वजन होने पर बाइक लोडर अनियंत्रित होकर पलट गया। हालांकि इस घटना में किसी के चोट नहीं आयी। सूचना पर पहुचे कस्बा चौकी इन्चार्ज नागेन्द्र सिंह, कांस्टेबिल विनीत कुमार ने मौके पर पहुँचकर बाइक लोडर को सीधा करवाकर उस पर रखा सामान रखवाया और साथ ही लग रहे जाम को खुलवाया।

# मृदा परीक्षण के आधार पर किसान उर्वरक का प्रयोग संतुलित मात्रा में करेंः डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को आफीसर्स क्लब फतहेगढ़ में जनपद स्तरीय रबी गोष्ठी/मिलेट्स मेला/तिलहन मेला का आयोजन मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत मोनिका यादव, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता, वीरेन्द्र सिंह राठौर, डॉ. वीके सिंह जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

जिसमें अरविन्द कुमार मिश्रा मुख्य विकास अधिकारी, महेन्द्र सिंह संयुक्त मजिस्ट्रेट, श्याम कुमार तिवारी जिला विकास अधिकारी, गुंजा जैन पर्यावरण विधि, ब्रजेश कुमार सिंह उप कृषि निदेशक/जिला कृषि अधिकारी, सतेन्द्र सिंह जिला कृषि रक्षा अधिकारी, उपेन्द्रनाथ खरवार भूमि संरक्षण अधिकारी, सतीश कुमार उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, ओम प्रकाश उप सम्भागीय अधिकारी वन विभाग, डॉ. सत्येन्द्र सिंह जिला प्रबन्धक यूपी डास्प, राघवेंद्र सिंह जिला उद्यान अधिकारी, शिव शंकर सिंह अधिशाषी अभियन्ता विद्युत कायमगंज, अरूण कुमार सिंह एडीसीओ सहकारिता, जगजीवन राम एओ नगर पालिका परिषद, डॉ. नीरज गौतम, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, डॉ. अरविन्द कुमार कृषि वैज्ञानिक, डॉ. अभिमन्यु कृषि वैज्ञानिक, डॉ. संजय कुमार कृषि वैज्ञानिक, एवं अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थिति रहे। ब्रजेश कुमार सिंह उप कृषि निदेशक/जिला कृषि अधिकारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थिति समस्त अतिथियों तथा दूरदराज क्षेत्रों से आये हुए कृषक बन्धुओं का स्वागत कर



गोष्ठी का शुभारंभ करते डीएम

विभाग में संचालित समस्त योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी तथा मिलेट्स की खेती करने तथा मिलेट्स उत्पन्न खाद्यान्न में विटामिन, खनिज व अन्य पोषक तत्व उच्च मात्रा में पाये जाते इस प्रकार के खाद्यान्न के प्रयोग से मनुष्यों में रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि एवं मनुष्य रोगों से मुक्त रहता है। इसके अतिरिक्त मुख्यतः प्रधानमंत्री कुसुम योजना (सोलर पम्प योजना), मिलेट्स योजना, नेशनल मिशन ऑन एडविल ऑयल योजना, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना (आत्मा), नेशनल फ़ूड सिक्योरिटी मिशन योजना, पराली प्रबन्धन की जानकारी दी गयी। अरविन्द कुमार मिश्र मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा गोष्ठी में उपस्थिति समस्त कृषक बन्धुओं को जनपद में संचालित योजनाओं में अधिक से अधिक लाभान्वित किये जाने हेतु समस्त विभागों को निर्देशित किया गया। रूपेश गुप्ता जिला अध्यक्ष भाजपा ने कहा कि गोष्ठी में किसान भाइयों को जो विभाग द्वारा जानकारी दी जा रही है किसान उसका लाभ लें तथा किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए सम्बन्धित से सम्पर्क करें। डॉ. वीके सिंह जिलाधिकारी द्वारा मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का प्रयोग संतुलित मात्र में करें। कृषि रक्षा रसायनों का प्रयोग, प्राकृतिक एवं जैविक खेती के साथ फुलवा आलू के उत्पादन को बढ़ावा देने एवं जैविक विधि से उत्पादित सब्जी के विक्रय की व्यवस्था मंडी के माध्यम से कराने हेतु जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया। मोनिका यादव जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा कृषि में महिला किसानों एवं नई पीढ़ी के युवाओं को कृषि के साथ जोड़ने एवं मार्केट से लिंक्ज के साथ किचिन गार्डेन के माध्यम से रसायन मुक्त खेती पर जोर दिया गया। गोष्ठी में आये प्रगतिशील किसानों द्वारा भी नवीन तकनीकी के अनुभव को भी साझा किया गया। अन्त में कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा तकनीकी सत्र में उन्नतिशील खेती में किये जाने वाली सावधानियों की जानकारी के साथ गोष्ठी का समापन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जिस प्रकार से आज किसान मेला सुव्यवस्थित ढंग से क्रियान्वित किया गया आगे भी इसी प्रकार किया जाये।

# किसान बोले, देश की तरक्की में कृषि का सबसे अह्म योगदान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते किसान

भारतीय किसान यूनियन (स्वराज गुट) ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार कायमगंज को सौंपा।

दिये गये ज्ञापन में कहा गया कि देश की आर्थिक स्थिति में कृषि का सबसे अह्म योगदान रहता है। अन्न भंडार से लेकर गरीब की थाली तक अगर कोई अन्न पहुंचा रहा है तो वह देश का अन्नदाता है। समय-समय पर सरकारें किसान हितैषी नीतियों के निर्माण हेतु अपना स्र्वस्व लगा देती हैं, लेकिन किसान के हित से ज्यादा उसका नुकसान अधिक हो जाता है। नीतियों का निर्माण कर रहे कृषि विशेषज्ञों को जमीनी हकीकत को समझना होगा। तब जाकर इस खेत कमाऊ वर्ग का उद्धार हो सकता है। देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने कहा था कि देश की तरक्की का रास्ता खेल खलिहानों से होकर गुजरता है। आज के दौर में देश के द्वितीय नागरिक होने के नाते उप राष्ट्रपति ने किसानों के दर्द को समझा और उसे अपने वक्तव्य में जाहिर किया। हम सभी किसान आज संकट के उस दोराहे पर आकर खड़े हो गये हैं जहां से खेती घाटे का सौदा होती चली जा रही है। फसलों के भाव भी उसी अनुपात में बढ़ने चाहिए जिस तरीके से डीजल, पेस्टासाईडस सहित खेती में इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं के मूल्य बढ़ रहे हैं। ज्यादातर बीज सरकार के द्वारा किसानों को ऐसे उपलब्ध कराये जा रहे हैं जिसमें अत्यधिक पेस्टीसाईडस का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। जिसका बोझ किसान वहन नहीं कर पा रहा है। जब दिल्ली का आंदोलन स्थगित किया गया तब से लेकर आज तक किसान एमएसपी गारंटी कानून सहित सभी किसान मुद्दों को लेकर संघर्ष रहा है। देश का यह वर्ग पिछले दस माह से शम्भू व खनौरी वार्डर पर आंदोलनरत है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल पिछले 20 दिनों से आमरण अनशन पर हैं। उनका स्वास्थ्य का स्तर प्रतिदिन गिरता जा रहा है। जिसे लेकर हम सभी बहुत चिंतित हैं। दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश के जनपद गौतम बुद्ध नगर के किसान भूमि अधिग्रहण को लेकर अपनी जमीन का मुआवजा मांग रहे हैं। उन्हें मुआवजा न देकर जेलों में बंद कर दिया गया है।महिला किसानों के साथ दुर्व्यहार किया गया। जिसने सभी की अंर्तआत्मा को अंदर से झकझोर दिया है। इस कठिनाई के दौरान से गुजर रही खेती, किसानी और ग्रामीण परिवेश को बचाने के लिए आप देश के प्रधानमंत्री होने के नाते सभी विषयों का संज्ञान लेते हुए किसान हितों में एक उत्तम निर्णय लेने का कष्ट करें। इस मौके पर पप्पू राठौर, अमित ठाकुर, आशु ठाकुर, सर्वेश गंगवार, माधव चतुर्वेदी, अरिजीत सिंह, इरफ़ान सिद्दीकी, सुबोध यादव, जितेंद्र दीक्षित, सुमित गंगवार, कुंवर पाल, गौरी शंकर पाल, राजीव ठाकुर, ज्ञानेंद्र कश्यप, मुकेश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# पाक्सो व हत्या के मामले में दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह हत्या व पॉक्सो के मामले में कमलेश पाल पुत्र रामनाथ पाल निवासी शिवाजी नगर मोहम्मदाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा पर सुनवाई के लिए 20 दिसम्बर की तिथि नियत की है।

बीते 9 वर्षो पूर्व कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि 30 अक्टूबर 2015 को मेरी 10 वर्षीय बेटी अपने घर से भैंस चराने के लिए बेबर रोड ईदगाह के पास गई थी। वह शाम चार बजे तक वापस नहीं आई, तो मैं व मेरे परिवार के लोग पुत्री को ढूंढने के लिए निकले। ईदगाह के पास एक प्राइवेट विद्यालय के पास रात में मेरी बेटी का शव मिला। किसी ने सिर पर ईट मारकर हत्या कर दी दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने कमलेश पाल को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा पर सुनवाई के लिए 20 दिसम्बर की तिथि नियत की गयी है।

# कई हादसों के लिए जिम्मेदार शुकरुल्लापुर ओवरब्रिज की प्रशासन को आयी याद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी। एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा समिति को बताया गया कि माह नवम्बर 2024 में 41 सड़क दुर्घटनाओं में 25 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है तथा 37 व्यक्ति घायल हुये हैं, जबकि माह नवम्बर 2023 में 19 सड़क दुर्घटनाओं में 11 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी तथा 04 व्यक्ति घायल हुये थे। क्रमिक रूप से माह नवम्बर 2024 तक 354 सड़क दुर्घटनाओं में 190 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है तथा 273 व्यक्ति घायल हुये हैं, जबकि माह नवम्बर 2023 तक 362 सड़क दुर्घटनाओं में 181 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी तथा 238 व्यक्ति घायल हुये थे। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक दुर्घटना के कारणों का विश्लेषण करने के निर्देश पुलिस विभाग एवं एआरटीओ को दिये गये। नवम्बर माह में सड़क दुर्घटना में अत्यधिक बढ़त को देखते हुये सभी सम्बन्धित विभागों को सुरक्षात्मक दृष्टि से तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

शुकरूल्लापुर ओवरब्रिज की जांच हेतु गठित समिति द्वारा आख्या में बिन्दुवार अंकित कमियों को दूर करने के तत्काल निर्देश ब्रिज कार्पोरेशन के अधिकारियों को दिये गये। साथ ही सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित सुझाये गये उपायों को तत्काल अमल में लाये जाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा बरेली इटावा हाईवे पर चैनेज 44 में संकरी पुलिया



बैठक लेते जिलाधिकारी

पर सुरक्षात्मक दृष्टि से एनएचएआई द्वारा कराये गये कार्य का सत्यापन एनएचएआई एवं सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को संयुक्त रूप से करने के निर्देश दिये गये। पांचाल घाट पुल के निकट बरेली इटावा हाइवे पर 100-150 मी0 अवशेष कार्य को तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। लोक निर्माण विभाग एवं एनएचएआई को निर्देशित किया गया कि शीत ऋतु एवं कोहरे के दृष्टिगत सभी मार्गो पर जंक्शन पर सुरक्षात्मक दृष्टि से अवशेष रह गयी सुधारात्मक कार्यवाही को आगामी 15 दिवस में पूर्ण कराया जाये। जनपद में जाम की समस्या के दृष्टिगत मुख्य मार्ग पर नगर पालिका क्षेत्र में, मुख्य चौराहों के निकट, मसेनी चौराहे एवं सेन्ट्रल जेल चौराहे के निकट नगर पालिकाए लोक निर्माण विभाग एवं एनएचएआई की जमीन पर जहाँ-जहाँ अतिक्रमण है उसको तत्काल दूर कराने के निर्देश दिये गये। जनपद के सभी चौराहों पर सुधारीकरण एवं सौन्दर्यीकरण के कार्य कराने के निर्देश लोक निर्माण विभाग एवं नगर पालिका को दिये गये। डीएम एवं मुख्य चिकित्साधिकारी आवास के निकट बने स्पीड ब्रेकर को सही कराने के निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिये गये।

लोक निर्माण विभाग का फतेहगढ़ गुरसहायगंज मुख्य मार्ग का लगभग 600-700 मीटर भाग का रेस्टोरेशन गंगा निर्माण इकाई कानपुर द्वारा मानक के अनुसार नहीं किया गया है। जिस हेतु गंगा निर्माण इकाई कानपुर को रेस्टोरशन का कार्य मानक के अनुसार कराने के निर्देश दिये गये एवं यदि रेस्टोरेशन का कार्य मानक के अनुसार नहीं कराया जाता है तो अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड को सम्बन्धित विभाग पर रिकवरी जारी करने के निर्देश दिये गये। डीआईओएस, एआरटीओ, क्षेत्राधिकारी यातायात एवं बीएसए को निर्देशित किया गया कि दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट का इस्तेमाल करने हेतु जागरूक किया जाये। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक चौराहों, विद्यालयों, डिग्री कालेजों में अवेयरनेस कैम्प लगाने के निर्देश दिये गये। बैठक में अधिशासी अभियन्ता लोनिवि मुरलीधर व अशोक कुमार एआरटीओ (प्रशासन) बृजेन्द्र नाथ चौधरी, क्षेत्राधिकारी.यातायात ऐश्वर्या उपाध्याय, बीएसए गौतम प्रसाद, एसीएमओ डॉ. सर्वेश यादव आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# एआरटीओ ने की स्कूली वाहनों की सघन चेकिंग



वाहनों को चेक करती टीम

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र में एआरटीओ सुभाषचंद्र राजपूत सुबह 7.00 बजे से ही वह अपनी टीम के साथ कस्बे में पहुंच गए और स्कूली वाहनों की सघन चेकिंग की। जिसमें उन्होंने कई गाड़ियों को रोका। जब कागज चेक किए गए तो पता चला कि कई गाड़ियां बिना परमिट के ही चल रही थीं।

किसी की फिटनेस नहीं मिली तो किसी के कागज ओके नहीं थे। कुछ मारुति वाहन जो की कामर्शियल कार्य कर रही थीं जो कि बच्चों को स्कूल ले जाने जैसा कार्य कर रही थी, जबकि उन्हें परमिशन नहीं थी। उसके बावजूद भी वह कार्य कर रही थी। इसके बाद एआरटीओ ने चार वाहनों के चालान किये तथा दो गाड़ियों को सीज किया। एआरटीओ की कार्रवाई से स्कूल के प्रबंधकों तथा ड्राइवरों में खलबली मच गई। वहीं कुछ स्कूल के प्रबंधक नेता नगरी भी करते हुए नजर आए। इस मौके पर एआरटीओ सुभाष चंद्र राजपूत, प्रवर्तन सिपाही संजीव शर्मा अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

## बाइक की टक्कर से राहगीर घायल, हालत गंभीर

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। पैदल जा रहे राहगीर को नाबालिग बाइक सवार में टक्कर मार दी। जिससे राहगीर घायल हो गया। उसे सीएचसी ले जाया गया। जहां से हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भोजपुर निवासी कमल पुत्र भजन लाल पैदल अपने गांव ग्राम भोजपुर जा रहा था। रास्ते में हीरो होंडा मोटरसाइकिल एजेंसी के पास पीछे की तरफ से गलत साइड में आ रहे नाबालिक मोटरसाइकिल चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक चालक जतिन पुत्र महेश निवासी इंदिरा नगर एवं उसके साथ बाइक पर बैठा अनिकेत पुत्र बसंत निवासी इंदिरा नगर भी घायल हो गए। जिन्हें सीएससी कमालगंज लाया गया। तीनों को उपचार के दौरान गंभीर रूप से घायल कमल को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

## कोतवाली प्रभारी ने सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर नगर में किया भ्रमण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार ने बुधवार को सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कस्बा एव ग्रामीण क्षेत्रों में पहुँचकर पैदल गस्त करते हुए स्थानीय लोगों से बातचीत की। पुलिस टीम ने लोगों से शान्ति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। प्रभारी निरीक्षक ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर किसी असामाजिक तत्वों ने माहौल खराब करने का प्रयास किया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक ने व्यापारियों से अतिक्रमण न करने की अपील की। स्थानीय लोगों से बातचीत की और व्यापारियों से दुकानों के बाहर अतिक्रमण ना करने के लिए कहा। वहीं पुलिस ने इस दौरान नगर सहित कुआँखेड़ा क्षेत्र में घूमने वाले सदिग्ध लोगों से पूछताछ कर जामा तलाशी ली।

# कल्पतरु बिल्डटेक कम्पनी के प्रबंधक के यहां ईडी का छापा

## कई घंटे तक घर के बाहर नहीं निकला कोई, देर रात तक चलती रही पूछताछ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



घर से बाहर निकलते ईडी के अधिकारी व प्रबंधक सुमन शर्मा

नगर में ईडी द्वारा कल्पतरु बिल्डटेक कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंधक के यहां छापेमारी की खबर से सनसनी फैल गयी। इस संस्था से जुड़े कई लोग अपने घरों से खिसक गये। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र कर्नलगंज के मोहल्ला भोलेपुर पटिया वाली गली में ईडी की एक टीम ने सुबह ही एक घर को अपने कब्जे में ले लिया। धीरे-धीरे यह बात बाहर आ गयी कि ईडी छापेमारी कर रही है। सूत्रों की मानें तो इस कम्पनी की प्रबंधक सुमन शर्मा पत्नी दिनेश शर्मा जो कि भोलेपुर पटिया वाली गली में रहती हैं। उनके यहां सुबह से ही ईडी की एक टीम डेरा डाले हुए है। कई घंटे बाद घर का दरवाजा खुला और टीम का एक अधिकारी बाहर निकला, लेकिन उन्होंने बात करने से मना कर दिया। सुरक्षा कर्मियों ने भी किसी को पास नहीं भटकने दिया। देर रात भोलेपुर स्थित एक गेस्ट हाउस में पूर्व में संचालित कार्यालय पर भी टीम सुमन शर्मा को अपने साथ लेकर गयी। समाचार लिखे जाने तक कार्यवाही जारी थी, लेकिन स्थानीय स्तर पर किसी भी अधिकारी ने मुंह नहीं खोला कि आखिर किस विभाग के अधिकारी इतनी लम्बी जांच पड़ताल कर रहे हैं। बताते चले कि इन्हीं सुमन शर्मा के खिलाफ फर्रुखाबाद घेरशामू खां शिव नगर निवासी राजीव कुमार शर्मा पुत्र शीशराम शर्मा ने वर्ष 2024 में सीजेएम के यहां मामला दायर कर रखा है। जिसमें उन्होंने दर्शाया कि सुमन शर्मा व उनके पति दिनेश ने 31 दिसम्बर 2014 को मुझसे कहा कि मैं कल्पतरु बिल्डटेक कॉर्पोरेशन में प्रबंधक पद पर कार्यरत हूँ व मेरा कार्यालय भोलेपुर में है। 42 हजार रुपये जमा कर दो, जिसमें तुमको 31 अक्टूबर 2019 को मैं ब्याज सहित भुगतान करूंगी। मुझे बहला-फुसलाकर पैसे जमा करा लिये गये और कूटरचित फर्जी रसीद 241140 की दे दी। मेरी पत्नी संगीता शर्मा उर्फ सोनी शर्मा को भी जाल में फांस लिया और एफडीआर 30 हजार रुपये जमा कराये थे। जिसका भुगतान दिनांक 30 सितम्बर 2019 को बोनस सहित 62 हजार रुपये होना था। मामला विचाराधीन है। सूत्रों की मानें तो इस कम्पनी पर करोड़ों रुपये घोटाले का मामला पहले से ही चल रहा है। ईडी के साथ आयी फॉरेंसिक टीम ने भी कार्यालय से साक्ष्य एकत्रित किये। इस दौरान कुछ मिनट के लिए बाहर आयीं सुमन शर्मा ने बताया कि फर्रुखाबाद फतेहगढ़ लगभग 15 करोड़ रुपया निवेशकों का कम्पनी ने हड़प लिया है कई मुकदमे में भी चल रहे हैं।

बताते चले कि पिछले वर्ष प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आगरा में निवेशकों की गाढ़ी कमाई हड़पने वाले कल्पतरू बिल्डटेक के संचालकों की 83.96 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त की थी। ईडी ने आगरा के कल्पतरू बिल्डटेक कारपोरेशन लिमिटेड ग्रुप के सीएमडी जय कृष्ण सिंह राणा समेत अन्य के विरुद्ध प्रिवेंशन आफ मनी लांड्रिंग के तहत केस दर्ज कर जांच आरंभ की थी। ईडी ने आगरा व मथुरा में कल्पतरू बिल्डटेक के संचालकों के विरुद्ध दर्ज दर्ज कराए गए मुकदमों को अपना आधार बनाया था। ईडी की जांच में सामने आया कि जय कृष्ण ने 50 से अधिक फर्जी कंपनियां बनाई थीं। यह कंपनियां उसने अपने कर्मचारियों व अनपढ़ रिश्तेदारों के नाम पर फर्जी कंपनियां खोली गई थीं। विभिन्न आकर्षक योजनाओं का झांसा देकर निवेशकों से 1500 करोड़ रुपये से अधिक की रकम जुटाई गई थी। जिसमें बड़ी रकम को विभिन्न कंपनियों के जरिए डायवर्ट कर बेनामी संपत्तियां खरीदी गई हैं। ईडी ने निवेशकों की मेहनत की कमाई से खरीदी गई 403 बेनामी संपत्तियां (कीमत 83.96करोड़) को जब्त किया था। कंपनी मथुरा के ग्राम चुरमुरा फराह में अपार्टमेंट का निर्माण कर रही थी। कंपनी के निदेशकों ने अपने एजेंटों के साथ फ्लैटों की प्री-बुकिंग की योजना शुरू की थी। निवेशकों ने बुकिंग के समय खरीदारों से दावा किया था कि एक फ्लैट बुक करने पर निश्चित अवधि तक उन्हें प्रति माह तय राशि का भुगतान भी किया जाएगा। निवेशकों को बुक फ्लैट न लेने की स्थिति में उनकी रकम ब्याज समेत वापस कि ए जाने का झांसा भी दिया गया था।

# पचास वर्ष का सफर तय कर चुके कायमगंज चीनी मिल की मशीनें हुई जर्जर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



कायमगंज चीनी मिल



ट्रैक्टर से गन्ना लिये खड़े किसान



अपना दर्द बयां करते पीड़ित किसान

लगभग पचास वर्ष का सफर तय कर चुके कायमगंज चीनी मिल की हालत अब खस्ता हो चली गयी। जिसके कारण किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गन्ना लेकर आने वाले किसानों का कहना है कि उन्हें मिल में कितना समय लग जाये कुछ कहा नहीं जा सकता।

कभी-कभी तो तीन से चार दिन तक भी लग जाते हैं। खराब होने पर मिल को बंद कर दिया जाता है और ठीक कर पुनः चालू कर दिया जाता है। किसानों का कहना है कि चीनी मिल मरहम पट्टी के सहारे चल रहा है। जिस कारण अधिकांश किसान रुपापुर चीनी मिल में गन्ना ले जाने को मजबूर हैं। जानकारी के अनुसार कायमगंज चीनी मिल की स्थापना वर्ष 1974 में हुई थी। शुरुआत में तो मिल धुआंधार चला, लेकिन समय के साथ-साथ मशीनें जर्जर होती चली गयीं। आज हालत यह है कि मिल कब बंद हो जाये कुछ कहा नहीं जा सकता है। जिससे यहां गन्ना लेकर आने वाले किसानों को दो, तीन अथवा चार दिन तक लग जाते हैं। किसान मुकेश पुत्र चिरौंजीलाल निवासी शाहपुर गंगपुर थाना कम्पिल ने बचाया कि बीच-बीच में मशीन खराब होने के कारण चार से पांच दिन लग जाते हैं। विनोद पुत्र आज्ञारपाम निवासी ममापुर थाना कायमगंज ने बताया कि आज वह पांच दिन से यहां पर गन्ना लेकर खड़े हैं। मशीन खराब होने के कारण भीषण सर्दी में हमको यहां रुकना पड़ता है। आलोक पुत्र दातारम निवासी हल्दीखेड़ा थाना कम्पिल ने बताया की हमें ट्रैक्टर द्वारा गन्ना लाये चीनी मिल में तीन दिन हो गये हैं। अभी तक हमारा गन्ना नहीं तौला जा सका। सोमवार को सुबह 6 बजे मिल चालू हुई। वहीं जसवीर सिंह पुत्र रामलड़ैते निवासी सवितापुर बिहारीपुर थाना कम्पिल ने बताया हमें भी चीनी मिल गन्ना लेकर खड़े हुए चार दिन हो गये हैं। कई किसान जब परेशान हो जाते हैं, तो वह अपना गन्ना लेकर रुपापुर चीनी मिल चले जाते हैं। किसानों का कहना है कि आज चीनी मिल को नई मशीनों की जरुरत है। जिससे किसानों का गन्ना समय पर तौला जा सके।

### क्या बोले जिम्मेदार...

जब इस संबंध में चीनी मिल के जीएम कुलदीप सिंह पटेल से बात की गयी, तो उन्होंने बताया कि कभी-कभी मशीनों में कुछ कमी आ जाती है। जिसे ठीक कराकर मिल को पुनः चालू करवा दिया जाता है। मशीनें काफी पुरानी हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि जिन किसानों को जल्दी होती है, तो वह अपना गन्ना लेकर रुपापुर चीनी मिल जाते हैं।

# धूमधाम से मना सिटी गर्ल्स इंटर कालेज का क्रिसमस समारोह

**क्रिसमस यीशु के बंधन के परिभाषित करता है**



कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्रायें



मौजूद डीआईओएस व प्रबंधक एवं अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

क्रिसमस यीशु के बंधन को परिभाषित करता है और यह दर्शाता है कि यह प्रेम और स्नेह का त्यौहार है। ईश्वर ने अपने इकलौते बेटे को इस दुनिया में अपने प्यार के एक विशेष कार्य के रुप में दिया। फर्रुखाबाद सिटी गर्ल्स इंटर कालेज में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शिक्षिका मीनाक्षी विलकिन्सन ने अतिथियों का स्वागत वंदन किया।

जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह व विद्यालय के प्रबंधक रेव्ह फजल मसीह व प्रधानाचार्य ऐस्तर रोज दयाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। रेव्ह मनोज कुमार मसीह, रेव्ह स्टीफन मसीह ने बाइबल पढ़कर प्रार्थना कर आशीष वचन दिये। शिक्षिका शिवानी द्वारा तैयार किया गया स्वागत नृत्य छात्राओं ने प्रस्तुत किया। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों व आये हुए प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं को मंत्रमुग्ध किया। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों में बच्चों की प्रतिभा देखने को मिलती है, बहुत अच्छा लगा। हमें यीशु मसीह के जन्मदिन को एक साथ मिलकर प्यार और सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। यीशु मसीह का संदेश था कि शांति का पैगाम लोगों तक पहुंचे और एक दूसरे की सेवाभाव से मदद करें। बच्चों द्वारा जो कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये उनकी सराहना की। प्रबंधक रेव्ह फजल मसीह ने कहा कि यीशु मसीह प्रेम का संदेश लेकर आये। प्रभु यीशु मसीह ने शांति का पैगाम किया। ईश्वर से हर व्यक्ति डरता है कहीं ऐसा न हो कि वह नाराज न हो जाये। मनुष्य का रुप धारण कर प्रभु यीशु मसीह पृथ्वी पर आये और मानव जाति को शांति का समाचार दिया। उन्होंने परमेश्वर से मेल कराया। प्रभु ने संदेश दिया कि अपनी सेवायें देते रहो, क्यों न व्यक्ति कोड़ी हो या असहाय हो व गरीब हो, हमें उनकी सहायता करना है। प्रेम भाईचारा, एकता का संदेश सिखाता है कि हमें मौका मिला है इसलिए हम प्रेम करें और लोगों की सेवा करें। प्रधानाचार्य ऐस्तर रोज दयाल ने कहा कि वार्षिकोत्सव में सभी का सहयोग रहा यह उपलब्धि मेरे विद्यालय की शिक्षिकाओं व कर्मचारियों की है जो आज यह विद्यालय परिवार फल फूल रहा है। इतने बड़े कार्यक्रम के लिए सभी की सहयोग की जरुरत है। विद्यालय की बिल्डिंग पुरानी है, लेकिन दिलों में उत्साह है।

नये उत्साह के साथ छात्र-छात्रायें आगे बढ़े और अच्छे नम्बर लाकर विद्यालय और परिवार का नाम रोशन करें। प्रभु यीशु मसीह ने हमें सिखाया है कि हम दूसरों की मदद करें और अच्छाई के रास्ते में चले। विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने कार्यक्रम में पहुंचकर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान मेमोरियल मिशन अस्पताल की डायरेक्टर डॉ. नम्रता मल्ल, प्रधानाचार्य प्रमोद गंगवार, संतोष कुमार त्रिपाठी, सुमन त्रिपाठी, इंदू मिश्रा, विश्वमोहिनी पाण्डेय, महेश चन्द्र वर्मा, दिनेश कुमार वर्मा, योगेश तिवारी, संदीप कुमार चतुर्वेदी, अनिल सिंह के अलावा प्रधानाचार्य रोजीशन विश्वासी, प्रधानाध्यापक अंजू मल्ल, अनीता प्रशाद, पूनम शुक्ला, कुमोदिनी, निधि, निशा, अमन मनीला मैसी, प्रियंका मैसी, राधा, ममता, सबनूर, आकांक्षा, श्रेष्ठा, मुस्कान आदि शिक्षिकाओं ने सहयोग किया। धन्यवाद प्रधानाचार्य ऐस्तर रोज दयाल ने ज्ञापित किया।

# प्रकृति परीक्षण कैम्प में ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी दी गई जानकारियां



कैम्प में मौजूद चिकित्सक व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के द्वारा प्रकृति परीक्षण कैम्प का आयोजन बैरमपुर व भटपुरा में डॉ. संकल्प सिंह, डॉ. विकास बाबू के नेतृत्व में आयोजित हुआ। साथ ही द्वितीय कैम्प ग्राम बुढ़नपुर में डॉ. अरीब, डॉ. सुहेबा, डॉ. रेशमा, डॉ. पीयूष के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कैम्प की व्यवस्था डॉ. शीलू गुप्ता ने देखी। प्रकृति परीक्षण अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार विश्वकर्मा एवं कॉलेज प्रशासनिक अधिकारी अनूप कुमार मौजूद रहे। कैम्प में स्वास्थ्य चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य संबंधी ग्रामीणों को जानकारी दी गई और जागरुक किया गया।

# बाल विभावृत्ति, बाल विवाह, बाल श्रम, यौन शोषण आदि के प्रति किया जागरुक



शपथ दिलाते खण्ड विकास अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्र एवं खंड विकास अधिकारी त्रिलोक चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में विकास खण्ड कमालगंज में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत गठित ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक संपन्न हुई।

जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्र ने कहा कि ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति का उद्देश्य है कि हम सभी मिलकर बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण, देखरेख और भागीदारी के साथ साथ बाल भिक्षावृत्ति, ट्रैफिकिंग, बाल विवाह, बाल श्रम, यौन शोषण आदि से बच्चों का संरक्षण करें। हमें प्रत्येक बच्चे को अच्छी शिक्षा दिलाकर उसे वर्तमान परिप्रेक्ष्य में घटित हो रहे अपराधों से बचाना है। उन्होंने ने साइबर अपराधियों के बहकावे में न आने को लेकर सतर्क किया। बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने बच्चों के अधिकारों, किशोर न्याय अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह, बाल यौन शोषण से बच्चों को बचाने की जानकारी दी। खंड विकास अधिकारी त्रिलोक चंद्र शर्मा ने बच्चों की उचित संरक्षण और देखरेख के संबंध में चर्चा की और कहा कि सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री अपने प्रत्येक त्रैमास पर बाल संरक्षण के संबंध में बैठक का आयोजन करें और उसमें बाल यौन शोषण, बाल श्रम, बाल विवाह, ट्रैफिकिंग, अनिवार्य शिक्षा आदि के संबंध में जानकारी प्रदान करें। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के प्रभारी निरीक्षक हरि नंदन ओझा ने 1090, 112, मानव तस्करी, बाल विवाह बाल श्रम के संबंध में जानकारी प्रदान की और कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को इस प्रकार शिक्षित करें। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी आईएसबी आलोक दुबे, प्रभारी सीडीपीओ विमलेश चौधरी, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी अब्दुल गफ्फार, फूल सिंह राजपूत, परामर्शदाता प्रवीन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# मूल्यांकन पारिश्रमिक धनराशि न मिलने पर परीक्षक जानकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वर्ष 2023 की यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा हेतु निर्धारित मूल्यांकन केंद्र रस्तोगी इंटर कॉलेज पर मूल्यांकन करने वाले प्रधान, उप प्रधान, परीक्षकगणों के पारिश्रमिक धनराशि उनके द्वारा प्रार्थना पत्र में अंकित विवरण के अनुसार संबंधित बैंक खातों में कोषागार के माध्यम से हस्तांतरित की जाती है।

यदि किसी परीक्षकगणों की मूल्यांकन केंद्र पर मूल्यांकन अंकेक्षण कार्य करने के फलस्वरुप पारिश्रमिक भुगतान होना शेष हो तो इस प्रसासरण के सात दिन के अंदर प्रत्यावेदन साक्ष्यों सहित रस्तोगी इंटर कालेज में सुनिश्चित करें। निर्धारित समय के बाद उत्तर दायित्व परीक्षक का स्वयं होगा।



बैठक में मौजूद व्यापारी

# एएसपी ने व्यापारियों की सुनी समस्यायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस लाइन सभागार में व्यापारियों की बैठक अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में व्यापारी संगठनों ने कई मुद्दे जैसे शहर की समस्याओं पर विचार रखे। व्यापारियों ने कहा कि सड़क पर मौरंग व गिट्टी डाल दी जाती है जिस कारण गाड़ी फिसलती है और जाम भी लगता है। व्यापारी रविकांत गुप्ता ने चूड़ी वाली गली में लग रहे जाम की समस्या उठायी। भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता व अर्पण अग्रवाल, रविकांत गुप्ता, संदेश अग्रवाल आदि व्यापारियों ने समस्यायें उठायी। जिसे एएसपी डॉ. संजय सिंह व सीओ सिटी ऐश्वर्या ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही समस्या का समाधान होगा और व्यापारियों के सहयोग से बाजार में लग रहे जाम की समस्या से भी निजात दिलाया जायेगा। साथ ही नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार सिंह ने भी अतिक्रमण हटाने में व्यापारियों का सहयोग मांगा।

# शिक्षिका दीपा शुक्ला का राज्य स्तरीय कला क्राफ्ट प्रतियोगिता में हुआ चयन



शिक्षिका दीपा शुक्ला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राज्य स्तरीय कला क्राफ्ट एवं पपेट्री प्रतियोगिता में शिक्षिका दीपा शुक्ला का चयन हुआ। राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा विकास खंड शमसाबाद के संविलियन विद्यालय मिल्क सुल्तान की सहायक अध्यापिका विज्ञान वर्ग दीपा शुक्ला का चयन राज्य स्तरीय कला क्रफ्ट एवं पपेट्री प्रतियोगिता में किया गया है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के निदेशक गणेश कुमार ने सूची जारी कर जानकारी दी है। प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 25 अक्टूबर को लखनऊ में आयोजित हुआ था। जिसमें मिल्क सुल्तान संविलियन विद्यालय की सहायक अध्यापिका दीपा शुक्ला का चयन हुआ। जानकारी मिलते ही सभी शिक्षकों ने दीपा शुक्ला को बधाई दी। ब्लाक शमशाबाद में इस तरह का सम्मान मिलने से दीपा शुक्ला के लिए गौरव की बात है। देर शाम तक लोगों ने फोन पर व घर जाकर बधाई दी।

# पुलिस को चकमा देकर लखनऊ धरने में पहुंचे कांग्रेसी



कांग्रेस कार्यालय पर मौजूद कांग्रेसी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के आवाह्न पर लखनऊ में विधानसभा घेराव में जाने के लिए पुलिस ने रोंका। कार्यवाहक शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा हनी ने पुलिस को चकमा देकर भगवा अंगोछा डालकर लखनऊ पहुंचे और धरने में शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर पहले से ही बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात था।

वहां पर पहुंचे कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने रोका। जिस कारण वह विधानसभा का घेराव नहीं कर पाये। एलआईयू पहले से ही सतर्क थी, जिसके चलते लखनऊ जाने वाले कांग्रेस नेताओं के निवास पर पुलिस ने पहुंचकर हाउस अरेस्ट किया। सुबह 7 बजे अंकुर मिश्रा पुलिस को चकमा देकर भगवा कलर का अंगोछा डालकर निकल गये और लखनऊ में आयोजित धरने में साथियों के साथ शामिल हुए। रास्ते में प्रदेश महासचिव प्रकाश प्रधान के साथ लखनऊ पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पाण्डेय के साथ धरने में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार छात्रों का हक छीन रही। छात्रों को लाठियां खानी पड़ रही है, अन्नदाता खाद के भटक रहा है, महिलायें सुरक्षित नहीं है, सरकार असफलता को छिपा रही है। मुख्यमंत्री नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दें। अंकुर मिश्रा, कुमोद सक्सेना, अमर मिश्रा, वात्सल्य मिश्रा, संजीव दिवाकर, राज कुमार, अतुल राजपूत आदि मौजूद रहे।

# हवन पूजन व भण्डारे के साथ श्रीमद् भागवत कथा को विराम



भण्डारे में मौजूद भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कृष्णा नगर कॉलोनी कादरीगेट में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन हवन पूजन व भण्डारे के साथ विराम हुआ। बड़ी संख्या में भक्तों ने भण्डारे में भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। कथा व्यास ने सभी भक्तों को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर जितेंद्र कुमार मिश्रा, सुआ लाल, आनंद मिश्रा, वरुण पाण्डेय, आशीष कुमार, जितेंद्र सिंह, शिवम् त्रिपाठी, नरेंद्र शुक्ला, मधुरेश, प्रियंका, बबलू, छोटे आदि लोग मौजूद रहे।

## स्वर्ण पदक जीतकर अनन्या माथुर ने जनपद का नाम किया रोशन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राज्य स्तरीय जूनियर बालिका मुक्केबाजी प्रतियोगिता का आयोजन 16 दिसंबर से 18 दिसंबर तक मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज में हुआ।



अनन्या माथुर

प्रतियोगिता में जनपद की अनन्या माथुर ने 54.57 किलो भार वर्ग में लखनऊ की शावी अली को 5.0 से शिकस्त देकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग के बाद अब अनन्या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतिभा करेंगी। अनन्या की उपलब्धि पर जिला क्रीड़ा अधिकारी कर्मवीर सिंह व कोच अथक पटेल एवं जिला बॉक्सिंग संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष मोहन लाल अग्रवाल, सचिव संजीव कटियार के अलावा खिलाड़ियों ने बधाई दी।

# शमशान घाट पर हो रही अवैध वसूली के विरोध में भाकियू डीएम से मिले



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते किसान नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शमशान घाट पर अंतिम संस्कार के लिये आने वाले शवों के पारिवारिजनों से जवरन अवैध वसूली किये जाने के संबंध में भारतीय किसान यूनियन किसान जन शक्ति के जिलाध्यक्ष सत्यभान झां के द्वारा जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में दर्शाया कि पांचाल घाट स्थित शमशान घाट पर अराजकतात्वों के द्वारा अंतिम संस्कार के लिए आने वाले शवों के पारिवारिजनों से जवरन अवैध वसूली पिछले 7 वर्षो से की जा रही है और प्रत्येक रसीद और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के नाम पर मृतक के पारिवारिकजनों से हजारों रूपये लेते है, जबकि मृत्यु प्रमाण पत्र सरकार जारी करती है और इन अराजकतत्वों को किसी अथरिटी के तहत मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के अधिकार प्राप्त नहीं है, यदि कोई इसका विरोध करता है तो इन आराजकतात्वों का पूरा गैंग मिलकर उनके साथ अभद्रता करता है और मारपीट करता है। शमशान घाट सरकारी है, इस पर किसी प्रकार का कोई भी ठेका किसी भी व्यक्ति या संस्था को आवटन नहीं किया गया है। अराजकतत्त्व मृतक के पारिवारिजनों के साथ जबरदस्ती वसूली करते है ऐसे कफनखोसोट लोग समाज और मानवता के लिये कलंक है जो की शोकाकुल को लोगों के साथ में जबरन धन उगाही कर रहे है। इन लोगों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाये और अवैध वसूली को बंद कराया जाये। इस मौके पर वीरेन्द्र कुमार, जितेन्द्र सिंह, गोविन्द शर्मा, शिवम शर्मा, सुधीर सिंह आदि किसान नेता मौजूद रहे।

# कवि सम्मेलन के साथ धार्मिक अनुष्ठान का हुआ विराम

**उठो साथियों निज धर्म बिक न जाये: ओमपाल सिंह निडर**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गंगा नगर में चल रहे 19वें धार्मिक अनुष्ठान के विश्राम दिवस पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन महेश पाल सिंह उपकारी के संयोजन में हुआ। फिरोजाबाद से आये प्रो. डॉ. ओमपाल सिंह निडर, औरैया से आये गोपाल पाण्डेय आजाद का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। अध्यक्षता बृजकिशोर से किशोर ने की। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया।

मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति ने कहा कि आज के समय में धार्मिक परम्परा व कथा अपने आप में एक विशिष्ठ मिशाल है। विशिष्ठ तहसीलदार श्रद्धा पाण्डेय ने कहा कि ऐसी पावन भूमि पाण्डाल में आने से अपने आप में अध्यात्मिक चेतना जाग्रत हो उठती है। सभी कवियों व कवियित्रियों ने काव्य पाठ किया। समिति के सदस्यों ने कवियों को शॉल ओढ़ाकर व शील्ड व रामदरबार देकर सम्मानित किया। समिति के अध्यक्ष सर्वेश अवस्थी, ऋषिपाल सिंह, अवधेश पाण्डेय, शिवकुमार मिश्रा, सीताराम पाण्डेय, मनोज अग्निहोत्री, अमित बाजपेयी, अनमोल मिश्रा, बिहारी अग्निहोत्री, विभोर सोमवंशी, मैकूलाल आदि लोग मौजूद रहे। महेश पाल सिंह उपकारी ने काव्यपाठ करते हुए कहा कि एक बार कहने से नाम का प्रतीक बनता, दो बार कहने से होता प्रणाम। वैभव





काव्य करते प्रो. ओमपाल सिंह निडर

सोमवंशी ने कहा कि खत्म भ्रष्टाचार सत इमान बढ़ना चाहिए। हम रहें न रहे हिन्दुस्तान रहना चाहिए। उपकार मणि ने कहा कि तस्करों के हाथ में जब से उजाले हो गये, रोशनी वालों के भी किरदार काले हो गये। कृष्णकांत अक्षर ने कहा कि योग योग में मिला मैं उनका उसी क्षण जागे। बृजकिशोर से किशोर ने कहा कि जब बटे गम गुनगुनाकर देखिए।

ओमपाल सिंह निडर ने कहा कि उठो साथियों निज धर्म मिट न जाये, बहनों जागों निज शर्म बिक न जाये। गोपाल पाण्डेय ने कहा कि सनातन के अनुयायियों का हो रहा होम क्यों है। सत्यपाल सिंह ने कहा कि तपतेज की वह अरुणिम संध्या कहां गयी। डा० गरिमा पाण्डेय ने कहा कि कुछ तो हमने भी किया होगा अच्छा काम। प्रीती तिवारी ने कहा कि मेरी हर सांस में तूं है आदि कवियों ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंत ईश्वरदास ब्रह्मचारी ने अध्यात्म पर विचार व्यक्त किये।

# मण्डी में पीली मिट्टी का सुपर आलू बिका 1011 रुपये पैकेट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



मण्डी में लगा आलू

आलू मण्डी सातनपुर में भाव सामान्य रहा। लगभग 70 मोटर की आमद हुई। 851 रुपये से 951 रुपये पैकेट आलू की बिकवाली हुई। आलू आढ़ती अरविन्द राजपूत ने बताया कि बाहर की मण्डियों में आलू की मांग है कि इसलिए भाव में सुर्खी बनी हुई है। पीली मिट्टी का सुपर आलू 1011 रुपये पैकेट बिका। जिसे खरीदने के लिए व्यापारी टूट पड़े। मात्र 2 ट्राली आलू आने के कारण इस छट्टा आलू को खरीदने वाले ज्यादा व्यापारी दिखे। मण्डी में किसानों की समस्यायें बनी हुई है। जिसके चलते 20 दिसम्बर को महापंचायत होने के कारण आलू मण्डी बंद रहेगी। भीड़ को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि आलू किसान 20 दिसम्बर को मण्डी में अपना आलू न लाकर अगले दिन लाये।

# आमजन के द्वार पहुंची होम्योपैथी चिकित्सा, मरीजों का हुआ परीक्षण

**प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह ने कुल 146 रोगियों का किया गया परीक्षण**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय कढ़हर में जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. दीप्ति त्रिवेदी के निर्देशानुसार आयुष आपके द्वार अभियान के अंतर्गत ग्राम सभा कढ़हर के कॉमन सर्विस सेंटर पर एक निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में ग्राम कढ़हर के अलावा सैकड़ों दूर दराज के ग्राम वासियों ने होम्योपैथिक चिकित्सा का लाभ लिया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह ने कुल 146 रोगियों का परीक्षण किया गया। जिसमें हार्ट रेट, बीपी, स्वशन दर, नाक, आंख, वजन इत्यादि की जांच कर रोगियों को दवाईयां दी गई। सभी रोगियों, ग्राम वासियों ओर उनके साथ आए हुए परिजनों को उपचार से बेहतर बचाव पर ज्यादा ध्यान देने व योग व्यायाम आदि की भी सलाह दी गई।

## 20 दिसम्बर को किसान नेता राकेश टिकैट महापंचायत में भरेगें हुंकार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के तत्वावधान में 20 दिसम्बर दिन शुक्रवार को समय 10 बजे से किसान मजदूर महापंचायत का आयोजन आलू मंडी सातनपुर में होने जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ0 राकेश टिकैत, राष्ट्रीय महासचिव चौ0 राजवीर सिंह जादौन, प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता गजेन्द्र सिंह परिहार, प्रदेश सचिव व प्रभारी कानपुर मंडल तिलक सिंह राजपूत, अध्यक्ष कानपुर मंडल रमेश चन्द्र यादव तथा प्रदेश के दर्जनों जिलाध्यक्ष भाग लेगें। सातनपुर आलू मंडी में किसानों के आलू की बिक्री खुली बोली लगाकर की जाए एवं आलू की तौल कानपुर मंडी के आधार पर की जाए, मंडी में आवारा पशुओं व पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए व अन्य समस्याओं का समाधान हो। जिसके लिए महापंचायत में भाग लेने की जिलाध्यक्ष अरविन्द शाक्य ने किसानों से अपील की है। अजय कटियार गांव-गांव जाकर भीड़ जुटाने के लिए अपील कर रहे है।

# पूर्व मोहम्मदाबाद चैयरमैन गैंगेस्टर के मामले में दोष सिद्ध

**सजा पर सुनवाई के लिए 20 दिसम्बर की तिथि नियत**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मोहम्मदाबाद के पूर्व चेयरमैन लल्लू सिंह उर्फ ललुआ यादव पुत्र अमर सिंह निवासी मोहम्मदाबाद को अपर जिला जज विशेष गैंगेस्टर एक्ट न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने गैंगेस्टर के मामले में दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा पर 20 सुनवाई के लिए 20 दिसंबर की तिथि नियत की है।

बीते 29 वर्षो पूर्व कोतवाली मोहम्मदाबाद के तत्कालीन थानाध्यक्ष राजाराम ने 5 नवम्बर 1995 को लल्लू सिंह उर्फ ललुआ, राजू, जयवीर यादव में विरूद्ध गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 के तहत दर्ज किया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार लल्लू सिंह, राजू के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश लल्लू सिंह उर्फ ललुआ को दोषी करार दिया है। सजा पर सुनवाई के लिए के 20 दिसम्बर की तिथि नियत की है। मुकदमा विचारण के दौरान राजू की मृत्यु हो गयी थी।

# बांग्लादेश की सीमा पर दिखे यूएवी

## भारतीय वायु सेना ने लड़ाकू विमानों से बढ़ाई निगरानी, घुसपैठ करने पर यूएवी मार गिराने का बीएसएफ को निर्देश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश सीमा पर मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) के देखे जाने के बाद मेघालय पुलिस की ओर से सतर्क किये जाने पर वायु सेना ने अपनी निगरानी गतिविधि बढ़ा दी है। राज्य के पूर्वी खासी हिल्स जिले के सोहरा और शेला के पास बेराकटार टीबी-2 मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) के देखे जाने के बाद भारतीय राडार और लड़ाकू विमान नियमित रूप से इन पर नजर रख रहे हैं। मेघालय सीमा के बहुत नजदीक एक बांग्लादेशी ड्रोन के देखे जाने के बाद निर्देश दिए गए हैं कि भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करने पर बांग्लादेशी यूएवी को मार गिराया जाएगा।



भारत-बांग्लादेश सीमा के पास पिछले हफ्ते में कई बार टीबी-2 यूएवी देखे जा रहे हैं। बांग्लादेश में छतक और सुनामगंज के आस-पास के इलाकों में यूएवी उड़ते हुए पाए गए। इसके अलावा सीमा के पास मेघालय राज्य के पूर्वी खासी हिल्स जिले के सोहरा और शेला के पास बेराकटार टीबी-2 मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) को उड़ते हुए देखा गया है। हालांकि, यूएवी से भारतीय सीमा में आधिकारिक तौर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है, लेकिन सीमा पर तैनात बीएसएफ ने इस बारे में मेघालय सरकार को जानकारी दी। बीएसएफ का मानना है कि यूएवी की तैनाती बांग्लादेश में अशांति के बीच घरेलू स्तर पर अपनी ताकत दिखाने का प्रयास हो सकता है। बांग्लादेश ने इस साल की शुरुआत में अपने सैन्य आधुनिकीकरण प्रयासों के तहत यह ड्रोन हासिल किए थे। बांग्लादेश के तेजगांव एयरबेस से एक यूएवी संचालित किया गया था। तुर्की कंपनी बायकर ने बेराकटार टीबी-2 यूएवी को विकसित किया है, जिसे निगरानी और सटीक हमला मिशनों में अपनी दोहरी क्षमताओं के लिए जाना जाता है। ये यूएवी 300 किमी. की परिचालन सीमा और 27 घंटे की धीरज के साथ अपनी तरह के सबसे उन्नत में से हैं। सीमा पर टीबी-2 यूएवी देखे जाने की जानकारी मिलने पर मेघालय पुलिस के महानिदेशक इदाशीशा नोंग्रांग ने इस घटना के बारे में भारतीय वायु सेना को भी अवगत कराया। इसके बाद भारतीय वायु सेना ने बांग्लादेश सीमा पर अपनी निगरानी गतिविधि बढ़ा दी है बांग्लादेशी सेना के टीबी-2 हमलावर ड्रोन देखे जाने के बाद बीएसएफ को भारत-बांग्लादेश सीमा के निकट उड़ने वाली किसी भी हवाई वस्तु को मार गिराने का निर्देश दिया गया है।

**बारीकी से नजर रख रहा भारत**

सुरक्षाबलों ने कहा कि ऐसी कार्रवाइयां अक्सर पड़ोसियों के लिए सीधे सुरक्षा खतरा पैदा करने के बजाय आंतरिक समर्थन जुटाने का काम करती हैं। भारत सीमा पर निगरानी और खुफिया जानकारी साझा करने के तंत्र को बढ़ाकर स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। भारतीय सशस्त्र बल अपने हवाई क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संभावित जवाबी उपायों का भी मूल्यांकन कर रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट के समक्ष 128 पृष्ठों की सारांश वाली याचिका आश्चर्यचकित हुए न्यायाधीश

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने वैवाहिक विवाद के एक मामले में एक महिला की ओर से दायर याचिका का 128 पृष्ठों का सारांश देख आश्चर्य व्यक्त किया और अपीलकर्ता अधिवक्ता की दलीलें सुनने के बाद तथ्यों के आधार पर उनकी अपील खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने भरण-पोषण याचिका को निचली अदालत में वापस भेजने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली महिला की याचिका पर सुनवाई के बाद शीर्ष अदालत के रजिस्ट्रार (न्यायिक) को निर्देश दिया है कि वे इस बात पर ध्यान दें कि उनके (शीर्ष अदालत की पीठ के) समक्ष याचिकाएं उचित प्रारूप में दाखिल हों। पीठ ने 17 दिसंबर को अपने इस आदेश में कहा, व्यक्तिगत रूप से पेश हुईं अपीलकर्ता ने 128 पृष्ठों का एक सारांश दाखिल किया है, जिसमें बहुत सारे विवरण हैं। इसमें अधिकांश हमारे उद्देश्यों के लिए प्रासंगिक नहीं हैं।

# पंजाब में तीन घंटे रेल पटरियों पर बैठकर किसानों ने जताया विरोध

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाब के शंभू व खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन में बुधवार को किसानों ने तीन घंटे तक रेलवे ट्रैक जाम करके विरोध जताया। किसानों ने रेल ट्रैक पर बैठने से दर्जनों ट्रेनों के रूट डायवर्ट किए गए, जबकि कई गाड़ियों को रद्द कर दिया गया। रेल रोको आंदोलन के कारण भारी संख्या में यात्री परेशान रहें। किसानों ने रेल रोको आंदोलन को सफल करार देते हुए अब 30 दिसंबर को पंजाब बंद का ऐलान किया है। किसान नेता सरवरण सिंह पंधेर ने कहा कि हम दुकानदारों, धार्मिक संस्थाओं, व्यापार मंडल और ट्रेड यूनियनों से मीटिंग करेंगे। उनसे मांग करेंगे कि वह पंजाब बंद में सहयोग दें।

किसानों ने आज पंजाब में तीन घंटे रेलवे ट्रैक जाम किया। इस दौरान

**किसानों ने 30 दिसंबर को पंजाब बंद का किया ऐलान**

प्रदेश भर में किसान दोपहर 12 बजे 48 जगहों पर ट्रैक पर बैठ गए और तीन बजे के बाद ट्रैक खाली किए।

रेलवे ट्रैक जाम होने से दिल्ली-पठानकोट सुपरफास्ट एक्सप्रेस को लुधियाना के ढंडारी कलां में रोकना पड़ा। रेल रोको आंदोलन के चलते कुछ ट्रेनों को रद्द, तो कुछ को डायवर्ट भी करना पड़ा। किसानों के प्रदर्शन से करीब 60 ट्रेनों की आवाजाही पर असर पड़ा। जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन पर भी काफी संख्या में किसान जुटे। बठिंडा में मुल्तानिया पुल नीचे भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर की तरफ से तीन घंटे ट्रैक जाम रहा।किसान नेताओं ने कहा कि उनकी मांगे पूरी नहीं हो रही हैं। सरकार को चाहिए कि उनसे बातचीत करे।

## कांग्रेस के प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले, एक मौत

**गुवाहाटी।** कांग्रेस के एक देश-एक चुनाव, स्मार्ट मीटर वापस लेने और मणिपुर में शांति बहाल करने की मांग को लेकर हुए प्रदर्शन के दौरान पुलिस के आंसू गैस की चपेट में आने से और धक्का-मुक्की में एक प्रदर्शनकारी अधिवक्ता की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हुए हैं। पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर कांग्रेस ने सरकार के प्रतिआक्रोश व्यक्त किया है। बुधवार को कांग्रेस ने भाजपा के एक देश एक चुनाव के साथ असम में स्मार्ट मीटर वापस लेने और मणिपुर में शांति बहाल करने की मांग को लेकर राजभवन चलो आयोजित किया था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस छोड़ी और हल्का बल प्रयोग किया। पुलिस के साथ प्रदर्शनकारियों की हुई धक्का-मुक्की और आंसू गैस के गोले लगने से अधिवक्ता मृदुल इस्लाम घायल हो गए। घायल मृदुल को गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल (जीएमसीएच) ले जाया गया।

# जनवरी से लागू होगी समान नागरिक संहिता

**सुगम सेवाएं देने के लिए पोर्टल व मोबाइल एप भी किया विकसित**

समृद्धि न्यूज



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में जनवरी 2025 से समान नागरिक संहिता लागू होगी। समान नागरिक संहिता राज्य को संविधानिक दृष्टि से मजबूत बनाने के साथ-साथ सामाजिक और न्यायिक व्यवस्था में भी महत्वपूर्ण बदलाव लाएगी। इस दिशा में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उत्तराखंड यह कानून लागू करने वाला देश का पहला राज्य बनेगा।

मुख्यमंत्री धामी बुधवार को सचिवालय में आयोजित उत्तराखंड निवेश और आधारिक संरचना विकास बोर्ड (यूआईआईडीबी) की बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने धामी ने कहा कि राज्य सरकार अपने संकल्प के अनुसार समान नागरिक संहिता को लागू करने की दिशा में पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने बताया कि मार्च 2022 में नई सरकार बनने के बाद मंत्रिमंडल की पहली बैठक में ही इस संबंध में एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था, जिसका नेतृत्व सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई ने किया था।

समिति की रिपोर्ट के आधार पर 7 फरवरी, 2024 को राज्य विधानसभा से समान नागरिक संहिता विधेयक 2024 पारित किया गया, जिसे राष्ट्रपति की सहमति मिलने के बाद 12 मार्च 2024 को अधिसूचित कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने अब इस कानून की नियमावली भी तैयार कर ली है और सभी अधिकारियों को इस संहिता के प्रावधान लागू करने के लिए प्रशिक्षण देने का निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि जनसामान्य को सुगमता से सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए एक पोर्टल और मोबाइल एप भी विकसित किया गया है, जो पंजीकरण व अपील जैसी सुविधाएं ऑनलाइन प्रदान करेगा। धामी ने कहा कि समान नागरिक संहिता उत्तराखंड में महिलाओं और बच्चों के सशक्तिकरण का एक बड़ा कदम होगा और यह कानून राज्य की सामाजिक दिशा को एक नया मोड़ देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कानून सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना को प्रोत्साहित करेगा।

# 19 कोचिंग संस्थानों पर भ्रामक विज्ञापनों के लिए 61.60 लाख रुपए का जुर्माना

एजेंसी

**शिमला।** राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने बुधवार को राज्यसभा में कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम संबंधी विषय उठाया। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा ने कहा है कि उपभोक्ता संरक्षण के लिए केंद्र सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं और कोचिंग संस्थानों द्वारा भ्रामक विज्ञापन देने की रोकथाम के लिए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

डॉक्टर सिकंदर कुमार के सवाल के जवाब में बी.एल. वर्मा ने कहा कि उपभोक्ता मामले विभाग ने कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापनों के खिलाफ कार्रवाई तेज़ करते हुए इस मामले में 19 कोचिंग संस्थानों पर 61.60 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए सीसीपीए ने भ्रामक विज्ञापन के लिए विभिन्न कोचिंग सेंटरों को 45 नोटिस भी जारी किए हैं। उपभोक्ता देश भर से 17 भाषाओं में टोल-फ्री नंबर 1915 के माध्यम से अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

**उपभोक्ता टोल-फ्री नंबर 1915 के माध्यम से शिकायतें कराएं दर्ज**

विभिन्न कोचिंग सेंटरों द्वारा अनुचित व्यवहार, विशेषरूप से छात्रों/अभ्यर्थियों की नामांकन फीस वापस न करने के संबंध में उपभोक्ता हेल्पलाइन में दर्ज की गई कई शिकायतों के बाद, एनसीएच ने प्रभावित छात्रों को कुल 1.15 करोड़ रू0 के रिफंड को सुकर बनाने के लिए मिशन-मोड पर इन शिकायतों को हल करने के लिए एक अभियान शुरू किया।

## घरेलू सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी के भाव में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली गिरावट का रुख है। आज कारोबार की शुरुआत के समय सोने के भाव में तेजी का रुख बना था और ज्यादातर सर्राफा बाजारों में सोने के भाव में 110 रुपये से 150 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी आ गई थी। हालांकि दोपहर बारह बजे के बाद सोने के भाव में कमजोरी आ गई। सोने की कीमत में गिरावट से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 77,990 रुपये से लेकर 77,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,500 रुपये से लेकर 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। इसलिए दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत आज भी 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## खबरें एक नजर में

### नेपाल की सभी एयरलाइंस पर यूरोप में उड़ान भरने पर प्रतिबंध

**काठमांडू।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने सभी नेपाली एयरलाइंस कंपनियों पर अपने हवाई क्षेत्र में उड़ान भरने के प्रतिबंध को अगले वर्ष भी बरकरार रखा है। ईयू के इस प्रतिबंध के कारण नेपाल एयरलाइंस कॉर्पोरेशन और हिमालय एयरलाइंस जैसी अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को यूरोप के किसी भी गंतव्य तक उड़ान भरने पर एक वर्ष के लिए रोक लग गई है। ईयू की हवाई सुरक्षा सूची सालाना अपडेट की जाती है। मंगलवार को जारी नई सूची में भी नेपाल की सभी एयरलाइंस के उड़ानों पर प्रतिबंध को जारी रखने का निर्णय किया गया है। यूरोपीय संघ की सुरक्षा सूची में नेपाल एयरलाइंस, हिमालय एयरलाइंस, बुद्ध एयर, यति एयरलाइंस और तारा एयर जैसी प्रमुख नेपाली एयरलाइंस के साथ-साथ एयर डायनेस्टी, मनांग एयर और सिमरिक एयर जैसे कई हेलीकॉप्टर सेवा प्रदाता शामिल हैं। नेपाल को पहली बार 2013 में सुरक्षा चिंताओं के कारण यूरोपीय संघ की सुरक्षा सूची में रखा गया था। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएएएन) और सरकार के प्रयासों के बावजूद नेपाल एक दशक से अधिक समय से सूची से बाहर नहीं निकल पाया है।

### संजीवनी योजना के तहत बुजुर्गों का होगा मुफ्त इलाज

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि चुनाव बाद हमारी पार्टी की सरकार बनने के बाद संजीवनी योजना लागू कर दिल्ली के 60 साल से ऊपर के हर बुजुर्ग का मुफ्त इलाज कराएंगे। श्री केजरीवाल ने बुधवार को कहा, हमारी सरकार बनने पर साठ साल से अधिक सभी बुजुर्गों का मुफ्त इलाज किया जाएगा। हम बुजुर्गों का बहुत मान-सम्मान करते हैं। उनकी वजह से ही हम हैं। आज देश जहां पहुंचा है, बुजुर्गों ने ही पहुंचाया है। बुजुर्गों ने 24 घंटे मेहनत कर, खून पसीना बहाकर अपने परिवार को पाला, समाज को आगे बढ़ाया, देश को आगे बढ़ाया। उनके बच्चे होने के नाते उनके बुढ़ापे में हमारा फर्ज बनता है कि हम उनका ख्याल रखें। हमने दिल्ली में मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना लागू की। इस योजना के तहत अभी तक लगभग एक लाख बुजुर्ग देश के कोने-कोने में तीर्थयात्रा कर चुके हैं।

### आतंकी ठिकाने से हथियार व चार किलोग्राम नशीला पदार्थ बरामद

**कुपवाड़ा।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सेना और पुलिस के संयुक्त तलाशी अभियान में एक आतंकी ठिकाने से हथियार और नशीला पदार्थ बरामद किया गया है। खुफिया सूचना पर की गई कार्रवाई में यह सफलता मिली है।एक अधिकारी ने बताया कि 17 दिसंबर की देरशाम आतंकवादियों की धरपकड़ के लिए कुपवाड़ा के तंगधार सेक्टर में तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान इस सेक्टर के अमरोही में एक आतंकी ठिकाने से चार पिस्तौल, छह मैगजीन और लगभग चार किलोग्राम नशीला पदार्थ बरामद किया गया।

### दिल्ली मुंबई आठ लेन पर शराब का जखीरा बरामद

**झाबुआ।** जिला मुख्यालय से करीब 50 किलोमीटर दूर काकनवानी थाना क्षेत्र में भारतमाला दिल्ली मुंबई 8 लेन पर काकनवानी पुलिस द्वारा एक ट्रक में भरकर हरि नगर काकनवानी के रास्ते से गुजरात राज्य की ओर ले जाई जा रही अवैध शराब का जखीरा पकड़ा गया है, किंतु पुलिस घेराबंदी के बाद मौका देख कर शराब कारोबारी भाग खड़ा हुआ। अवैध शराब सोयाबीन की बड़ी कट्टों के बीच छुपा कर गुजरात राज्य की और ले जाई जा रही थी। अनु विभागीय अधिकारी पुलिस थांदला रवीन्द्र राठी के अनुसार बरामद शराब लगभग 48 लाख रुपए मूल्य की है। काकनवानी पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर मंगलवार देर रात अवैध शराब परिवहन कर रहे ट्रक को बरामद कर थाना काकनवानी लाया गया। पुलिस द्वारा मामले में जांच शुरू कर दी गई है।

### कांग्रेस शाह के बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है : रिजीजू

**नयी दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजीजू ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस गृह मंत्री अमित शाह के राज्य सभा में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर को लेकर दिये गये बयान की छोटी सी की क्लिप दिखाकर तथ्यों को तोड़-मरोड़ करके पेश कर रही है। श्री रिजीजू ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस ने डॉ अंबेडकर के जीते जी उनका विरोध किया और उन्हें अपमानित किया। पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू डॉ अंबेडकर को इतना अपमानित किया कि उन्हें वर्ष 1951 में कैबिनेट से इस्तीफा देना पड़ा। बाद में लोकसभा के दो चुनावों में कांग्रेस ने षडयंत्र करके डॉ अंबेडकर को जीतने नहीं दिया। उन्होंने कहाकि कांग्रेस ने अपने शासन काल में बाबा साहेब को कभी भारत रत्न नहीं दिया। वर्ष 1990 में भारतीय जनता पार्टी के समर्थन से तत्कालीन गैर कांग्रेस सरकार ने डॉ अंबेडकर को भारत रत्न से सम्मानित किया।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शाहपुरा को दी विकास की सौगातें

**भीलवाड़ा।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को शाहपुरा में विकास कार्यों की नई सौगातें दीं। उन्होंने महाराणा प्रताप स्मारक और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मारक का लोकार्पण कर उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। अमर क्रांतिकारी बारहठ बंधुओं की प्रतिमाओं पर त्रिमूर्ति स्मारक में श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने राजकीय महाविद्यालय में आयोजित जनसभा में अपनी सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल का लेखा-जोखा जनता के सामने रखा। इस सभा में आठ हजार से अधिक लोग शामिल हुए। उन्होंने शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा को उनके जन्मदिन के अवसर पर मंच पर ही दुपट्टा ओढ़ाकर और गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी। हेलीपैड पर मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया गया। शाहपुरा विधायक डॉ. बैरवा ने उन्हें मेवाड़ी पगड़ी पहनाई, जबकि नगर परिषद सभापति रघुनंदन सोनी ने महाराणा प्रताप के जीवन पर आधारित फड़ चित्र भेंट किया।

## शरद पवार ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की



**नई दिल्ली।** एनसीपी-एसपी प्रमुख शरद पवार ने बुधवार को संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान पवार के साथ महाराष्ट्र के दो किसान भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक्स पर पोस्ट किया, राज्यसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार ने किसानों के एक समूह के साथ आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान किसानों ने गांव से लाये अनार का एक डिब्बा प्रधानमंत्री को भेंट किया।

# स्पोर्ट्स डे जीत-हार का दिन नहीं बल्कि खुद को और बेहतर बनाने का मौका

समृद्धि न्यूज



**स्टडी हॉल स्कूल ने रन फॉर द क्लाइमेट थीम के साथ मनाया वार्षिक खेल दिवस**

**लखनऊ।** स्टडी हॉल स्कूल ने बुधवार को रन फॉर द क्लाइमेट थीम के साथ अपना वार्षिक खेल दिवस राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, गोमती नगर में आयोजित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान सुजीत कुमार श्रीवास्तव और विशेष अतिथि के रूप में नेशनल पीजी कॉलेज के हेड ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट राकेश पाठक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मशाल प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद स्कूल के हेड बॉय, हेड गर्ल, स्पोर्ट्स कैप्टन और हाउस कैप्टन द्वारा शानदार मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया।

आयोजन का उद्देश्य एथलेटिक्स के रोमांच को पर्यावरणीय संदेश के साथ जोड़ना था, जो सतत विकास लक्ष्य 13 (एसडीजी 13) - जलवायु कार्रवाई की भावना को प्रबल रूप से दर्शाता है और पृथ्वी की सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाता है। स्टडी हॉल स्कूल की प्रिंसिपल मीनाक्षी बहादुर ने फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण के दोहरे महत्व को रेखांकित करते हुए छात्रों को जलवायु कार्रवाई के लिए प्रेरित किया। स्पोर्ट्स डे सिर्फ जीत या हार का दिन नहीं है, यह चरित्र निर्माण, टीम वर्क और खुद को बेहतर बनाने का मौका है। हमने यह स्पोर्ट्स डे की थीम न फॉर द क्लाइमेट इस लिए राखी है क्योंकि यह एक बहुत अहम मुद्दा है।

# दिल्ली के किसान 22 को जन्तर-मन्तर पर करेंगे शांतिपूर्ण प्रदर्शन



समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** दिल्ली देहात विकास मंच ने घोषणा की है कि हजारों किसान रविवार, 22 दिसंबर 2024 को जंतर मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करेंगे। यह प्रदश न डीडीवीएम के बैनर तले कंझावला और दौलतपुर में चल रहे आंदोलनों का विस्तार है।

प्रदर्शनकारी लंबे समय से लंबित भूमि पूलिंग नीति और ग्रीन डेवलपमेंट ए रया नीति को जल्द लागू करने की मांग कर रहे हैं, जो 2007 से अटकी हुई हैं। इसके अलावा, वे दिल्ली विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1957 में संशोधन की मांग कर रहे हैं ताकि शहरी विकास, भूमि अधिकार, और दिल्ली के गांवों के लिए लाभकारी योजनाओं से जुड़े व्यापक मुद्दों का समाधान हो सके। प्रमुख राजनीद्धतक नेताओं जैसे रामवीर सिंह बिधूरी (सांसद, दक्षिण दिल्ली), कमलजीत सहरावत (सांसद, पश्चिम दिल्ली), और योगेंद्र चंदोलिया (सांसद, उत्तर-पश्चिम दिल्ली) ने प्रदश नका रयों को संबोधित किया और किसानों की जायज मांगों के लिए पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया। जनता ने उनके आश्वासन का स्वागत उत्साहपूण नारों के साथ किया, लेकिन डीडीवीएम अध्यक्ष भूपेंद्र बाजाद ने स्पष्ट किया कि जब तक ये वादे जमीन पर लागू नहीं होते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। दिल्ली मास्टर प्लान कमेटी (डीडीवीएम) के अध्यक्ष भूपेंद्र बजाद ने इस अवसर पर कहा, हम सरकार से आग्रह करते हैं कि वह मास्टर प्लान दिल्ली 2041 को तुरंत अधिसूचित करे और संशोधित भूमि पूलिंग नीति (एलपीपी) और ग्रीन डेवलपमेंट एरिया (जीडीए) नीति को लागू करे।

# ब्रिसबेन टेस्ट : भारत को मिला 275 रनों का लक्ष्य

## ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी सात विकेट पर 89 रन बनाकर की घोषित

एजेंसी

**ब्रिसबेन।** गाबा के मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन बुधवार को ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी 7 विकेट पर 89 रन बनाकर घोषित कर दी। एलेक्स कैरी 22 और मिचेल स्टॉर्क 2 रन बनाकर नाबाद लौटे।



ऑस्ट्रेलिया की कुल बढ़त 274 रनों की हो गई है और अब भारत को यह मैच जीतने के लिए 275 रनों की जरूरत है। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 445 रन बनाए थे। जिसके जवाब में भारत ने अपनी पहली पारी में 260 रन बनाए। इस तरह ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी के आधार पर 185 रन की बढ़त मिली थी। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी की शुरुआत खराब रही और केवल 33 रनों पर उस्मान ख्वाजा (08), मार्नश लाबुशेन (01), नाथन मेकस्विनी (04) मिचेल मॉर्श (02) और स्टीव स्मिथ (04) पवेलियन लौट गए। यहां से ट्रैविस हेड और एलेक्स कैरी ने ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 50 के पार पहुंचाया। 60 के कुल स्कोर पर सिराज ने हेड (17) को आउट कर भारत को छठी सफलता दिलाई। पैट कमिंस ने 10 गेंदों पर 20 रनों की तेज पारी खेली।

85 के कुल स्कोर पर बुमराह ने उन्हें आउट कर ऑस्ट्रेलिया को सातवां झटका दिया। बुमराह का यह ओवर समाप्त होने पर ऑस्ट्रेलिया ने 89 के कुल स्कोर पर अपनी पारी घोषित कर दी। भारत के लिए जसप्रीत बुराह ने 3, मोहम्मद सिराज और आकाशदीप ने 2-2 विकेट लिए। इससे पहले आज पांचवें दिन आज भारत ने अपने कल के स्कोर 252 रन पर 9 विकेट से आगे खेलना शुरु किया।

भारतीय आखिरी जोड़ी आकाशदीप और जसप्रीत बुमराह कल के स्कोर में 8 रन और जोड़े। 260 के कुल स्कोर पर ट्रैविस हेड की गेंद पर आकाशदीप स्टंप आउट हुए। आकाशदीप ने महत्वपूर्ण 31 रन बनाए, वहीं बुमराह 10 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत के लिए केएल राहुल और रवींद्र जडेजा ने भी बेहतरीन अर्धशतकीय पारियां खेलीं। राहुल ने 84 और जडेजा ने 77 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस ने 4, मिचेल स्टॉर्क ने 3, जोश हेजलवुड, नाथन लियोन और ट्रैविस हेड ने 1-1 विकेट लिया।

**ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाए 445 रन, हेड और स्मिथ का शतक इससे पहले ट्रैविस हेड और स्टीव स्मिथ के शतकों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने यहां गाबा के मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच में अपनी पहला पारी में 445 रन बनाए। हेड ने 152 और स्मिथ ने 101 रनों की बेहतरीन शतकीय पारी खेली। इन दोनों के अलावा एलेक्स कैरी ने अरधशतक लगाते हुए 70 रन बनाए। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने 6, मोहम्मद सिराज ने दो और आकाशदीप, नीतीश रेड्डी ने 1-1 विकेट लिए।**

# मैंने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की है और स्वीकार करने में कोई बुराई नहीं

एजेंसी

**ब्रिसबेन।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने ब्रिसबेन में एक और निराशाजनक प्रदर्शन के बाद कहा कि उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की और इसे स्वीकार करने में कोई बुराई नहीं है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट से बाहर रहने के बाद वापसी करने वाले रोहित तीन पारियों में सिर्फ 19 रन बना पाए हैं। रोहित की आलोचना का मूल कारण क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप में उनके घरेलू प्रदर्शन हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की ऐतिहासिक 3-0 की घरेलू सीरीज में वाइटवॉश के दौरान, अपनी चमक खो चुके इस आक्रामक सलामी बल्लेबाज ने तीन टेस्ट मैचों में 15.17 की औसत से सिर्फ 91 रन बनाए।



न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज हारने से पहले भी, जब भारत ने बांग्लादेश का सामना किया था, तो इस तेजतर्रार सलामी बल्लेबाज ने दो टेस्ट मैचों में सिर्फ 42 रन बनाए थे, जबकि उनका औसत सिर्फ 10.50 था। रोहित ने माना कि यह स्वीकार करने में कोई बुराई नहीं है कि उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की है, लेकिन उन्हें लगता है कि उनका शरीर अभी भी अच्छी तरह से चल रहा है, जो दर्शाता है कि रन उनके बल्ले से दूर नहीं हो सकते हैं। रोहित ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ÷मैंने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की है। इसे स्वीकार करने में कोई बुराई नहीं है। लेकिन मुझे पता है कि मेरे दिमाग में क्या है, मैं खुद को कैसे तैयार कर रहा हूं। यह जितना संभव हो उतना समय बिताने के बारे में है। जब तक मेरा दिमाग, शरीर और मेरे पैर अच्छी तरह से चल रहे हैं, मैं इस बात से काफी खुश हूं कि चीजें मेरे लिए कैसे हो रही हैं। ये संख्याएँ बता सकती हैं कि उन्हें बड़े नंबर मिले हुए काफी समय हो गया है, मेरे जैसे व्यक्ति के लिए, यह इस बारे में है कि मैं अपने बारे में कैसा महसूस कर रहा हूँ। मैं अपने बारे में अच्छा महसूस कर रहा हूँ।